आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 31°C | 26°C |

इनसाइड न्यूज

सीएम के जनता दरबाज में पूर्व फौजी ने खाया जहर बिजली के...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस



शुक्रवार 22 अगस्त, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 305 www.janexpresslive.com/epaper

ओवैसी ने की मोदी सरकार की चीन नीति... 12

# अब तुष्टिकरण नहीं, संतुष्टीकरण हैः सीएम

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़/एटा



कल्याण सिंह की चतुर्थ पुण्यतिथि को हिंदू गौरव दिवस के रूप में मनाया गया। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि के अवसर पर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में आयोजित हिंदू गौरव दिवस कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान, उन्होंने समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के पीडीए कार्ड (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि ये पार्टियां जातीयता का जहर फैला रही हैं और इसके लिए देश की संवैधानिक संस्थाओं को भी निशाना बना रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब कोई न्यायाधीश सही फैसला देता है, तो उसे धमकाया जाता है, और अब तो चुनाव आयोग को भी धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ ये दल पीडीए की बात करते हैं, तो दूसरी तरफ वे बांग्लादेशी घुसपैठियों, पाकिस्तानी और रोहिंग्याओं को मतदाता बनाकर भारत के वंचितों और पिछड़ों को मतदान से वंचित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जब इस प्रक्रिया को रोकने के लिए काम किया जाता है, तो ये पार्टियां संसद की कार्यवाही में बाधा डालती हैं।

### योगी बोले, राम जन्मभूमि के लिए बाबूजी ने सरकार का त्याग किया

सीएम योगी आदित्यनाथ ने पूर्व सीएम कल्याण सिंह को नमन करने के साथ अपना संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा, बाबूजी ने अपने आदर्शों की छाप सभी पर छोड़ी है। जब बाबूजी स्वास्थ्य मंत्री रहे, तब स्वास्थ्य सेवाएं कैसी होनी चाहिए, यह करके उन्होंने दिखाया। बाबूजी ने यूपी में कानून का राज स्थापित किया। वे एक दक्ष प्रशासक थे। सीएम ने कहा, बाबूजी जो बोले थे वह आज भी याद है, उन्होंने कहा था कि ढांचा के गिराने की जिम्मेदारी मैं ले रहा हूं। उन्होंने रामभक्तों को नुकसान नहीं होने दिया। राम जन्मभूमि के लिए अपनी सरकार का त्याग कर दिया था। कांग्रेस ने कल्याणजी की सरकार गिरा दी थी। सीएम ने विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, जब इनकी सरकार होती थी, तो त्योहार पर दंगों का ग्रहण लग जाता था। मोदी जी के नेतृत्व में तुष्टीकरण नहीं संतुष्टि करण है। भाजपा ने जो कहा वह करके दिखाया, जम्मू कश्मीर में धारा 370 हटा करके आतंकवाद का खात्मा किया। पहले घोषणाएं बहुत होती थीं, पर अब उसका मूर्त रूप देखने को मिल रहा है। पिछले साढ़े आठ वर्ष में प्रदेश दंगा मुक्त हुआ है। अब तो चुनाव आयोग को भी धमकी दी जा रही है।

### केशव बोले, सपा की साइकिल को उखाड़ फेंकना है

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा, बाबूजी कल्याण सिंह के दिखाए हुए रास्ते पर हमें राजवीर सिंह राजू भैया के साथ चलना है। उनको शत-शत नमन है। डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा, बाबूजी ने सनातन धर्म की पताका को सबसे ऊंचा फहराया है। बाबूजी ने अपनी सीएम की कुर्सी को छोड़कर राम मंदिर की ओर कूच किया था। आज यहां पर मौजूद जनता उनके प्रति सम्मान को दिखाता है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, हम सब संकल्प लेते हैं कि सपा की साइकिल को उखाड़ फेंकना है। बाबूजी को भारत रत्न का सम्मान मिलना चाहिए। अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ होने में देरी नहीं होनी चाहिए। उमा भारती ने कहा, अखिलेश यादव ने कहा कि नाम में क्या रखा है, उनकी मानसिकता ही गुलामी की है, वो नाम का क्या मतलब जाने। नाम की महिमा वही समझेगा जिसकी मानसिकता राष्ट्रीयता की हो।

### यूपी, देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा




योगी ने कहा- अभी हमने 60 हजार 244 पुलिस की भर्ती संपन्न की। यूपी के सभी 75 जिलों के नौजवान भर्ती हुए। लेकिन, 2017 के पहले ये संभव नहीं था। ये वही लोग हैं, जिन्होंने सत्ता में आने के बाद प्रदेश में अराजकता को बढ़ाया, आज उन्हीं की पीड़ा है कि उत्तर प्रदेश कैसे देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। इसी पीड़ा में इनके द्वारा फिर से जातीयता के जहर को घोला जा रहा है। अगर कोई न्यायाधीश सही फैसला देता है तो उसको धौंस दी जाती है। अब तो चुनाव आयोग को भी धमकी दी जा रही है। एक ओर पीडीए की बात करते हैं, तो दूसरी ओर बांग्लादेश के घुसपैठियों, पाकिस्तानी घुसपैठियों, रोहिंग्या को मतदाता बनाकर यहां के वंचितों और पिछड़ों को मतदान से वंचित करते हैं। ऐसा कांग्रेस और सपा ने कुत्सित प्रयास किया।

### सपा परिवार के विकास की बात करता है

योगी ने कहा- अगर गुलामी के अंशों को समाप्त करना है तो अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण हम सबके सामने है। हम सब गौरव की अनुभूति करते हैं। जो लोग आज पीडीए की बात करके समाज की एकता को खंडित करना चाहते हैं, इनसे पूछना चाहिए कि जब प्रदेश में दंगों की आग लगी थी। मेरठ, बरेली, अलीगढ़, मुजफ्फरनगर के दंगों के समय इन लोगों की बोलती पीड़ित हिंदुओं के पक्ष में नहीं होती थी। अकेले भाजपा उनके पक्ष में खड़ी होती थी। पिछले साढ़े आठ साल में प्रदेश दंगा और गुंडागर्दी से मुक्त हुआ है। लेकिन, आज फिर से इस एकता को खंडित करने की बातें परिवार डेवलपमेंट अथॉरिटी द्वारा किया जा रहा है। ये सबके साथ की बात तो करता है, लेकिन परिवार के विकास की बात करता है। इन्होंने चार बार सपा की सरकार बनाकर यही किया है।

### पीएम मोदी के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास हो रहा

योगी ने कहा- याद करिए, बुलंदशहर बाबूजी की कभी विधानसभा हुआ करती थी। वहां बने मेडिकल कॉलेज का नामकरण बाबूजी के नाम पर किया गया। जो आज पीडीए के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं, ये वही लोग हैं जब इनकी सरकार होती थी। गुंडे-माफिया प्रदेश में तांडव मचाते थे। हर त्योहार पर प्रदेश में दंगे का ग्रहण लग जाता था। ये वही लोग हैं, जब उस समय पार्टी बनकर इस हिंदू समाज को त्योहार नहीं मनाने देते थे। कांवड़ यात्रा पर रोक लगाते थे। विजयदशमी और दुर्गा पूजा में अनुष्ठान नहीं होने देते थे। होली और दीपावली में तमाम व्यवधान उत्पन्न करते थे। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में तुष्टिकरण नहीं, सबका साथ-सबका विकास और सबकी संतुष्टिकरण पर काम हो रहा है।

### ये बाबूजी की चौथी पुण्यतिथि हैः योगी

बाबूजी की ये चौथी पुण्यतिथि है। उन्होंने अलीगढ़ के इसी छोटे गांव में किसान परिवार में जन्म लिया। एक शिक्षक और भाजपा के सामान्य कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने अपने आप को भारत की राष्ट्रीयता के लिए समर्पित किया। जिस भी क्षेत्र में बाबूजी को काम करने का अवसर मिला, उन्होंने अपनी छाप छोड़ी।

### योगी के सामने पूर्व गवर्नर कलराज मिश्र नाराज

पूर्व सीएम कल्याण सिंह की चौथी पुण्यतिथि गुरुवार को अलीगढ़ में हिंदू गौरव दिवस के रूप में मनाई गई। लेकिन सीएम योगी की मौजूदगी में पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र नाराज हो गए। दरअसल, कलराज मिश्र भाषण दे रहे थे, तभी मंच संचालक आत्म प्रकाश मिश्र ने उन्हें एक पर्ची थमाई। पर्ची देखकर वे नाराज हो गए। गुस्से में पीछे मुड़कर उन्होंने देखा। पूछा- ये किसने दिया? कल्याण सिंह के साथ जिस तरह से मेरे संबंध रहे हैं, मैं अपने को बोलने से रोक नहीं पाऊंगा। मुझे रोकने के लिए मत सोचना। फिर उन्होंने अपना भाषण पूरा किया।

## सपा और कांग्रेस ने यूपी को तबाह किया

### एटा में योगी बोले, वोट लेकर विपक्ष ने परिवार का विकास किया, सीमेंट फैक्ट्री का किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस। एटा

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार सुबह 11 बजे एटा पहुंचे। मलावन थाना क्षेत्र स्थित निगोह हसनपुर गांव में श्री सीमेंट कंपनी की नई यूनिट का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने सपा और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने कहा- पहले मुगलों ने देश और प्रदेश को लूटा, फिर कांग्रेस-सपा ने यूपी को तबाह किया। विपक्ष ने सबका वोट लिया लेकिन विकास सिर्फ अपने परिवार का किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा- यह वही एटा है, जो एक दशक पहले गुंडागर्दी और माफियाओं के लिए जाना जाता था। लेकिन आज यही एटा बड़ी-बड़ी कंपनियों और निवेश का केंद्र बन चुका है। पहले यहां लोगों की जमीनें तक सुरक्षित नहीं थीं, अब कानून-व्यवस्था की मिसाल बन चुका है।



#### भारत की अर्थव्यवस्था की कहानी

सीएम योगी ने कहा कि भारत 17वीं-18वीं सदी में दुनिया की नंबर-1 अर्थव्यवस्था था। 1947 से 1960 तक छठे स्थान पर रहा, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की नीतियों ने इसे 2014 तक 11वें स्थान पर पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 卐सबका साथ, सबका विकास卐 का मंत्र दिया और आज भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। अगले दो वर्षों में यह तीसरे स्थान पर होगा। दुनिया के सामने भारत का नया गौरवशाली चेहरा उभरेगा। योगी ने कहा कि 2017 में जब उनकी सरकार बनी तो उत्तर प्रदेश देश की सातवीं अर्थव्यवस्था था। आज यूपी दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह तब हुआ जब सत्ता पोषित गुंडों-माफिया पर कार्रवाई हुई, दंगाइयों के खिलाफ कठोर कदम उठे और निवेशकों में विश्वास पैदा हुआ।

#### माफिया का गढ़ अब बना निवेश का केंद्र

सीएम योगी ने कहा कि 8-9 साल पहले एटा की पहचान अपराध और माफिया के गढ़ के रूप में थी। गरीबों की जमीन पर कब्जा होता था, उनकी सुनवाई नहीं होती थी। जब नागरिक की संपत्ति ही सुरक्षित न हो, तब सरकार उसके कल्याण के लिए क्या करेगी? यही स्थिति तब थी। लेकिन आज एटा बेहतरीन कानून व्यवस्था और निवेश की नई पहचान बना है। उन्होंने कहा कि सरकार के स्तर पर जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से 1500 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है और उसके बगल में श्री सीमेंट परिवार ने 750 करोड़ रुपये का नया प्लांट लगाया है। इससे 500 लोगों को प्रत्यक्ष और 3000 से अधिक लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है।

#### रोजगार और व्यापार के नए अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निवेश से सिर्फ सीधे रोजगार ही नहीं, बल्कि ट्रांसपोर्ट, व्यापार और डिस्ट्रीब्यूशन चैनल से जुड़े हजारों लोगों को भी काम का अवसर मिला है। यही है आत्मनिर्भर भारत की नींव, यही है विकसित भारत की आधारशिला। सीएम योगी ने कांग्रेस काल को याद करते हुए कहा कि एक समय ऐसा था जब सीमेंट कंट्रोल से मिलता था। अगर पहुंच है तो एक बोरा मिल जाएगा, वरना चोरी-छिपे खरीदना पड़ता था। घर बनाना मुश्किल था। यही कांग्रेस की नीयत और नीति थी। विकास कैसे होता?

#### 45 लाख करोड़ का निवेश, 60 लाख युवाओं को रोजगार

सीएम ने कहा कि यूपी अब तक 45 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आकर्षित कर चुका है, जिनमें से 15 लाख करोड़ जमीनी धरातल पर उतारे गए हैं। इससे अब तक 60 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि हाल ही में पुलिस बल में 60,244 युवाओं की भर्ती हुई है, जिसमें एटा के भी युवा शामिल हैं। नौकरी बिना भेदभाव, बिना चेहरा देखे, सिर्फ योग्यता के आधार पर दी जा रही है। साथ ही मुख्यमंत्री युवा योजना के तहत 70,000 युवाओं को ब्याज और गारंटी मुक्त ऋण तथा मार्जिन मनी दी गई है ताकि वे अपना उद्यम स्थापित कर सकें।

#### ओडीओपी से एटा की परंपरागत पहचान

सीएम ने कहा कि आज एटा की पहचान न सिर्फ सीमेंट और पावर प्लांट से है, बल्कि अपने परंपरागत उद्यम जलेसर के घंटा और घुंघरू से भी है। देवस्थान की पूजा और संगीत की महफिल, दोनों जलेसर के बिना अधूरी हैं। सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी ने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। इसी कड़ी में यूपी को भी विकसित करना होगा। विधानसभा और विधान परिषद में 24 घंटे लगातार बहस हुई, सेक्टर और थीम तय किए गए। अब विशेषज्ञ हर जिले में जाकर युवाओं को तैयार करेंगे और जनता के सुझावों से रोडमैप बनेगा।

#### सीएम योगी ने प्लांट का किया अवलोकन, परिसर में किया पौधरोपण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एटा में श्री सीमेंट के प्लांट के उद्घाटन से पूर्व पूरे प्लांट की विजिट की। इस दौरान उन्होंने प्लांट में मशीनरी और इसकी कार्यप्रणाली के बारे में भी जानकारी ली। उन्हें साइट मैप के माध्यम से भी पूरे प्लांट के विषय में जानकारी दी गई। इस दौरान सीएम योगी ने प्लांट परिसर में पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी, पूर्व मंत्री विधानपरिषद के सदस्य डॉ. महेंद्र सिंह, विधायक सत्यपाल सिंह राठौर, संजीव कुमार दिवाकर, वीरेंद्र सिंह लोधी, विपिन कुमार डेविड, आशीष यादव, श्री सीमेंट के चेयरमैन हरि मोहन बांगड़ और मैनेजिंग डायरेक्टर नीरज अखौरी उपस्थित रहे।

#### ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र

सीएम ने कहा कि श्री सीमेंट सिर्फ उद्योग नहीं, बल्कि राष्ट्रीय उत्तरदायित्व भी निभा रहा है। अकेले एटा यूनिट ने अब तक 183 शहीद परिवारों को मुफ्त सीमेंट उपलब्ध कराया है। सीएम योगी ने कहा कि जब भारतीय जवानों ने ऑपरेशन सिंदूर में अपने शौर्य और पराक्रम से दुश्मनों के दांत खट्टे कर दिए, तो यह तभी संभव हुआ जब पूरा देश एकजुट खड़ा रहा। श्री सीमेंट का योगदान इसी राष्ट्रीय भावना को मजबूत करता है। उन्होंने बताया कि बुलंदशहर और एटा के बाद, चित्रकूट में श्री सीमेंट ने 40 मेगावाट का ग्रीन एनर्जी प्लांट लगाया है। सरकार ने उन्हें ओपन एक्सेस की सुविधा दी है ताकि वहां बनी बिजली का उपयोग यहीं हो सके। सीएम ने श्री सीमेंट को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार अपनी औद्योगिक नीति के तहत किए गए सभी वायदे समय पर पूरे करेगी। एटा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, चार-लेन कनेक्टिविटी और लोककल्याणकारी योजनाओं के साथ विकास की नई बुलंदियों पर पहुंचेगा।

## उत्तराखंड में कुदरत का कहरः भूस्खलन से जाम यमुनोत्री और गंगोत्री हाईवे, दो की मौत

- भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, उत्तरकाशी में कई जगहों पर फंसे लोग

जन एक्सप्रेस। उत्तराखंड



उत्तराखंड में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण उत्तरकाशी जिले में भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री नेशनल हाईवे कई स्थानों पर मलबा गिरने से बंद हो चुके हैं। प्रशासन मलबा हटाने और ट्रैफिक बहाल करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहा है। गंगोत्री हाईवे धरासू और सोनागाड़ के पास बंद, यमुनोत्री हाईवे कुथनौर और नारदचट्टी पर बाधित उत्तरकाशी पुलिस के अनुसार, गंगोत्री हाईवे धरासू पुराना थान और सोनागाड़ क्षेत्र में बंद हो गया है, जबकि यमुनोत्री हाईवे कुथनौर और नारदचट्टी में मलबा गिरने से अवरुद्ध हो गया है। राहत कार्य लगातार जारी है, लेकिन मौसम की मार के कारण दिक्कतें बनी हुई हैं।

#### 5 अगस्त की आपदा के बाद से इलाके में संकट

धराली में 5 अगस्त को बादल फटने से आई भीषण तबाही के बाद से स्थानीय लोगों का जीवन पूरी तरह से प्रभावित है। प्रशासन और सरकार राहत, बचाव और पुनर्वास के प्रयासों में जुटे हुए हैं। खाद्यान्न, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं को बहाल करने के प्रयास जारी हैं।

#### मुख्यमंत्री धामी ने जताया शोक, दो लोगों की मौत पर संवेदना प्रकट

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी कि डबराणी में गंगोत्री राजमार्ग पर मलबा गिरने की घटना में दो लोगों की दुखद मृत्यु हो गई है। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और शोक संतप्त परिवारों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

#### बादल फटने से धराली में तबाही, सीएम के निर्देश पर रेस्क्यू ऑपरेशन तेज

धराली और हर्षिल क्षेत्रों में बादल फटने के बाद से हालात और भी खराब हो गए हैं। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य खुद स्थिति का जायजा लेने पहुंचे हैं और गंगोत्री हाईवे के क्षतिग्रस्त हिस्सों का निरीक्षण कर रहे हैं।

### जम्मूतवी-कोलकाता रेल ट्रैक पर मंडराया खतरा, टक्कर मार रही गंगा की धारा, बह गया 50 बीघा आम का बाग

जन एक्सप्रेस। बिजनौर

बिजनौर के बालावाली में गंगा की धारा ने बहाव का रुख बदल लिया है। खेतों का कटान कर रही गंगा की धारा अब सीधे जम्मू तवी-कोलकाता रेल ट्रैक पर टक्कर मार रही है। ऐसे में रेल ट्रैक के साथ-साथ बालावाली रेल पुल का गाइडबंध भी खतरे में आ गया है। हालांकि रेलवे का अमला कटान को रोकने की जद्दोजहद में लगा है। बृहस्पतिवार को भी बालावाली रेलवे स्टेशन और रेल पुल के पास गंगा की धारा तेजी से कटान करती रही। ऐसे में रेलवे की ओर से पूरा अमला जेसीबी और अन्य तमाम संसाधन के साथ पुराने रेल पुल के पास मौजूद रहा। रेलवे की ओर से बालावाली में रेल पुल के गाइड बंध को कटान से बचाने के लिए पुराने स्लीपर डाले गए। पुराने स्लीपर के साथ-साथ रेलवे ने पत्थर का पूरा स्टॉक भी तैयार कर रखा है। साथ ही पत्थरों को गंगा की धारा में स्टड के रूप से डालने के लिए तार के



जाल बनाने का काम भी होता रहा। गंगा धारा के मुहाने पर करीब 50 बीघा जमीन में आम का बाग हुआ करता था। बृहस्पतिवार की दोपहर 2ः00 बजे तक इस बाग में केवल 10 से 15 पेड़ ही बचे थे बाकी पूरी जमीन और सैकड़ों पेड़ गंगा की धारा के आगे टिक नहीं पाए और बहते हुए चले गए।



### वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सतीश गोलचा दिल्ली के 26वें पुलिस आयुक्त नियुक्त

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के वरिष्ठ अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली पुलिस का 26वां आयुक्त नियुक्त किया गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक आदेश में गुरुवार को यह जानकारी दी। साल 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी ने एसबीके सिंह का स्थान लिया है। सिंह ने अपने पूर्ववर्ती संजय अरोड़ा की सेवानिवृत्ति के बाद 31 जुलाई को आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार संभाला था। गोलचा वर्तमान में तिहाड़ जेल के महानिदेशक हैं। उन्होंने एक मई, 2024 को यह पदभार ग्रहण किया था। वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी ने विशेष पुलिस आयुक्त (कानून और व्यवस्था), दिल्ली पुलिस में विशेष आयुक्त (खुफिया) और अरुणाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सहित महत्वपूर्ण पदों पर कार्य किया है। उन्होंने दिल्ली पुलिस में पुलिस उपायुक्त और संयुक्त आयुक्त के रूप में भी काम किया है।

## मुजफ्फरनगर में भर्ती रैली आज से

### पहले दिन दौड़ेंगे गौतमबुद्धनगर व शामली के युवा



जन एक्सप्रेस। मुजफ्फरनगर

चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम और नुमाइश ग्राउंड में 22 अगस्त से आठ सितंबर तक अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो रही है। मेरठ आर्मी रिक्रूटमेंट टीम ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस भर्ती में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 13 जिलों के लगभग 17 हजार अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। कर्नल सत्यजीत बेवले ने बताया कि कुल 63 हजार युवाओं ने आवेदन किया था, जिनमें से 17 हजार अभ्यर्थी चयनित हुए हैं। भर्ती में प्रतिदिन लगभग एक हजार अभ्यर्थी दौड़ लगाएंगे। भर्ती के पहले दिन गौतमबुद्धनगर और शामली जनपद के युवा शामिल होंगे। बारिश के मौसम को देखते हुए दौड़ के लिए नुमाइश ग्राउंड में बने पक्के ट्रैक का इस्तेमाल किया जाएगा। कर्नल ने स्पष्ट किया कि आर्मी इंटेलिजेंस और पुलिस की टीम दलालों और नशा कर आने वालों पर कड़ी नजर रखेगी। फर्जी कागजात वालों को सीधे पुलिस के हवाले किया जाएगा। उन्होंने युवाओं को केवल अपनी मेहनत पर विश्वास करने की सलाह दी।

#### इस बार दौड़ को चार ग्रुप में बांटा गया है -

- ग्रुप 1: 5 मिनट 13 सेकंड
- ग्रुप 2: 5 मिनट 16 सेकंड
- ग्रुप 3: 6 मिनट
- ग्रुप 4: 6 मिनट 15 सेकंड
- 6 मिनट 15 सेकंड वाला ग्रुप भी अब चयनित होगा।

22 अगस्त से 5 सितंबर तक दौड़, जबकि 6 से 8 सितंबर तक मेडिकल और अन्य प्रक्रियाएं होंगी। भर्ती में जनरल ड्यूटी, क्लर्क, एसकेटी, टेक्निकल और ट्रेडमैन पदों पर चयन होगा। एक अभ्यर्थी दो कैटेगरी में आवेदन कर सकता है।

#### जिलावार भर्ती शेड्यूल

- **22 अगस्त:** गौतमबुद्धनगर (दादरी, जेवर) और शामली (कैराना, ऊन, शामली)
- **23 अगस्त:** बिजनौर (नगीना, धामपुर, चांदपुर)
- **24 अगस्त:** नजीबाबाद, बागपत (बड़ौत, खेखड़ा)
- **25 अगस्त:** सहारनपुर (बेहट, नकुड़, देवबंद) और बुलंदशहर (खुर्जा)
- **26 अगस्त:** बुलंदशहर (सिकंदराबाद, डिबाई, शिकारपुर, अनूपशहर)
- **27 अगस्त:** स्याना व बुलंदशहर
- **29 अगस्त:** अमरोहा (धनौरा, हसनपुर) और रामपुर
- **30 अगस्त:** मुरादाबाद (बिलारी, ठाकुरद्वारा) और गाजियाबाद (मोदीनगर, लोनी)
- **31 अगस्त:** हापुड़ (गढ़मुक्तेश्वर, धौलाना) और मेरठ (सरधना)
- **01 सितंबर:** मेरठ (मवाना)
- **02 सितंबर:** मुजफ्फरनगर (बुढ़ाना, खतौली, जानसठ)
- **03 सितंबर:** तकनीकी भर्ती (13 जिले)
- **04 सितंबर:** ट्रेडमैन भर्ती (सभी जिले)
- **05 सितंबर:** क्लर्क व एसकेटी भर्ती (सभी जिले)

### घरेलू कनेक्शन दिलाने के नाम पर मांगी रिश्वत, संविदा बिजली कर्मी गिरफ्तार, 55 सौ रुपये बरामद

**मुरादाबाद।** बिजली का घरेलू कनेक्शन दिलाने और मीटर लगाने के नाम पर 5500 रुपये की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो ने संविदा कर्मी को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। मामला मुगलपुरा क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार संविदाकर्मी अंकुश शर्मा उपभोक्ता से कनेक्शन और मीटर लगाने के एवज में 5500 रुपये की मांग कर रहा था। शिकायत मिलने पर एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई करते हुए उसे रंगे हाथ दबोच लिया। इस मामले में मुगलपुरा थाने में संविदाकर्मी अंकुश शर्मा और लिपिक राजीव सैनी के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। लिपिक की तलाश की जा रही है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### इनवर्टर का तार हटाते समय करंट लगने से युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर के मुहल्ला नया पटेल नगर में इनवर्टर के तार हटाते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। कोंच क्षेत्र के ग्राम पचीपुरी निवासी रोहित बाबू मिश्रा 37 वर्ष शहर के मुहल्ला नया पटेल नगर में पत्नी रागिनी व चार वर्षीय पुत्री स्तुति के साथ चंद्र कांति तिवारी पत्नी स्व. प्रेमचंद्र तिवारी के मकान में किराए से रहता था। वह बंधन बैंक में प्राइवेट तौर पर फील्ड का काम करता था। बताया गया कि कुछ दिन पहले ही उसने काम बंद कर दिया था। भाई मोहित ने बताया कि बुधवार की रात आठ बजे के लगभग वह खाना खाने के लिए पत्नी से साथ बैठा ही था कि मकान मालकिन चंद्रकांति तिवारी ने उसे आवाज दी कि उसका इन्वर्टर काम नहीं कर रहा है जरा इसे देख ले।इसके बाद रोहित ने जैसे ही इन्वर्टर का प्लग हटाया उसकी केबल में कट होने के कारण उसे तेज करंट लग गया। जब बेटी स्तुति कमरे में गई तो पिता को बेहोश देख वह चीखने लगी। जिसकी चीख सुनकर पत्नी व अन्य मुहल्ले के लोग मौके पर पहुंच गए और उन्होंने उसे तत्काल उठाकर इलाज के लिए मेडिकल कालेज पहुंचाया। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया और उन्होंने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### भाकियू के जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** भारतीय किसान यूनियन के जिला कार्यालय का गुरुवार को फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिला मुख्यालय के गणेश बाग स्थित सिद्धपुर रोड में भारतीय किसान यूनियन के कार्यालय का मंडल उपाध्यक्ष छेदीलाल सिंह ने फीता काटकर उदघाटन किया। साथ ही पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की गई। इस दौरान कार्यालय में किसानों की समस्याओं के लिए शिकायत पेटिका बनाई गई। जिसमें किसान अपनी शिकायतें एवं सुझाव की जानकारी पत्र के माध्यम से दे सकते है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राम सिंह राही, सदर तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह, अवधेश सिंह पटेल, अजय सिंह, विनय सिंह, सिद्धार्थ विक्रम सिंह, डुप्ले पटेल, श्रीराम कुशवाहा, तीरथ सिंह, तोषेंद्र सिंह, विनय त्रिपाठी, नरेश सिंह, अजीत शुक्ला, साधो प्रसाद, कुलदीप पटेल, रामशरण राजपूत, विजय त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### करंट लगने से भैंस की मौत

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** राजापुर तहसील क्षेत्र अंतर्गत चिल्लीमल गांव के मुख्य सड़क पर ग्यारह हजार विद्युत लाइन टूटी होने के कारण गुरुवार को दोपहर मे करंट लगने से भैंस की मौत हो गई है। मजदूर परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है। स्थानीय लोगों ने इस घटना का जिम्मेदार बिजली विभाग को बताकर प्रशासन से कार्यवाही की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्लीमल निवासी रामनारायण पुत्र ननकू प्रजापति अपनी भैंस चराने जा रहा था। गांव की मुख्य सड़क पर रामरतन वर्मा के घर के पास विद्युत तार टूटी होने के चलते वहां से गुजर रही भैंस करंट की चपेट में आ गई, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

# मानक के मुताबिक ब्रेकर बनाकर सड़क हादसों में भारी कमी लाई जा सकती है

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर**




मानक के मुताबिक ब्रेकर बनाकर हादसों में कमी लाई जा सकती है। ये बात जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की जरुरी बैठक में बोलते हुये कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम मीटिंग हाल में कहीं। बैठक में जिलाधिकारी ने जनवरी से जुलाई तक सड़क हादसों में मरने वालों और जख्मी हुये लोगों की तादाद, हादसों की वजह और उनमें कमी लाये जाने के लिये तरीकों पर गौर किया गया, साथ ही रोड एक्सीडेंट में जख्मी हुये लोगों के कैशलेश इलाज के बारे में भारत सरकार की योजना 2025 लागू करने के साथ ही जिले में ब्लैक स्पॉट पर किये गये सुधारों की समीक्षा की गयी। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों की जानकारी के लिये आम लोगों के साथ ही स्कूलों में भी इसकी पब्लिसिटी कराये जाने के साथ ही,बिना हैल्मेट वाले दो पहिया चालकों को फ्यूल देने पर रोक लगाने के साथ ही सुमेरपुर तिराहे को चौड़ा करने करने के साथ ही, सड़क सुरक्षा के मानकों को पूरा कराने के काम, रोड एक्सीडेंट राहत और हिट एण्ड रन कमेटी, खनन परिवहन के साथ ही ओवरलोडिंग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ कार्यवाही, ई-रिक्शा वेरिफिकेशन अभियान, सड़क दुघर्टना में जख्मी व्यक्ति को मैडिकल सहूलियत और अपनी मर्जी से की गई मदद की जानकारी ली गयी। बैठक में जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने सख्त हिदायत देते हुये कहा कि ब्लैट स्पॉट और दुर्घटना बाहुल्य जगहों पर फिक्स मानक के मुताबिक ऐसे ब्रेकर बनाये जाये, जो वाहनों की स्पीड पर कंट्रोल कर सकें। साथ ही कहा कि, अगर नियम के मुताबिक ब्रेकर बनाये जाये तो, सड़क हादसों में काफी कमी आ सकती है। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता पीडब्लूडी को हिदायत देते हुये कहा कि जिले की सभी सड़कों के पैच की मरम्मत के साथ ही गड्ढों के भरने का काम जल्द ही शुरू कराया जाय। जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी फाईनेन्स रेवेन्यू को इस उम्मीद से हिदायत दी, कि वो मेन्टीनेंस कराई गयी सभी सड़कों की लिस्ट लेने के साथ ही वख्त पर उसकी जॉच कर रिपोर्ट उपलब्ध करायें। साथ ही कहा कि सड़क दुर्घटना में जख्मी हुये लोगों को कैशलेस इलाज के बारे में भारत सरकार ने अधिसूचित योजना 2025 शुरू की गई है, इस योजना के तहत सड़क हादसों के पीड़ितो को एक्सीडेंट की तारीख से ज्यादा से ज्यादा 7 दिनों के अन्दर 1 लाख 50 हजार तक कैशलेस इलाज की सहूलियत मुहय्या कराये जाने का नियम है। साथ ही कहा कि रोड एक्सीडेंट से पीड़ित सभी को इस योजना के तहत फायदा दिया जा सकता है।

बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अभिताभ राय, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण दृगपाल सिंह, अवर अभियन्ता लोक निर्माण शाजिद अंसारी, प्रतिनिधि एआरएम रोडवेज अनुराग मिश्रा, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद हमीरपुर हेमराज, यातायात क्षेत्राधिकारी शाहरूख खॉन सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम और एसपी ने किया नवनिर्मित बाल सम्प्रेक्षण गृह और डाक बंगले का निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने गुरुवार को नवनिर्मित बाल संप्रेषण गृह एवं डाक बंगला का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा शेष बचे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

नवनिर्मित बाल संप्रेक्षण गृह के निरीक्षण के दौरान डीएम-एसपी ने पाया कि संप्रेक्षण गृह का निर्माण पूर्व कार्यदाई संस्था उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड (यूपीआरएनएसस) द्वारा कराया गया था, जो निर्माण कार्य को अधूरा छोड़कर चली गई। इस पर डीएम ने गठित समिति की संस्तुति के आधार पर कार्यदाई संस्था आवास विकास बांदा को निर्माण कार्य का मूल्यांकन कर आगणन रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश दिए। साथ ही संप्रेक्षण गृह के अधूरे पड़े कार्य को पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके बाद डीएम-एसपी ने कार्यदाई संस्था लोक निर्माण विभाग भवन खंड बांदा द्वारा निर्मित नवीन डाक बंगला का निरीक्षण किया। यहां निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि फर्नीचर व अन्य शेष बचे कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराएं। कहा कि फर्नीचर, गद्दे, ऐसी आदि सभी उच्च गुणावत्ता के चाहिए। गुणवत्ता में किसी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। साथ ही कार्य दाई संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य से सम्बन्धित शेष बचे कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण कराकर हैंड ओवर कराएं।

# डीएम ने किया बघौरा कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण

- शिक्षा की गुणवत्ता का लिया जायजा, भोजन व्यवस्था देखी और उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिए

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार प्रातःकाल उच्च प्राथमिक बघौरा कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। कक्षा 1 में पहुँचकर उन्होंने बच्चों से आत्मीय संवाद किया और राष्ट्रभक्ति का संदेश देते हुए कहा– ÷बोलो मेरे साथ, नन्हा मुन्ना राही हूँ, देश का सिपाही हूँ, जय हिंद, जय हिंद।÷ बच्चों ने भी पूरे उत्साह से जिलाधिकारी के साथ नारे लगाए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने कक्षा 1 से 8 तक की सभी कक्षाओं का भ्रमण किया और शिक्षा की गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाया और बच्चों को भी लिखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान गणित के पहाड़े, इतिहास एवं विज्ञान विषय से संबंधित जानकारी की स्थिति का आकलन किया।जिलाधिकारी ने विद्यालय में बन रहे मध्याह्न भोजन की व्यवस्था भी देखी और रसोइयों से बातचीत कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, विद्यालय में उपस्थिति अपेक्षाकृत कम होने पर उन्होंने शिक्षकों को निर्देशित किया कि अभिभावकों को प्रेरित कर बच्चों की सत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।

### वाहन ने लूना बाइक में मारी टक्कर, चालक की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन ने लूना बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में लूना चालक अधेड़ की मौत हो गई।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सरावन निवासी गोविंद 55 वर्ष सब्जी बेचने का काम करता था। बताया गया कि रोजाना की तरह वह गुरुवार की सुबह भी लूना बाइक से जालौन सब्जी मंडी जा रहा था। जैसे ही उसकी बाइक लोना गांव के श्रमदान के पास पहुंची। तभी उसे किसी अज्ञात वाहन ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे वह सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान वहां से निकल रहे अन्य वाहन चालकों ने जब उसे सड़क किनारे लहूलुहान हालत में पड़ा देखा तो तुरंत पुलिस व उसके पुत्रों को सूचना दी। सूचना के बाद पुत्र चंद्रभान, जितेंद्र, सत्येंद्र मौके पर पहुंचे और उन्हें इलाज के लिए पुलिस की मदद से सीएचसी ले गए। जहां पर जांच पड़ताल के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जैसे ही मौत की खबर परिजनों को लगी तो उनमें कोहराम मच गया।

# साइबर टीम ने गुम हुए दो लाख कीमत के स्मार्ट फोन किए बरामद

**जन एक्सप्रेस । माधौगढ़**



अलग-अलग जगह में 6 माह से गुम हुए मोबाइल फोन को गुरूवार दोपहर सीओ व कोतवाल ने उनके मालिकों को वितरित किए। फोन मिलते ही फोन मालिकों के चहरे खिल गए। स्मार्ट फोनों की कीमत लगभग दो लाख रुपए बताई गई है।

माधौगढ कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्र के 12 लोगों के मोबाइल फोन गुम हो गए थे। फोन मालिको ने कोतवाली में शिकायत देकर फोन वापिस दिलाने की गुहार लगाई थी।साइबर टीम उपनिरीक्षक आजिद खान, साइबर प्रभारी अंकुर भाटी, कम्प्यूटर आपरेटर इरशाद खान ने खोए गए मोबाइल फोन को बरामद किया। इसके बाद मोबाइल स्वामी सुरपतिपुरा निवासी आशुतोष सिंह, बंगरा निवासी अनुपम सिंह, माधौगढ़ निवासी शिवम पचौरी, हरौली निवासी सतेन्द्र सिंह फौजी, उरई निवासी आलोक खरे, माधौगढ़ निवासी राघवेन्द्र सिंह, डिकौली निवासी सुनील सिंह, माधौगढ़ निवासी मुहम्मद हसन को गुरूवार दोपहर कोतवाली परिसर में बुलाया गया। जहां सीओ अम्बुज यादव व कोतवाल विकेश बाबू की मौजूदगी में मोबाइल वितरित किए गए। इस दौरान दरोगा दिनेश कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## जिलाध्यक्ष की अगुवाई में विश्व हिन्दू परिषद का स्थापना दिवस सम्पन्न



**जन एक्सप्रेस । बांदा**

दिनांक 21अगस्त को जिले के प्रखंड बबेरू के खंड मकाज़ में स्थापना दिवस कायज्र्क्रम मनाया गया।विश्व हिन्दू परिषद के जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में कायज्र्क्रम संपन्न हुआ।मुख्य वक्ता के रूप चित्रकूट धाम विभाग के विभाग बल उपासना प्रमुख अंकित पांडेय मंच पर उपस्थित रहे आरएसएस खंड बौद्धिक प्रमुख डा श्र शिवाकांत भाई साहब,जिला सयोजक केपी प्रजापति जी,खंड अध्यक्ष बबलू सिंह,आर पी प्रजापति,कायज्र्क्रम में उपस्थित रहे खंड अध्यक्ष बबलू सिंह,महेश,उपाध्यक्ष अभय सिंह,खंड मंत्री अनुज,खंड गौरक्षा प्रमुख सूरज, सूरज सिंह,नीरज शुक्ला,राहुल निषाद,अरुण निषाद,जयप्रकाश गुप्ता,संदीप सिंह,पुष्पेंद्र यादव, विकाश सिंह,बच्चा तिवारी,रूपम शमाज़,अखिल सिंह,मौसम साहू,अभय,मधुसूदन तिवारी,बनारस तिवारी,गुलशन शमाज़,शिवम शमाज़, दीपांशु वमाज़,विनय धुरिया,मनोज बाल्मिक आदि मौजूद रहे।कायज़्क्रम का संचालन जिला मंत्री दीपू दीक्षित के द्वारा किया गया।

# पत्रकार पुत्र अनुराग त्रिपाठी मध्य प्रदेश सरकार के सांस्कृतिक मंत्री से सम्मानित

**जन एक्सप्रेस । बांदा**




सदगुरू संकल्प संस्कृत वेद विद्यापीठ के छात्रों ने संस्कृत गौरव दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की। विदित हो कि दिनांक 18 अगस्त 2025 को विभिन्न प्रतियोगिताएँ सम्पन्न हुई थीं जिसमें बांदा जनपद के एक दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार कुलदीप त्रिपाठी के पुत्र अनुराग त्रिपाठी(उम्र11वषज़)को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था।आज आयोजित मुख्य समारोह में विजयी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।आपको बता दें कि अनुराग त्रिपाठी कक्षा 6 तक सरस्वती ज्ञान गंगा मंदिर गणेश कालोनी बांदा में विद्या अध्ययन किया इसके उपरांत वतज़्मान समय में सदगुरु संकल्प संस्कृत वेद विद्यापीठ आनंदपुर में विद्या अध्ययन कर रहे हैं। अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि आज जो मुझे सम्मान प्राप्त हुआ वह मेरे पिता व गुरुजनों का आशीवाज़्द है जो कि मुझे पढ़ा लिखाकर इस काबिल बनाया की आज जनपद में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ मै अपने गुरु जी का सदैव आभारी रहूंगा।कायज़्क्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के संस्कृति मंत्री धमेज़्द्र सिंह लोधी एवं विधायक मुकेश टंडन रहे।उनके करकमलों से विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।गीत गायन प्रतियोगिता में अनुराग त्रिपाठी एवं रामबदन गौतम विजेता रहे। संवाद प्रतियोगिता में आशीष मिश्र एवं सुधाकर ने श्रेष्ठता अजिज़्त की।

इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य नागरिकों ने छात्रों की प्रतिभा की मुक्त कंठ से प्रशंसा की।

विद्यापीठ परिवार ने इसे आचायोज़् के मागज़्दशज़्न और छात्रों के परिश्रम का परिणाम बताते हुए विजेताओं को शुभकामनाएँ प्रदान कीं।संस्कृत गौरव दिवस ने एक बार फिर यह सिद्ध किया कि संस्कृत भारतीय संस्कृति की आत्मा है।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी सड़कों को दुरुस्त कर दोषियों पर की जाए कार्यवाही : अमित

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को भ्रष्टाचार सहित अन्य मुद्दों को लेकर तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। इस दौरान सभा का आयोजन किया गया तथा मांगों से सम्बन्धित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

आयोजित सभा में भाकपा के जिला सचिव का. अमित यादव ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार, मंहगाई, बेईमानी, दलाली, बेरोजगारी, वोट चोरी और अपराध चरम सीमा पर पहुंच गया है। जिले के गांवों की ज्यादातर सड़कें खराब हैं, महुंटा रुपौली, बंशीपुर, गढ़ीघाट, पहरा आदि तमाम मजरों की रोड़ व रास्तों की शिकायत के बावजूद उनकी मरम्मत का कार्य नहीं किया जा रहा है तथा किसानों की बिजली व खाद की समस्याओं का भी निराकरण नहीं हो रहा है। मांग की कि किसान सम्मान निधि की किश्तों को किसानों द्वारा लिए गए ऋण (केसीसी) में समायोजित करने पर बैंक शाखा प्रबंधकों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जाएं। साथ ही गांवों में कराए गए तमाम कार्यों की जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएं। इस दौरान समस्याओं से सम्बन्धित एक ज्ञापन भी नायब तहसीलदार को सौंपा गया।

इस मौके पर का. रविकरण, शिवनरेश सिंह, रामबरन, भोला, दिनेश, धर्मेंद्र, इंद्रपाल, राम रुचि, लवकुश, लक्ष्मी, राम सुहावन, गोलू, अतुल, अवधेश, अमर सिंह, वीरेन्द्र, शिवसागर, नरवद, विनय, नीरज, मिथिलेश, रामनरेश मिश्रा, राजधर विश्वकर्मा, हनुमान, कल्लू, महेंद्र, लवलेश, शिवकरण, दिलीप आदि मौजूद रहे।

# 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत डीएम व एसपी ने किया हरिशंकरी पौधरोपण

**जन एक्सप्रेस । उरई**

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में गुरुवार को ÷एक पेड़ मां के नाम÷ अभियान बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। ग्राम रंगोली में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने हरिशंकरी पौधा रोपित किए।

डीएम ने कहा कि हरिशंकरी पौधा जीवन के तीन मूल स्तंभों–पीपल, बरगद और पाकड़ का प्रतीक है। यह न केवल पर्यावरण को संजीवनी देता है बल्कि भावी पीढ़ियों को स्वच्छ व स्वस्थ वातावरण भी प्रदान करता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माता के नाम पर एक पौधा अवश्य लगाए। एसपी ने कहा कि यह अभियान मातृ सम्मान और प्रकृति संरक्षण दोनों का अद्भुत संगम है। पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष का रूप देना हम सबकी जिम्मेदारी है। बताते चलें कि संपूर्ण जिले में लगभग 10 हजार स्थलों पर हरिशंकरी पौधों का रोपण किया गया। जिले की सभी 574 ग्राम पंचायतों, नगर निकायों के वार्डों और गौशालाओं सहित विभिन्न



सार्वजनिक स्थलों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कर इस अभियान को जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रभारी वनाधिकारी प्रदीप कुमार यादव, ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सचिव आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मासिक बैठक सम्पन्न

## 1 सितंबर को हमारा विद्यालय- हमारा स्वाभिमान के तहत शिक्षक व विद्यार्थी लेंगे पांच संकल्पों की शपथ

**जन एक्सप्रेस । उरई/जालौन**

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक एवं नगर इकाई जालौन की मासिक बैठक नवीन सीनियर बालिका कंपोजिट विद्यालय जालौन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश रजक ने की व संचालन ब्लॉक महामंत्री अभिषेक पुरवार ने किया। प्रदेशीय मीडिया प्रमुख बृजेश श्रीवास्तव ने बताया कि अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वाधान में आगामी 1 सितंबर को एक विशाल राष्ट्रव्यापी संकल्प अभियान हमारा विद्यालय-हमारा स्वाभिमान चलाया जाएगा। इस दिन देश भर में 5 लाख से अधिक विद्यालयों में एक साथ शिक्षकगण और छात्रगण पाँच संकल्पों की शपथ लेंगे, जिनका उद्देश्य विद्यालय को गर्व का स्थान मानना तथा नैतिक शिक्षा और न सेवा भावना को अपनाना, राष्ट्र के प्रति कर्तव्यों का निर्वहन करना व छात्रों के समग्र विकास के लिए समर्पित होना होगा। जिला महामंत्री इलियास मंसूरी ने पंच संकल्प अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक सरकारी, सहायता प्राप्त व निजी विद्यालयों में सम्पर्क कर कार्यक्रम का उद्देश्य व रूपरेखा बताकर अभियान में सहभागी बनने हेतु प्रेरित करने पर बल दिया। ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश रजक ने सदस्यता अभियान को सफल बनाने हेतु प्रत्येक विद्यालय में संपर्क कर सदस्य बनाने व संकल्प अभियान में सहभागी बनाने की अपील की। ब्लॉक महामंत्री अभिषेक पुरवार ने



स्थानान्तरण से आए शिक्षकों को संगठन से जोड़ने एवं उनकी समस्याओं को निस्तारित कराने पर जोर दिया। नगर अध्यक्ष हिमांशु पुरवार ने नगर के शिक्षकों की समस्याओं पर विस्तृत चर्चा कर समस्याओं के निराकरण कराने की मांग की। बैठक में उपस्थित शिक्षकों द्वारा विद्यालय युगमन सहित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया गया। जिनका निस्तारण कराने का आश्वासन संगठन द्वारा दिया गया। अंतः जनपदीय स्थानांतरण से ब्लॉक जालौन में आए हुए ब्लॉक महामंत्री माधौगढ़ कपिल द्विवेदी एवं प्रधानाध्यापक मुहम्मद जब्बार सिद्दीकी का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में कल्पना वाजपेई, देवीचरण प्रजापति, ईश्हाक मुहम्मद, कृष्ण गोपाल, पवन प्रजापति, राजेश सक्सेना, आलोक गुप्ता, अनुराग याज्ञिक, रीनू पाल, मयंका गोविल, कृष्ण कुमार, शैलेन्द्र कुमार, रंजना श्रीवास्तव, जावेद अहमद, सचिन गुप्ता, नितेंद्र कुशवाह, लोकेश पांडे, मुहम्मद खालिद आदि शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

# लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शुक्रवार, 22 अगस्त, 2025






**पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति से की बातचीत...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बातचीत की है। दोनों देशों के राष्ट्रध्यक्षों के बीच ये बातचीत कुछ देर पहले ही हुई है। वहीं इस बातचीत की जानकारी साझा करते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट... पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम के जनता दरबाज में पूर्व फौजी ने खाया जहर

## बिजली के लिए काटे मंत्री-अधिकारी के चक्कर, बीजेपी एमएलए पर गंभीर आरोप



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

लखनऊ में सीएम जनता दरबार में जहरीला पदार्थ खाने वाले रिटायर्ड फौजी अपने घर की बिजली जुड़वाने के लिए मंत्री और अधिकारियों के चक्कर काट रहे थे। घर में लाइट न होने से परिवार को पानी की भी परेशानी हो रही थी। जनरेटर चलाकर घर में लाइट की व्यवस्था की जा रही थी। परिजनों ने लोनी विधायक के दबाव में आकर अधिकारियों पर काम ना करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक ने आरोपी को गलत बताया है।

### मेरठ बिजली विभाग के एमडी तक की थी शिकायत

अतुल ने बताया कि बिजली विभाग के एसीई समेत कई अधिकारियों से मिले थे। उन्हें अपनी समस्याओं के बारे में अवगत कराया था। अधिकारियों ने उनसे कागज पूरे करने के लिए कहा। उन्होंने जरूरत के हिसाब से कागज भी पूरे किए। लेकिन फिर भी बिजली नहीं जोड़ी। इसके बाद उन्होंने मेरठ बिजली विभाग के एमडी कार्यालय में भी शिकायत की थी। वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई। लोनी के अधिकारियों ने उन्हें गलत जानकारी दी। इसके बाद वह मंत्री सोमेंद्र तोमर से भी मिले। उन्होंने भी कार्रवाई का आश्वासन दिया। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

### लोनी विधायक ने जारी किया ऑडियो बयान

लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर का ऑडियो बयान जारी हुआ है। जिसमें उन्होंने बताया कि इस मामले से उनका कोई लेना-देना नहीं है। जो व्यक्ति आरोप लगा रहा है उसे पर कई मुकदमे दर्ज हैं। जिस व्यक्ति ने आरोप लगाया है उसका भाई भी उनसे मदद मांग रहा है। लेकिन उनके भाई से न्यायालय या पुलिस अधिकारियों के पास जाने की बात कही है। विधायक ने बताया कि इस मामले में अगर उनका जरा भी रोल नजर आया तो वह राजनीति छोड़ देंगे।

### 10 अगस्त को काटी गई घर की बिजली

रिटायर्ड फौजी सत्यवीर गुर्जर के बेटे अतुल ने बताया कि 10 अगस्त को उनके घर की बिजली काट दी गई थी। करीब 20 साल से उनके घर में बिजली का कनेक्शन है। बिजली के अधिकारियों ने यह कहकर कनेक्शन काट दिया कि उनका फर्द में नाम नहीं है। इसके बाद परिवार के लोगों ने वह सभी कागज बनवा जिससे लाइट जोड़ी जा सके।

# बाल वाटिका के बच्चों की शिक्षण सामग्री के लिए 53 करोड़ स्वीकृत



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में पहले से चल रहे को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र व नई शुरू हुई बालवाटिका के बच्चों को पठन-पाठन से जुड़ी पर्याप्त शिक्षण सामग्री मिलेगी। शिक्षा मंत्रालय के प्रोजेक्ट अप्रूवल बोर्ड (पीएबी) ने 53074 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र व बालवाटिका के लिए 53 करोड़ स्वीकृत किए हैं। इसके तहत बच्चों के प्रयोग के लिए कलर पेंसिल, एचबी पेंसिल, शार्पनर, इरेजर, कलर्ड चॉक, हिंदी वर्णमाला, अंग्रेजी अल्फाबेट आदि लिया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से इन केंद्रों के लिए 52 सप्ताह का गतिविधि कैलेंडर जारी करते हुए तीन से छह साल के बच्चों को पढ़ाई के निर्देश दिए हैं। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा की ओर से सभी बीएसए को निर्देश दिया गया है कि एआरपी, एसआरजी व डायट मेंटर अपने निर्धारित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण में इसको लागू करेंगे। वहीं शिक्षण सामग्री खरीदने के लिए विद्यालय प्रबंध समिति की अध्यक्षता वाली कमेटी होगी। वहीं जिला समन्वयक प्रशिक्षण की ओर से इसका अनुश्रवण भी किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि नोडल शिक्षक संकुल विद्यालय परिसर के आंगनबाड़ी केंद्रों व बालवाटिका का बेहतर संचालन सुनिश्चित कराएंगे।

### बच्चों की पूरी यूनिफॉर्म में लगेगी फोटो

महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि विद्यालयों में पूरी यूनिफॉर्म में सबसे अधिक उपस्थित रहने वाले छात्र का एक पूर्ण यूनिफॉर्म में फोटो फ्लेक्स पर प्रिंट कराकर कक्षा के बाहर लगाया जाना सुनिश्चित कराएं। इससे संबंधित व्यय विद्यालय की कंपोजिट ग्रांट से वहन किया जाएगा। इससे अन्य बच्चे भी यूनिफार्म में आने के लिए प्रेरित होंगे।

### 23 को मनाया जाएगा राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

प्रदेश के सभी परिषदीय विद्यालयों में 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया जाएगा। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को निर्देश दिया है कि इसका उद्देश्य बच्चों को अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बारे में जागरूक करना है। इस दिन विशेष सभा, प्रदर्शनी, कार्यशाला व वैज्ञानिकों से संवाद भी आयोजित किया जाए। उन्होंने कहा है कि एनसीईआरटी की ओर से इसके लिए ऑनलाइन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई है।

# बच्चों के भविष्य की हिफ़ाज़त, समाज को स्वास्थ्य की सौग़ात

- दशमेश पब्लिक स्कूल आलमबाग में लगेगा निशुल्क मेडिकल शिविर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

माँ-बाप की सबसे अनमोल दौलत उनका बच्चा होता है। लेकिन सोचिए–अगर बच्चा ही बीमार पड़ जाए, तो उस दौलत की चमक कितनी फीकी पड़ जाती है! यही चिंता आज हर अभिभावक के दिल में छिपी होती है। इसी पीड़ा को दूर करने और बच्चों की मुस्कान को हमेशा सलामत रखने के लिए दशमेश पब्लिक स्कूल, आलमबाग ने कदम बढ़ाया है। 22 अगस्त, शुक्रवार को यहां सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित होने जा रहा है। यह शिविर सिर्फ़ जांच का मौका नहीं, बल्कि बच्चों के सुरक्षित कल की गारंटी है।

### शिविर में क्या होगा खास?

- बच्चों का सम्पूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण
- अभिभावकों को मिलेगा विशेषज्ञ परामर्श
- बीमारी की समय रहते पहचान और उपचार की दिशा
- स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का मार्गदर्शन

टी.एस. मिश्रा मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल के अनुभवी डॉक्टरों की टीम इस शिविर में मौजूद रहेगी, जो बच्चों और अभिभावकों को स्वास्थ्य का भरोसा देने आएगी।

### विद्यालय प्रबंधन की साफ़ बात

अगर शरीर स्वस्थ नहीं, तो सपनों की ऊँचाइयाँ अधूरी रह जाती हैं। यह शिविर हर बच्चे के उज्वल भविष्य की नींव है।

### विशेष अपील

यह शिविर उन परिवारों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जो समय पर डॉक्टर तक नहीं पहुँच पाते। सोचिए ज़रा—क्या आप अपने बच्चे को इस सुनहरे मौके से वंचित रख सकते हैं? स्वास्थ्य ही असली संपत्ति है, बाकी सब उसके बाद।

# प्रोजेक्ट प्रवीण: मिशन निदेशक की पहल

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

मिशन निदेशक पुलकित खरे की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट प्रवीण के अंतर्गत वर्चुअल बैठक आयोजित की गई, जिसमें सेक्टर स्किल काउंसिल के सीईओ एवं उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का उद्देश्य वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को नियमित शिक्षा के साथ कौशल प्रशिक्षण उपलब्ध कराना था। यह प्रशिक्षण छात्रों की रुचि एवं जिलाधिकारी द्वारा सुझाए गए सेक्टर और कोर्स के अनुरूप होगा।बैठक में मिशन निदेशक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप छात्रों को 210 घंटे के कोर्स के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# पितृपक्ष के दृष्टिगत वाराणसी से गया के लिए विशेष बस सेवा

- श्रद्धालुओं को मिलेगी आरामदायक और सुखद यात्रा – दयाशंकर

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश सरकार ने पितृपक्ष के दौरान पिण्डदान एवं तर्पण के लिए गया, बिहार जाने वाले श्रद्धालुओं के सुविधा के दृष्टिगत विशेष परिवहन सेवा शुरू की गई है। अंतरराज्यीय बस संचालन के तहत सारनाथ, वाराणसी से बोधगया बिहार के लिए बस सेवा संचालित होगी। लखनऊ से मुजफ्फपुर के लिए एवं मेरठ से सोनीपत हरियाणा के लिए भी बसों का संचालन शुरू किया गया है। यह बसें सप्ताह में सातों दिन चलेगी। इन बसों में यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा गया है। आरामदायक सीटें और दूसरी सुविधाएं भी मिलेगी। परिवहन मंत्री दयायशंकर सिंह ने बताया कि उक्त बस सेवा पितृपक्ष में जाने वाले श्रद्धालुओं के दृष्टिगत शुरू की गई है। इससे गया जाकर पिण्डदान करने वाले श्रद्धालुओं को काफी सहूलियत होगी। वाराणसी कैंट से संचालित बस चन्दौली-सासाराम-औरंगाबाद-शेरघाटी-गया बिहार तक के लिए संचालित होगी। इस रूट के यात्रियों को इसका सीधा लाभ होगा। वाराणसी स्टेशन से रात्रि 8 बजे चलकर उक्त बस गया बिहार 4 बजे पहुंचेगी। उक्त बस का किराया वाराणसी से बिहार तक 465 रूपये निर्धारित किया गया है। लखनऊ आलमबाग बस टर्मिनल से मुजफ्फरपुर का किराया 862 रूपये निर्धारित किया गया है। यह बस सेवा लखनऊ से रात्रि 2 बजे चलकर बाराबंकी, अयोध्या, गोरखपुर, तुमकुही, गोपालगंज होते हुए अगले दिन सुबह 4 बजे मुजफ्फरपुर पहुंचेगी। मेरठ से सोनीपत के लिए चलने वाली बसें दिन में 3 फेरे लगाएंगी। बस बड़ौत डिपों से सुबह 6:30 बजे, 10:50 बजे एवं 15:50 बजें चलकर सोनीपत जाएगी। यात्रियों को आवागमन में आ रही परेशानियों को देखते हुए यूपी राज्य सड़क परिवहन निगम ने सोनीपत हरियाणा के लिए बस संचालन शुरू करने का निर्णय लिया है। परिवहन मंत्री ने बताया कि उक्त बस संचालन से प्राइवेट व्हीकल पर श्रद्धालुओं की निर्भरता कम होगी, जो कि उनके खर्च और समय को भी बचाएगी। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पितृपक्ष में गया जाते है। उनकी सुविधा को देखते हुए परिवहन निगम ने मंथन किया कि यूपी से बिहार को जोड़ते हुए बस संचालन किया जाए। सब कुछ ठीक रहा तो उक्त बस संचालन को नियमित करने पर विचार किया जाएगा। प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा देने का प्रयास कर रही है।

# एनबीएफजीआर ने लिया मत्स्यपालन और पशुपालन में रोगाणुरोधी प्रतिरोध की समीक्षा बैठक में भाग

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

एनबीएफजीआर ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के डीजी और केंद्रीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. मंगी लाल जाट के अध्यक्षता में मत्स्यपालन, पशुपालन में रोगाणुरोधी प्रतिरोध पर अखिल भारतीय नेटवर्क परियोजना एआईएनपी-एएमआर की समीक्षा बैठक में भाग लियाढ्ढ बैठक नई दिल्ली के एनएएससी कॉम्प्लेक्स में 20-21 अगस्त को हुई जिसमे भाकृअनुप के उप महानिदेशक मत्स्य विज्ञान डॉ. जेके जेना, उप महानिदेशक पशु विज्ञान डॉ. राघवेंद्र भट्ट और आईसीएआर एनबीएफजीआर लखनऊ के निदेशक डॉ. काजल चक्रवर्ती उपस्थित थे। भारत में एफएओ के प्रतिनिधि ताकायूकी हागीवारा बैठक में मुख्य अतिथि थे। डॉ. चक्रबर्ती ने अतिथियों का स्वागत करते हुए परियोजना की ताकत और अवसरों का सिंहावलोकन प्रस्तुत किया। डॉ. जेना ने इस परियोजना की शुरुआत पर प्रकाश डाला और बहु-विषयक कार्यक्रम में एफएओ के बौद्धिक समर्थन को स्वीकार किया। डॉ. भट्ट ने खाद्य उत्पादन प्रणालियों में एएमआर पर मजबूत डेटा उत्पन्न करने के महत्व पर जोर दिया। हागीवारा ने भागीदारों को बधाई दी और इस महत्त्वपूर्ण परियोजना हेतु एफएओ के निरंतर समर्थन की पुष्टि की। डॉ. जाट ने परियोजना की सराहना की और इसे पशु और मत्स्य विज्ञान के बीच सफल सहयोग का एक मॉडल बताया, दोनों क्षेत्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रभावी डेटा उपयोग की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वाणिज्यिक और एकीकृत कृषि प्रणालियों के बीच रोगाणुरोधी प्रतिरोध प्रोफाइल का मूल्यांकन करने का सुझाव दिया। दो दिवसीय बैठक में नेटवर्क भागीदारों द्वारा 2024-25 के दौरान उत्पन्न रोगाणुरोधी प्रतिरोध डेटा की समीक्षा और चर्चा की गई। बैठक में 31 भागीदार संस्थानों के प्रधान व सह अन्वेषक उपस्थित थे।

# उत्तर प्रदेश में खाद की कमी से किसान बेहाल, सरकार का दावा झूठ: दारापुरी

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में खाद की कमी से किसान बेहाल हैं।यह बात मीडिया से मुखातिब राष्ट्रीय अध्यक्ष आल इंडिया पीपुल्स फ्रन्ट एस आर दारापुरी ने कही। उन्होंने कहा गया है खाद की यह कमी जुलाई में धान की रोपाई से ले कर अब तक बनी हुई है। खाद की कमी न केवल साधन सहकारी समितियों में बल्कि खुले बाजार में भी है। किसान दिन भर सहकारी समितियों में लाइन लगा कर खड़े रहते हैं और शाम को खाली हाथ लौट रहे हैं। इससे तंग आकर लखीमपुर खीरी के खमरिया में एक किसान ने सहकारी समिति कार्यालय के सामने फांसी लगा कर आत्महत्या तक कर ली है। कई जगह लाइन में लगे भूखे प्यासे किसान बेहोश हो कर गिर रहे हैं। अयोध्या में खाद को लेकर पुलिस को किसानों पर लाठी चार्ज तक करना पड़ा है। खाद की कमी के कारण बाजार में कालाबाजारी हो रही है तथा नकली खाद बेची जा रही है। इसके विपरीत उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ का दावा है कि प्रदेश के किसी भी मण्डल में खाद की कोई भी कमी नहीं है क्योंकि इस साल पिछले साल से अधिक खाद उपलब्ध कराई गई है परंतु खाद की लगातार बनी हुई कमी इस दावे को झुठला रही है। सरकार खाद की कमी की सच्चाई को स्वीकार न करके इसका कारण जखीरेबाजी तथा नेपाल को खाद की तस्करी बता रही है। यदि यह सही है तो सरकार इसकी जांच कराकर सच्चाई को सामने लाए। यह ज्ञातव्य है कि समय पर खाद न मिलने का असर धान की उपज पर पड़ना लाजमी है जोकि किसानों के लिए बहुत भारी पड़ सकता है।

# दिव्यांगजन रोजगार अभियान: 720 दिव्यांग युवाओं को मिला रोजगार

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा 5 से 13 अगस्त तक चलाया गया ÷दिव्यांगजन रोजगार अभियान÷ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसके तहत प्रदेश के 720 दिव्यांग युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए गए। इनमें 518 युवाओं को प्रतिष्ठित कंपनियों में सवेतन रोजगार प्रदान किया गया, जबकि 202 युवाओं को स्वरोजगार हेतु मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराई गई।मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि विशेष अभियान के प्रभावी संचालन हेतु 75 जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों, सेवायोजन अधिकारियों, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारियों तथा उपायुक्त- जिला उद्योग केंद्र के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिए गए थे। जिलाधिकारियों को भी पत्र भेजकर कार्ययोजना साझा की गई थी।अभियान के अंतर्गत बैंकिंग एंड अकाउंटिंग टेलिकॉम, रिटेल, आईटी-आईटीएस आदि सेक्टरों में कम्प्यूटर आपरेटर, वेयर हाउस एक्जीक्यूटिव, कस्टमर सेल्स एसोसिएट, टेली कॉलर, अकाउंटेंट,पैकेजिंग एंड स्कैनिंग हेल्पर, रिटेलर जैसे विभिन्न पदों पर नियुक्ति हेतु ऑफर प्रदान किए गए। चयनित युवाओं को औसतन 11,000 से 15,000 रुपये मासिक वेतन ऑफर किया गया। इस दौरान रोजगार मेलों और कैंप का आयोजन विभिन्न जनपदों में किया गया, जिसमें लखनऊ, कानपुर नगर, अमरोहा, बाराबंकी और वाराणसी शीर्ष पांच जनपदों में शामिल रहे। अभियान में वर्धमान टेक्टाइल्स लिमिटेड, ऐमजॉन इंडिया, स्वीगी, फिलिप कार्ट,बिलियन्स ऑफ माइंड सलूशन, जेल कैफे,वी-मार्ट, एचडीएफसी बैंक, मैक्स लाइफ इन्सुरेंस, टाटा मोटर्स सहित प्रतिष्ठित कंपनियों ने दिव्यांग युवाओं को रोजगार प्रदान किया। विभागों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने कहा कि यह अभियान केवल रोजगार उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि दिव्यांग युवाओं को आत्मनिर्भर और सम्मानजनक जीवन की ओर ले जाने की दिशा में सशक्त कदम है।अभियान के समापन उपरांत स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लखनऊ में शीर्ष वेतन पर चयनित पांच दिव्यांग युवाओं को मिशन मुख्यालय में मिशन निदेशक द्वारा सम्मानित भी किया गया।

# यूपी में अगले चार दिन भारी बारिश के आसार, 47 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में बृहस्पतिवार से बादलों की सक्रियता बढ़ी है। बंगाल की खाड़ी में बने एक नए वेदर सिस्टम के असर से उत्तर प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी दोनों हिस्सों में 22 से 25 अगस्त के बीच कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश के संकेत हैं। शुक्रवार के लिए मौसम विभाग की ओर से प्रदेश के दक्षिणी, पूर्वी और तराई के 38 जिलों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं, 47 जिलों में गरज चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने नये वेदर सिस्टम के असर से यूपी के ज्यादातर इलाकों में 22 अगस्त से अगले चार दिन अच्छी बारिश के आसार हैं।

### यहां भारी बारिश का येलो अलर्ट

गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, सुल्तानपुर, अयोध्या, अंबेडकर नगर, बांदा, चित्रकूट, प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संत कबीर नगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, आगरा, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाके।

# रोजगार मेले में 20 अभ्यर्थियों का चयन

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा लि, एनपीएस प्रालि, ब्लिंकिट तथा एलआईसी जैसी प्रमुख कम्पनियों ने प्रतिभाग किया।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कम्पनियों के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को चयनित करने की अपील की तथा चयनित अभ्यर्थियों को शीघ्र ज्वाइन करने हेतु प्रेरित भी किया।ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट ऑफिसर एमए खाँ ने बताया कि रोजगार मेले में 34 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से साक्षात्कार के उपरान्त 20 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों को कम्पनियों द्वारा 15000 रुपये से 25000 रुपये प्रतिमाह तक का वेतन प्रदान किया जायेगा। रोजगार से वंचित अभ्यर्थी 30 अगस्त को आईटीआई अलीगंज में होने वाले रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

# किसानों की पुकार: जमीन हमारी, फैसला हमारा

- सर्किल रेट व मुआवज़े को लेकर काकोरी में भाकियू लोकतांत्रिक का धरना प्रदर्शन, हजारों किसान सड़क पर उतरे

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**



काकोरी की धड़कन बन चुके किसानों का आक्रोश आज सड़कों पर गूंज उठा। एलडीए की उद्योग नगर योजना के नाम पर 12 गांवों की उपजाऊ जमीन अधिग्रहित करने की तैयारी पर किसानों ने दो टूक कह दिया - बिना सहमति के एक इंच जमीन भी नहीं देंगे। गुरुवार को आगरा एक्सप्रेस वे के जीरो प्वाइंट पर भारतीय किसान यूनियन लोकतांत्रिक के नेतृत्व में हजारों किसानों ने धरना प्रदर्शन किया। किसानों की सबसे बड़ी मांग - सर्किल रेट बढ़ाया जाए, उचित मुआवज़ा दिया जाए और अधिग्रहण तभी हो जब किसान तैयार हों। धरने में मौजूद किसानों ने साफ कहा - एलडीए किसानों की जमीन को उद्योगों के नाम पर कौड़ी के भाव हड़पना चाहता है, लेकिन अब किसान लुटने नहीं देंगे। धरना स्थल पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश सिंह, उपाध्यक्ष राजा राम लोधी, राकेश अवस्थी, अभिषेक यादव, सुरेन्द्र यादव, जिला अध्यक्ष अतुल कुमार समेत तमाम नेताओं ने प्रशासन को चेताया कि अधिग्रहण की हर बैठक गांवों में मुनादी कराकर बुलाई जाए, ताकि किसान खुलकर अपनी बात रख सकें। किसानों ने यह भी मांग रखी कि अधिकारियों का रवैया पक्षपातपूर्ण नहीं होना चाहिए। ÷सभी किसानों के साथ समान और निष्पक्ष व्यवहार हो, वरना आंदोलन और उग्र होगा। धरना स्थल पर मौजूद एलडीए अधिकारियों को किसानों ने मांगपत्र सौंपा। यूनियन ने साफ चेतावनी दी - अगर किसानों की मांगें नहीं मानी गईं तो आने वाले दिनों में आंदोलन की चिंगारी लखनऊ तक पहुंचेगी।

धरने में 12 गांवों के हजारों किसान शामिल हुए। भीड़ से उठी एक ही आवाज़

हमारी जमीन - हमारी शर्तें।

मुआवज़ा दो - न्याय करो।

# विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में अहम होगी ग्रामीण पर्यटन की भूमिका

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 तक विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश, आत्मनिर्भर भारत का आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश बनाने के संकल्प को पूरा करने में पर्यटन सेक्टर का अहम योगदान होगा। पर्यटन एक उभरता हुआ सेक्टर है, जिसमें मनोरंजन के साथ रोजगार एवं अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की अपार संभावनाएं है। बदलते भारत में पर्यटन अब कुछ स्थलों तक सीमित न रहकर गांव की ओर बढ़ रहा है। यह देश एवं यूपी के लिए प्रसन्नता का विषय है। भारत के गांव भी बदलाव के दौर से गुजर रहें हैं। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पारम्परिक सोच के अलावा ईको टूरिज्म, रूरल टूरिज्म तथा होम स्टे एवं फॉर्म स्टे पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पर्यटन मंत्री आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्रामीण पर्यटन कान्क्लेव-2025 के शुभारम्भ के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यटन पहले कुछ खास वर्गों तक सीमित था। देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होने से आम आदमी की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई है, जिससे हर व्यक्ति पर्यटन में रूचि ले रहा है। कोरोना कालखंड के बाद लोगों की जीवनशैली बदली है। भौतिक जीवन से उबे हुए लोग अब प्रकृति के सानिध्य में रहना चाहते हैं। उनके लिए ईको टूरिज्म एवं रूरल टूरिज्म बहुत पसंद आ रहा है।प्रदेश सरकार इसको बढ़ावा देने के लिए बड़े पैमाने पर सुविधायें सृजित कर रही है। पर्यटन की ग्रोथ के लिए सुरक्षा एवं बेहतर कनेक्टिविटी जरूरी है। पर्यटक कम समय में अधिक से अधिक स्थलों तक पहुंचना चाहता है। इसको दृष्टिगत प्रधानमंत्री की प्रेरणा एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में यूपी कानून व्यवस्था के क्षेत्र में सर्वाधिक सुरक्षित प्रदेश एवं उच्चस्तरीय कनेक्टिविटी जैसे रेल, वायु, जल परिवहन आदि की सुविधायें उपलब्ध कराई जा रही है। गांव में होमस्टे, फॉर्म स्टे, ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# फ्रॉड कर नौकरी दिलाने के मामले में बीएसए समेत 7 लोगों पर केस

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

गोंडा में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कूटरचना व फ्राड करके नौकरी दिलाने के आरोप में बीएसए सहित छह नामजद व एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने का आदेश दिया है। अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा प्रदीप कुमार पांडेय पुत्र उदयभान पांडेय निवासी आवास विकास गोंडा ने अदालत के समक्ष आरोपी वित्त व लेखाधिकारी बेसिक शिक्षा सिद्धार्थ दीक्षित, बीएसए अतुल कुमार तिवारी, पटल लिपिक सुधीर सिंह, वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय के लिपिक अनुपम पांडेय, चंद्र भान दत्त पांडेय लघु माध्यमिक विद्यालय रामपुर टेंगरहा के प्रबंधक दिग्विजय नाथ पांडेय व प्रधानाचार्य विरुद्ध इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया था।

# माँ अहोरवा भवानी काँवर यात्रा का हुआ भव्य आगाज़,हजारों श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

जन एक्सप्रेस । अमेठी



बृहस्पतिवार को इन्हौना में माँ अहोरवा भवानी काँवर यात्रा का ऐतिहासिक और भव्य आयोजन हुआ।सुबह 9ः00 बजे जैसे ही यात्रा माँ अहोरवा भवानी रेलवे स्टेशन से शुरू हुई,दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।पूरा स्टेशन परिसर भक्तिमय माहौल में ÷बोल बम÷ के जयकारों से गूंज उठा।मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री व तिलोई के विधायक राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने विशेष पूजन-अर्चन के बाद काँवरियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।इस दौरान उन्होंने श्रद्धालुओं का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि काँवर यात्रा आस्था और ऊर्जा का प्रतीक है।इस अवसर पर तिलोई ब्लॉक प्रमुख कृष्ण कुमार मुन्ना सिंह,ब्लॉक प्रमुख सिंहपुर अंकित पासी समेत क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।वहीं प्रशासनिक व्यवस्था को संभालने के लिए उपजिलाधिकार और क्षेत्राधिकारी पूरे समय स्थल पर मौजूद रहे।सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता बनाने के लिए थाना प्रभारी प्रदीप सिंह अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ मौके पर तैनात रहे।पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी से पूरा कार्यक्रम शांति और अनुशासन के साथ संपन्न हुआ।काँवर यात्रा इन्हौना से सुल्तानगंज बिहार के लिए रवाना हुई। कल सुबह काँवरिये गंगा से जल भरकर देवघर के लिए आगे बढ़ेंगे।यह आयोजन स्वर्गीय आशीष गुप्ता पूर्व जिला पंचायत सदस्य, इन्हौना की स्मृति को समर्पित रहा। आयोजन की पूरी व्यवस्था और स्वागत-अभिनंदन की जिम्मेदारी शिरीष गुप्ता ने निभाई।धार्मिक और सांस्कृतिक रंग में डूबे इस महा आयोजन में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ उमड़ी कि इन्हौना स्टेशन परिसर छोटा पड़ गया।लोग दूर-दूर से पहुँचकर माँ अहोरवा भवानी के दरबार में शामिल हुए और काँवरियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

## पापमोचन घाट पर फिर स्थापित किया गया माइल स्टोन

**अयोध्या।** सरयू तट के ऐतिहासिक पाप मोचन घाट पर एक बार फिर अपनी पहचान दर्ज कराता हुए माइल स्टोन स्थापित कर दिया गया है। घाट के सुंदरीकरण कार्य के दौरान अंग्रेजी काल का यह माइल स्टोन उखाड़ दिया गया था, जिस पर संत समाज ने आपत्ति जताई थी और इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी। अयोध्या की शास्त्रीय परिधि की महत्ता बताने व उसके सरंक्षण के लिए 1902 में 148 माइल स्टोन लगाए गए थे, उनकी सुरक्षा के लिए एक समिति भी बनी थी। 1902 में तत्कालीन जिलाधिकारी आरसी होबर्ट ने एडवर्ड अयोध्या तीर्थ विवेचनी सभा का गठन किया। इसके बाद अयोध्या की 84 कोसी परिक्रमा की परिधि के अंदर स्थित पौराणिक स्थलों, कुंड,सरोवरों, मठ-मंदिरों में माइल स्टोन लगाए गए।

# 200 बेड रेफरल अस्पताल में पंजीकरण व्यवस्था से मरीज परेशान

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी



विकास खण्ड तिलोई क्षेत्र में स्थित 200 बेड रेफरल अस्पताल इलाज के लिए आने वाले मरीजों की पहली पसंद माना जाता है,लेकिन यहां पंजीकरण प्रक्रिया मरीजों के लिए बड़ी समस्या बनी हुई है।अस्पताल के आउटडोर में सुबह से ही भीड़ उमड़ पड़ती है,किंतु पंजीकरण की धीमी गति और सीमित काउंटरों के कारण मरीजों को लंबा इंतजार करना पड़ता है।ग्रामीण अंचलों से आने वाले मरीजों का कहना है कि उपचार से पहले ही उन्हें पर्ची बनवाने के लिए घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ता है।इस कारण कई बार वृद्ध और गंभीर बीमार मरीजों को अत्यधिक परेशानी उठानी पड़ती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब अस्पताल को रेफरल स्तर का दर्जा दिया गया है,और 200 बेड की सुविधा उपलब्ध है,तो उसके अनुरूप पंजीकरण व अन्य व्यवस्थाएं भी होनी चाहिए।मरीजों ने मांग की कि अस्पताल प्रशासन अतिरिक्त पंजीकरण काउंटर खोले और गंभीर रोगियों के लिए अलग से प्राथमिकता वाली व्यवस्था सुनिश्चित करे।अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि लगातार बढ़ती भीड़ को देखते हुए सुधार की योजना बनाई जा रही है।और जल्द ही मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# देवर ने भाभी-भतीजे की कुल्हाड़ी से की हत्या

### एक घंटे पहले महिला ने जताई थी आशंका, बोली थी कि ये लोग हमें मार देंगे

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत रूदौली गांव में गुरुवार सुबह जमीन विवाद को लेकर देवर ने अपनी विधवा भाभी और भतीजे की बेरहमी से हत्या कर दी।आरोपी ने खेत में मां-बेटे को दौड़ाकर कुल्हाड़ी और डंडों से हमला किया। परिजन उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल ले गए,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद आरोपी परिवार समेत घर पर ताला लगाकर फरार हो गया।मृतकों की पहचान रमावती 45 वर्ष और उनके बेटे आकाश 20 वर्ष के रूप में हुई है।आकाश घर पर रहकर खेती करता था,जबकि बड़ा भाई लुधियाना में नौकरी करता है। आकाश के पिता की दस साल पहले बीमारी से मौत हो चुकी है।परिजनों के मुताबिक आरोपी रामराज 36 वर्ष और मृतक परिवार के बीच डेढ़ बीघा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था।तीन दिन पहले रामराज ने खेत में कीटनाशक डलवाए जाने का आरोप लगाया था, जिससे तनाव और बढ़ गया।सुबह करीब 11बजे रमावती और आकाश खेत में काम कर रहे थे।तभी आरोपी रामराज अपने परिवार के साथ वहां पहुंचा और दोनों पर हमला कर दिया।कुल्हाड़ी से कई वार किए गए,जिससे मां-बेटे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।ग्राम प्रधान के भाई राजीव सिंह ने बताया कि घटना से लगभग एक घंटे पहले रमावती ने फोन कर आशंका जताई थी। और कह रही थी कि ये लोग हमें मार देंगे।चलिए थाने में एप्लिकेशन डलवा दीजिए।लेकिन कुछ ही देर बाद हत्या की खबर मिल गई।मृतका के भाई जगराम ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर पहले भी पंचायत बैठ चुकी थी,लेकिन विवाद शांत नहीं हुआ।करीब 5 साल पहले भी आरोपी ने रमावती पर हमला किया था।परिजनों ने मांग की है कि आरोपी को कड़ी सजा दी जाए।
एसपी अमेठी अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।मृतका के भाई की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है,जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

## चार दिन से लापता युवक का नाले में पड़ा हुआ मिला शव

जन एक्सप्रेस । तिलोई,अमेठी



मोहनगंज थाना क्षेत्र के चौकी शंकरगंज अंतर्गत अरियावा ग्राम सभा में बृहस्पतिवार को एक युवक का शव नाले में पड़ा हुआ मिला। शव की सूचना मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई और पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया।मृतक की पहचान फूल सिंह उर्फ टोपी लाल 21 वर्ष पुत्र बेनी सिंह निवासी ग्राम पुरे दरोगा,मजरे तिलोई के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि सुबह जब लोग नाले के पास पहुंचे तो शव दिखाई दिया,जिसके बाद पूरे इलाके में घटना की खबर तेजी से फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# जननायक स्व. अखिलेश सिंह जी की छठवीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा एवं मूर्ति अनावरण कार्यक्रम सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

रायबरेली के गौरव, गरीबों के मसीहा, पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह जी की छठवीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज अमावां ब्लाक कार्यालय, तकिया चैराहा रायबरेली में मूर्ति अनावरण, भव्य श्रद्धांजलि सभा, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन तथा समर्थक सम्मिलित हुए और स्व. अखिलेश सिंह जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।
कार्यक्रम में विशेष रूप से सम्मिलित अतिथि
1. धर्मपाल सिंह, मा0 संगठन महामंत्री, भाजपा
2. संजय राय, मा0 प्रदेश महामंत्री, भाजपा
3. राकेश सचान, प्रभारी मंत्री/मा0 कैबिनेट मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार
4. मयंकेश्वर शरण सिंह, मा0 राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश
5. प्रतिभा शुक्ला, मा0 राज्य मंत्री, उत्तर प्रदेश
इन माननीय अतिथियों का स्वागत एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अभिनंदन वैशाली सिंह (धर्मपत्नी स्व. अखिलेश सिंह, ब्लाक प्रमुख अमावां) एवं विधायक अदिति सिंह द्वारा किया गया।
कार्यक्रम में उपस्थित अन्य प्रमुख जनप्रतिनिधियों में अशोक कोरी (मा0 विधायक सलोन), राम लाल अकेला (मा0 पूर्व विधायक बछरावां), राजा राकेश प्रताप सिंह (मा0 पूर्व विधान परिषद सदस्य), विवेक विक्रम सिंह (अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक रायबरेली), तथा धीरेंद्र बहादुर सिंह (मा0 पूर्व विधायक सरेनी), बुद्धीलाल पासी, सुशील शर्मा, रामदेव पाल, दिलीप यादव, राघवेन्द्र सिंह, विजय बाजपेयी, आर0बी0 सिंह, देवेन्द्र बहादुर सिंह आदि शामिल रहे।
इस अवसर पर विधायक रायबरेली अदिति सिंह ने कहा कि ÷स्व. अखिलेश सिंह जी का जीवन जनता की सेवा को समर्पित था। उनकी स्मृतियाँ सदैव प्रेरणादायक रहेंगी।÷




श्रद्धांजलि सभा में जनसैलाब उमड़ पड़ा और सभी ने स्व. अखिलेश सिंह जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।
उक्त कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के कैम्पों के माध्यम से योजनाओं का लाभ लाभार्थियों को सीधे दिलाया गया। जिसका विवरण निम्नवत हैः-
प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 06 लाभार्थियों को चाबी वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 04 लाभार्थियों को चाबी वितरण, मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के 3 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण, 15 स्वयं सहायता समूहों को सी0सी0एल0 /सी0आई0एफ0 के डेमों बैंक चेक वितरण, सी0एम0 युवा स्वरोजगार योजना अन्तर्गत 05 लाभार्थियों को डेमो बैंक चेक वितरण, सी0एम0 युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत 05 लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण, मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत 05 किसानों को डीजल पम्प सेट व प्रमाण पत्र वितरण, नेत्र शिविर के 1687 लाभार्थियों को चश्मा वितरण सतगुरू नेत्र चिकित्सालय संस्था द्वारा, विभिन्न कैडरों व अजीविका गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण, 10 सफाई कर्मियों को शॉल व प्रशस्ति पत्र वितरण कर सम्मानित किया जायेगा, कक्षा 10 की 10 मेधावी छात्र/छात्राओं को साइकिल वितरण, कक्षा 12 की 10 मेधावी छात्र/छात्राओं को साइकिल वितरण, 35 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरण, 03 दिव्यांग जनों को व्हील चेयर वितरण, 01 दिव्यांग जन को स्मार्ट केन वितरण किया गया।

# एन एस यू आई ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती धूमधाम से मनाई गई

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

डलमऊ भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन जिला रायबरेली के अध्यक्ष ने भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्व राजीव गांधी जी की जयंती मनाई गई एन एस यू आई के जिलाध्यक्ष आयुष द्विवेदी के द्वारा डलमऊ के मुराई का बाग में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया यह चिकित्सा शिविर भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गाधी जी के जन्म दिवस के अवसर पर किया गया शिविर का शुभारम्भ राजीव गांधी जी की चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप जलाकर किया गया शिविर में लगभग 237 मरीजो का निशुल्क परामर्श प्रदान किया गया एवं मरीजों को फल बिस्किट दूध भी वितरित किया गया इस अवसर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील द्विवेदी विनोद सिंह हरिभान चौधरी आशीष द्विवेदी डॉक्टर शक्ति दरबार योगेश त्रिवेदी प्रभात त्रिपाठी विकास श्रीवास्तव अजय सिंह संतोष त्रिवेदी शंकर फारूख उज्वल श्रीवास्तव ऋतिक त्रिपाठी सुरेन्द्र सिंह पर सहित सैकड़ो कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी ने अपने पूर्व प्रधानमंत्री के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की




## प्रवेश हेतु गैर चयनित अभ्यर्थी अपना रैंक लेटर करें जमा

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के प्रधानाचार्य विवेक कुमार तिवारी ने बताया है कि राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश के द्वारा जनपद के 05 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान एवं 02 पी0पी0पी0 संस्थान में प्रवेश हेतु गैर चयनित अभ्यर्थी अपना रैंक लेटर वेबसाइट 222.ह्यष्१ह्लह्वश्र.द्वद्व से निकाल कर 24 अगस्त 2025 सुबह 11.00 बजे तक नोडल संस्थान राष्ट्रीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार, रायबरेली मे जमा करना सुनिश्चित करें। रैंक के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची 25 अगस्त 2025 को नोडल प्रधानाचार्य रा0औ0 प्रशि0संस्थान गोरा बाजार, रायबरेली के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी 25 अगस्त 2025 (अन्तिम तिथि) को प्रत्येक दशा में अपना प्रवेश लेना सुनिश्चित करेंगे। निर्धारित अन्तिम तिथि के उपरान्त किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश अनुमन्य नहीं किया जायेगा।

# लेखपाल पर दिव्यांग से 2 लाख की धोखाधड़ी का आरोप

- जमीन का पट्टा दिलाने के नाम पर ली रिश्वत,दिए फर्जी कागजात पीड़ित ने बेचे गहने और लिया कर्ज

जन एक्सप्रेस । अमेठी



जिले के बेनीपुर गांव में एक दिव्यांग व्यक्ति केसाथ धोखाधड़ी का मामला सामने आया है।पीड़ित हरिकरन कन्नौजिया ने आरोप लगाया कि लेखपाल प्रवीण सिंह ने जमीन का पट्टा दिलाने का झांसा देकर उनसे दो लाख रुपये वसूले।लेकिन बाद में जो कागजात दिए गए,वे फर्जी निकले।हरिकरन ने बतायाकि उन्होंने अलग- अलग किश्तों में लेखपाल को दो लाख रुपये दिए।इसके लिए उन्हें अपनी पत्नी के गहने तक बेचने पड़े और ऊपर से कर्ज भी लेना पड़ा।अब कर्जदार लगातार पैसों की मांग कर रहे हैं,जिससे परिवार बेहद संकट में पड़ गया है।पीड़ित की पत्नी फूलमती ने बताया कि परिवार तहसील के सामने चाय-पान की छोटी सी दुकान चलाकर अपना गुजारा करता है।लेकिन अब कर्ज का बोझ और धोखाधड़ी की मार ने उन्हें तोड़कर रख दिया है।आरोपी लेखपाल प्रवीण सिंह ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है कि उन्हें इस मामले की कोई जानकारी नहीं है।उप जिलाधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई जा रही है।जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा,उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# रायबरेली का लाल शारजाह में फिर करेगा धमाल

जन एक्सप्रेस । रायबरेली



जनपद के प्रतिभाशाली युवा शायर व मंच-संचालक मारूफ़ रायबरेलवी आगामी 23 अगस्त को शारजाह (यू ए ई) में ÷बज़्म-ए-आज़मगढ़ ,शारजाह ÷ के बैनर-तले होने वाले ÷अंतरराष्ट्रीय मुशायरा एवं कवि सम्मेलन÷ में मंच-संचालक की भूमिका निभाएँगे, लंदन,यू के, से आ रहे प्रसिद्ध शायर /लेखक फ़हीम अख्तर की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम में देश व विदेश के विश्व- विख्यात शायर एवं शायरात(कवयित्रियाँ ) जैसे ताहिर फ़राज़, शकील आज़मी, शबीना अदीब, अज़्म शाकरी, जौहर कानपुरी, हसन काज़्मी , अफ़ज़ल मंगलोरी, अमरीका से हुमैरा गुल तश्ना, भुवन मोहनी, हामिद भुसावली, जान्हवी सहगल , मैकश आज़्मी आदि काव्य पाठ के लिए उपस्थित होंगी । मुशायरा-आयोजन दानिश ज़िया ने बताता कि, 23-अगस्त की शाम यूनियन एसोसोसियेशन हॉल, समनान , शारजाह में हो रहे उक्त ये अंतरराष्ट्रीय मुशायरे/कवि-सम्मेलन में मुख्य-अतिथि, महाराष्ट्र के सपा नेता अबू आसिम आज़्मी होंगे ।
मारूफ़ रायबरेलवी लगभग एक दशक से मुशायरों में सक्रिय हैं तथा उर्दू- शायर एवं मंच-संचालक के रूप में देश-विदेश में जनपद का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जिस के लिए उन्हें पद्मश्री अनवर जलालपुरी मेमोरियल अवार्ड-2019, शिबली नोमानी मेमोरियल अवार्ड, जैसे विभिन्न पुरस्कारों से भी सम्मानित किया जा चुका है । इससे पूर्व भी मारूफ़ रायबरेलवी देश-विदेश के विभिन्न प्रतिष्ठित मुशायरों का सफल मंच संचालन करके प्रसिद्धि बटोर चुके हैं जिन में उर्दू एकेडमी, दिल्ली का प्रसिद्ध गणतंत्र दिवस का मुशायरा, पुणे फेस्टिवल , महाराष्ट्र का मुशायरा, नवाब शाह आलम ,हैदराबाद मुशायरा, उर्दू एकेडमी मालेरकोटला, पंजाब, उर्दू फ़ाउंडेशन ,नेपाल और जश्न-ए-आज़मगढ़-2023 ,शारजाह मुशायरा आदि उल्लेखनीय हैं । मुशायरों के शौक़ीन श्रोताओं के अनुसार अब मारूफ़ की गिनती मुशायरों में देश के शीर्ष के 4-5 नाज़िम-ए-मुशायरा (मंच-संचालकों) में होने लगी है इनके कई शेर भी काफ़ी मशहूर हुवे हैं जैसे- 1) हमारे मुँह पे उड़ाता हुवा वो धूल गया, हमीं ने चलना सिखाया हमीं को भूल गया। 2) इजाज़त हो अगर तो सर मैं अपना ख़ुद क़लम कर लूँ
तुम्हारी आस्तीनों पर लहू अच्छा नहीं लगता। उनके एक बार पुनः शारजाह मुशायरे में मंच-संचालक के रूप में आमंत्रित किए जाने से जनपद-वासी गर्व और खुशी व्यक्त कर रहे हैं ।

## राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने के लिए बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार व अमित पाल सिंह, जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायबरेली के दिशा-निर्देशन में 13 सितम्बर 2025 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु समस्त उपजिलाधिकारी के न्यायालयों में लम्बित मामलों के अधिक से अधिक निस्तारण की रुप-रेखा तय किये जाने हेतु बैठक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में आहूत की गयी। अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम शौर्य के द्वारा बैठक की अध्यक्षता की गयी। बैठक में अपर जिला जज/सचिव अनुपम शौर्य द्वारा बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये जिससे अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

# रायबरेली जननायक स्व. अखिलेश सिंह जी की छठवीं पुण्यतिथि मनाई गईः पूनम सिंह

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

जननायक स्व. अखिलेश सिंह जी की आज छठवीं पुण्यतिथि पर हर वर्ष की भांति इस बार भी उनकी छोटी बहन व कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह द्वारा श्रद्धांजलि समारोह व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। गुरु तेग बहादुर मार्केट में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने आकर जननायक स्व. अखिलेश सिंह जी की तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। इसके बाद भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया। इससे पहले भण्डारे की शुरुआत पूजा अर्चना करने के बाद स्व. अखिलेश सिंह की तस्वीर पर पूनम सिंह द्वारा माल्यर्पण करके की गई। इस अवसर पर पूनम सिंह ने कहा कि आज के दिन रायबरेली का हर व्यक्ति अपने जननायक को याद करके भावुक है। उन्होंने कहा कि आज पूजनीय बड़े भैया स्वर्गीय अखिलेश सिंह जी की पुण्यतिथि है। रायबरेली के सभी लोग भैया को कितना प्रेम करते हैं और भैया भी अपनी रायबरेली की जनता के हर सुख दुख में शामिल रहते थे। आज हम सभी एकजुट होकर उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे रहे हैं। आज के दिन को हमे अब हमेशा श्रद्धांजलि देने की बजाय उनके पदचिन्हों पर चलने का प्रण लेना चाहिए। गरीबों व मजलूमों के लिए खड़े रहना, उनकी सेवा करना भैया का स्वभाव था। यदि मैं भी उनके स्वभाव को अपने भीतर शामिल करके अपनी जनता के लिए कुछ कर पाऊं तो यह मेरा सौभाग्य होगा। कार्यक्रम के दौरान आये हुए विशिष्ट अतिथियों ने मंच पर विधायक जी की स्मृतियों को याद करते हुए उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में मंच संचालन तारीफ खान ने किया।



इस मौके पर स्व. अखिलेश सिंह जी की बहन गीता सिंह, ममता सिंह, एडवोकेट अरविंद श्रीवास्तव, सभासद एसपी सिंह, सभासद सबिस्ता ब्रजेश, सभासद पुष्पा यादव, सभासद हसीना बानो, डॉ चंपा श्रीवास्तव, डॉ संतलाल, व्यपारी नेता पंकज मुरारका, हरमंदर सिंह, राजा हर्षेन्द्र सिंह, सलूजा, प्रभाकर गुप्ता, नागेंद्र परिहार, नाज प्रतापगढ़ी, मारूफ रायबरेलवी, अशोक परिहार रजोले मिश्रा, संतोष कुमार, डॉक्टर संतलाल सुरेश सिंह, केके गुप्ता, जेके शुक्ला, सन्दीप पाठक, संदीप शुक्ला, प्रभाकर गुप्ता, अमर बहादुर सिंह, जेके शुक्ला, वीके सिंह, मो. मकसूद खान, मो. हसन, मनोज साहू, नंदू महाराज, रजनी अवस्थी, ब्रजेश श्रीवास्तव, रवि सोलोमन, एडवोकेट अभिषेक चौधरी,
प्रदीप सोनकर, पिंटू सिंह, उस्मान घोसी, शिव शक्ति भंडारा समिति के संस्थापक राजेन्द्र अवस्थी, महेंद्र अग्रवाल, जगदीश चेनानी, दिलीप वाधवानी, डॉ आर के मौर्या, सुमित सिंह, कुलदीप, अरविंद केवट सहित अनेक लोग उपस्थित थे।



**हमें अपने जड़ों से जोड़ रही है एनईपी...**

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षानीति 2025 ः चुनौतियाँ एवं अवसर विषय पर गुरुवार... ▸ शेष पेज 10 पर...

# कानपुर नगर निगम की बेशर्मी का जवाब नहीं

## सड़कों में बनते गड्ढों का कोई हिसाब नहीं



जान एक्सप्रेस। अभिषेक शर्मा

कानपुर नगर। कानपुर नगर निगम के अफसरों की लापरवाही अब बर्दाश्त के बाहर होती जा रही है। नगर की सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं, मगर जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुर्सियों पर चैन की नींद सो रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि जनता का गुस्सा अब शब्दों की सीमाएं लांघने को मजबूर है। विकास के नाम पर सरकारी दावे चाहे जितने बड़े किए जाएं, लेकिन जमीनी सच्चाई यह है कि शहर की हालत बद से बदतर हो चुकी है। कानपुर विकास प्राधिकरण (केडीए) द्वारा किए गए कुछ निर्माण कार्यों की तारीफ अधिकारी तो करते हैं, लेकिन ज़मीन पर जो जनता रोज इन सड़कों से गुजरती है, उसका अनुभव कुछ और ही कहता है।

### जिम्मेदार कौन?

जब भी सवाल पूछा जाता है, अधिकारी एक-दूसरे पर टालमटोल करते हैं। निगम कहता है कि सड़क पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत है, तो पीडब्ल्यूडी कहता है कि फंड नहीं आया। बीच में पिसती है सिर्फ जनता।

### हर कदम पर जान का खतरा

कानपुर की सड़कों पर चलना अब किसी जंग लड़ने से कम नहीं। वाहन चालक हो या पैदल राहगीर, किसी को यह भरोसा नहीं रहता कि वह सुरक्षित घर लौट पाएगा भी या नहीं। शहर के कई प्रमुख मार्ग—चकेरी, गोविंद नगर, नवाबगंज, बाबूपुरवा, कल्याणपुर से लेकर शहर के अंदरूनी हिस्सों तक—हर तरफ सिर्फ गड्ढे और टूटे सड़कें ही दिखाई देती हैं।

गड्ढों की वजह से होने वाले हादसे अब आम बात हो गई है। रोज़ाना कहीं न कहीं दो पहिया वाहन फिसलने से लोग घायल हो रहे हैं, तो कई बार मौत तक हो चुकी है। लेकिन नगर निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग की आंखें अब भी मूंदे हुए हैं।

### टैक्स देती जनता, फिर भी भुगतती सज़ा

चौंकाने वाली बात यह है कि यही जनता हर साल करोड़ों रुपये का टैक्स नगर निगम को देती है—प्रॉपर्टी टैक्स, जलकर, सीवर टैक्स, और न जाने कितने तरह के शुल्क—but बदले में मिलता है सिर्फ टूटे फुटपाथ, बेहाल सड़कें और गंदगी। नगर निगम की ये 'बेशर्मी' अब सिर्फ लापरवाही नहीं, जनता के साथ धोखा है। जनता विकास की उम्मीद करती है, मगर अफसर अपनी जवाबदेही से मुँह मोड़ते हुए सिर्फ ठेकेदारों की जेबें भरते नज़र आते हैं।

### 'शहर स्मार्ट नहीं, लाचार बन चुका है'

शहर को स्मार्ट सिटी बनाने की बात की जाती है, लेकिन सच्चाई यह है कि कानपुर अब स्मार्ट नहीं, एक लाचार और उपेक्षित शहर बन चुका है। गड्ढों ने न केवल सड़कें निगल ली हैं, बल्कि जनता का विश्वास भी।

- अब सवाल ये है कि क्या किसी की सुनवाई होगी?
- क्या कभी जनता को उसके अधिकार मिलेंगे?
- या फिर ये सिस्टम यूं ही जनता की जान से खिलवाड़ करता रहेगा?

**जन एक्सप्रेस प्रशासन से मांग करता है कि इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाए, और जल्द से जल्द इन जर्जर सड़कों की मरम्मत कराई जाए। वरना एक दिन यही गड्ढे शहर की सबसे बड़ी त्रासदी बन सकते हैं।**

# जिलाधिकारी ने गंगा बैराज के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का किया निरीक्षण





जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने आज चैनपुरवा मजरा कटरी लक्ष्मीखेड़ा सहित गंगा बैराज के जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित गांवों में राहत एवं बचाव कार्य समयबद्ध ढंग से संचालित किए जाएँ और किसी भी हाल में आमजन को असुविधा न होने पाए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जिन गांवों में जल स्तर बढ़ा हुआ है, वहां निरंतर निगरानी रखी जाए और इसके लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों का चिन्हांकन कर आवश्यकता अनुसार तुरंत सहायता उपलब्ध कराई जाए। पशु चिकित्सा अधिकारी को पशुओं का टीकाकरण कराने के निर्देश दिए गए। वहीं जिला पंचायत राज अधिकारी को गांवों में साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था बनाए रखने और निगरानी करने को कहा गया।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित गांवों में मेडिकल कैंप लगाकर आवश्यक दवाओं का वितरण कराया जाए तथा बीमार व्यक्तियों को चिन्हित कर उनका समुचित उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने उप जिलाधिकारी सदर को आदेशित किया कि गांवों में सभी विभागीय अधिकारियों के नाम और मोबाइल नंबर की सूची फ्लैक्स बोर्ड के रूप में प्रमुख स्थानों पर लगाई जाए, ताकि ग्रामीणों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल संपर्क सुविधा उपलब्ध हो सके।

इस दौरान ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट व उप जिलाधिकारी (आईएएस) अनुभव सिंह ने अवगत कराया कि चैनपुरवा के 42 परिवार जल स्तर बढ़ने से प्रभावित हुए हैं। इन परिवारों को बाढ़ राहत किट वितरित की जा चुकी हैं तथा राशन भी कोटेदार के माध्यम से उपलब्ध कराया गया है। गांव में प्रवेश हेतु जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क टैक्टर की भी व्यवस्था की गई है।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), जिला पंचायत राज अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# विद्यालय शिक्षा का मंदिर इसे अनैतिक कार्यों से गंदा ना करें : विमल कुमार दीक्षित

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिठूर। शिक्षा जगत में लगातार हो रही अनैतिक घटनाओं को ध्यान में रखते हुए शहीद भगत सिंह ग्रुप आफ एजुकेशन के डायरेक्टर विमल कुमार दीक्षित ने बीते दिन गुरुवार को लव कुश पब्लिक स्कूल बंदी माता रोड नोनहा कलां चौबेपुर में पढ़ने वाले बच्चों को विद्यालय में हो रहे नैतिक और अनैतिक कार्यों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने सभी बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ने वाले बच्चों का सभी प्रकार से ध्यान रखना शिक्षक की जिम्मेदारी होती है। ऐसे में नैतिक और अनैतिक कार्यों के बारे में जागरूक करना भी शिक्षा का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने कहा कि जैसे घर में माता-पिता होते हैं वैसे ही विद्यालय में शिक्षक की भूमिका भी माता-पिता से काम नहीं होती है। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को कोई भी किसी भी प्रकार से बदलने या फुसलाना का प्रयास करें तो आप सीधे बेझिझक अपने शिक्षक को बता सकते हैं। विद्यालय शिक्षा का मंदिर है इस दूषित करना अपराध की श्रेणी में आता है। विद्यालय परिसर में अश्लील हरकतें करना समाज के खिलाफ होता है। माता-पिता आपके विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने के लिए भेजते हैं ऐसे में विद्यालय में अश्लील हरकत करना अनैतिक कार्य है। पहले कहां जाता था एजुकेशन लाइफ इस गोल्डन लाइफ परंतु वर्तमान समय में इसकी परिभाषा ही बदल गई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती हिमालया गुप्ता, श्रीमती शोभा मिश्रा सीनियर कोऑर्डिनेटर, शिक्षक प्रज्ञा कटिहार, सुरेंद्र त्रिवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मोहिनी त्रिवेदी शिवम मिश्रा, मोहम्मद शाहरुख खान, नितिन दीक्षित, लाखन सिंह यादव मौजूद रहे।

# केशव हॉस्पिटल में भगवान कृष्ण की छठी पर भव्य भंडारे का आयोजन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



कल्याणपुर के केशवपुरम में स्थित केशव हॉस्पिटल परिवार की ओर से भगवान कृष्ण की छठी के उपलक्ष्य में मंगलवार को भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। आयोजन की शुरुआत भजन-कीर्तन और पूजन-अर्चन के साथ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भंडारे में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया और पूरे वातावरण में भक्ति व उल्लास का माहौल बना रहा।

इस अवसर पर कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार, दक्षिण कानपुर के विधायक अरुण पाठक, पार्षद कौशल मिश्रा, आकाश दीक्षित और भाजपा नेता डॉ. शैलेन्द्र दीक्षित ने विशेष रूप से शिरकत की। जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया और भगवान कृष्ण से क्षेत्र की खुशहाली व जनकल्याण की कामना की।

केशव हॉस्पिटल परिवार की ओर से श्रद्धालुओं के लिए बैठने, भोजन व अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यापक व्यवस्था की गई थी। आयोजकों का कहना था कि हर वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी के बाद छठी के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया जाता है, जिससे समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना प्रबल होती है।

स्थानीय निवासियों ने भी आयोजन की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायी परंपरा बताया। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम नई पीढ़ी को संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का कार्य करते हैं।

भक्तों ने भजन-कीर्तन के दौरान कन्हैया लाल की जय÷ के जयकारे लगाए और कृष्ण भक्ति में लीन हो गए। देर रात तक चले आयोजन में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और आनंदित माहौल में उत्सव का हिस्सा बने। छठी के इस अवसर पर पूरा क्षेत्र भक्ति और उल्लास में सराबोर दिखाई दिया। कृष्ण भक्तों की भीड़ और भजन-कीर्तन की गूंज से पूरा वातावरण आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया।

# सचेंडी में प्राथमिक विद्यालय का वीडियो वायरल मासूमों से कराया जा रहा काम

- जिन हाथों में किताब और कलम होनी चाहिए थी, उन नन्हें हाथों में फावड़ा थमा दिया गया।

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




सचेंडी क्षेत्र के एक प्राथमिक विद्यालय का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश फैल गया है। वीडियो में मासूम बच्चों से फावड़ा उठवाकर काम कराया जा रहा है। जिन हाथों में किताब और कलम होनी चाहिए थी, उन नन्हें हाथों में फावड़ा थमा दिया गया। यह नजारा सामने आते ही शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय में बच्चों से मजदूरी कराना उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। अभिभावकों ने भी इसे बेहद शर्मनाक बताते हुए कहा कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा देने के बजाय उनसे काम कराना समझ से परे है। सोशल मीडिया पर वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। क्षेत्र में यह चर्चा का विषय बन गया है कि आखिर बच्चों को पढ़ाने वाले ही जब उन्हें मजदूरी में झोंकने लगें तो शिक्षा का असली उद्देश्य कैसे पूरा होगा। मामले को लेकर लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है और जांच व कार्रवाई की मांग तेज हो गई है।

# मलखारिया गांव में छत पर सो रहे मासूम को जहरीले कीड़े ने गर्दन में काटा मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर तहसील के मलखरिया गांव में बुधवार रात छत पर सो रहे 4 वर्षीय बच्चे को जहरीले कीड़े ने काट लिया। बच्चा अपनी दादी और बुआ के बीच में सो रहा था। घटना रात करीब 2ः30 बजे की है। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर परिजन जागे। उन्होंने देखा कि एक सांप जैसा वहां से भाग रहा था। परिजन तुरंत बच्चे को पहले झांड फूंक कराते हुए सीएचसी ले गए। मौजूद डॉक्टर अभिषेक ने उसको अच्छी तरह से देख रहे थे तब तक परिवारीजन उसको झाड़-फूंक कराने लेकर चले गए पुनः सुबह 4ः30 बजे सीएचसी पहुंचे तब तक मौत हो चुकी थी। डॉ अभिषेक ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इस बात पर परिवारीजन हंगामा काटने लगे सीएचसीअधीक्षक डॉ धर्मेंद्र राजपूत भी अपने आवास से बाहर निकलकर हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया जब नहीं माने तो उन्होंने पुलिस को बुलाया पोस्टमार्टम के लिए कहां लेकिन वह लोग नहीं माने उल्टा महिलाएं डॉक्टर से ही अपशब्द बोलने लगे कि तू ही अपने बेटे का पोस्टमार्टम करा लें पुलिस ने पहुंचकर मामले को शांत कराया और परिवरीजन बिना पोस्टमार्टम कराए मृत बच्चों को लेकर घर चले गए।

मृतक बच्चे के पिता जहांगीर सऊदी अरब जाने के लिए दस्तावेज तैयार करा रहेथे। इसलिए वे पत्नी और बच्चे के साथ बिल्हौर कस्बे में अपनी ससुराल में थे।

बुधवार शाम को बच्चे की जिद पर वे उसे अपने गांव ले गए और रात में घटना घट गई बिल्हौर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि 24 घंटे डॉक्टर उपलब्ध रहते हैं। और सारी दवाइयां भी अस्पताल में मौजूद है मैं यहां पर स्वयं रहकर ही हर चीज पर रात-दिन नजर रखता हूं।

# ककवन थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में डीसीपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के एक गांव में बीती रात किशोरी के साथ में दुष्कर्म की किया पीड़िता ने घर पहुंच कर मां को घटना के बारे में अवगत कराया पीड़िता के साथ परिवाजनों ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच के लिए टीम भेजी और थानाध्यक्ष ने चिकित्सी परीक्षण के लिए।

पहले ककवन सीएचसी भेजा जहां पर महिला डॉक्टर अवकाश पर होने की वजह से कानपुर भेज दिया गया है।

दोपहर बाद डीसीपी दिनेश त्रिपाठी ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया एसीपी अमरनाथ यादव, थानाअध्यक्ष से जानकारियां जुटाई गांव में आरोपियों के घरों में जाकर पूछ-ताछ की थानाध्यक्ष ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार पर।

दीपू, रविंद्र, भोला, इक्कू पर मुकदमा पंजीकृत कर तलाश के लिए टीम लगा दी गई है जल्द गिरफ्तारी होगी। एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया टीमें लगा दी गई है और जल्द गिरफ्तारी होगी।


# किसी ने जमा किया पैसा किसी को मिला खंभा, सीएम से शिकायत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम कर्मचारियों की लापरवाही कहे या विभागीय खेल जिसकी वजह से एक व्यक्ति ने नए संयोजन के लिए खंभा का निर्धारित शुल्क जमा किया लेकिन उसको खंभा मिलने के बजाय दूसरे खंभे से उसे कनेक्शन दे दिया ।इतना ही नहीं पीड़ित के नाम से जारी खंभा किसी और उपभोक्ता को दिया गया है ।लगातार चक्कर लगाने के बाद पीड़ित ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। सचेंडी के छीतेपुर निवासी हरि ओम कश्यप ने बीते 16 मई 2024 को नए संयोजन के लिए दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम कार्यालय में आवेदन किया था।चकरपुर सब स्टेशन के जेई आनंद कुमार ने सर्वे कर हरिओम को बताया कि पोल से ज्यादा दूरी होने के कारण संयोजन नहीं हो सकता।इसके लिए उसे पोल चार्ज देना होगा। इस दौरान जेई ने 16819 रुपए स्टीमेट बनाया।जिसके बाद 18 मई 2024 को पीड़ित ने निर्धारित शुल्क जमा कर दिया।विभाग द्वारा बताया गया कि खंभा पास होने के बाद कनेक्शन दिया जाएगा।कुछ दिनों बाद किसी और खंभे से पीड़ित का कनेक्शन कर दिया गया ।जब पीड़ित का अपने खंभा के लिए बोला तो लगातार विभागीय अधिकारी टालते रहे।

# नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म मामले में दो नाबालिग आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



रावतपुर थाना क्षेत्र के राणा प्रताप नगर में रहने वाली एक नाबालिग किशोरी के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले दो नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस मामले में पीड़ित परिवार ने 20 अगस्त को थाने में तहरीर दी थी, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की थी।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता के परिजनों ने आरोप लगाया था कि मोहल्ले में रहने वाले दो नाबालिग लड़कों ने बहाने से उनकी बेटी को घर पर बुलाया और दोनों ने मिलकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता ने घर पहुंचने पर रोते हुए पूरी घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद उन्होंने थाने में तहरीर दी।

पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गुरुवार को दोनों नाबालिग आरोपियों को राजीवनगर विनायकपुर से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी रावतपुर ने बताया कि दोनों आरोपी और पीड़िता का परिवार एक दूसरे को जानते थे, जिसके चलते किशोरी आरोपियों के बुलाने पर घर चली गई थी और घटना का शिकार हो गई। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ककवन थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में डीसीपी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के एक गांव में बीती रात किशोरी के साथ में दुष्कर्म की किया पीड़िता ने घर पहुंच कर मां को घटना के बारे में अवगत कराया पीड़िता के साथ परिवाजनों ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर जांच के लिए टीम भेजी और थानाध्यक्ष ने चिकित्सी परीक्षण के लिए पहले ककवन सीएचसी भेजा जहां पर महिला डॉक्टर अवकाश पर होने की वजह से कानपुर भेज दिया गया है दोपहर बाद डीसीपी रविंद्र सिंह ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया एसीपी अमरनाथ यादव, थानाअध्यक्ष से जानकारियां जुटाई गांव में आरोपियों के घरों में जाकर पूछ-ताछ की थानाध्यक्ष ने बताया प्रार्थना पत्र के आधार पर। दीपू, रविंद्र, भोला, इक्कू पर मुकदमा पंजीकृत कर तलाश के लिए टीम लगा दी गई है जल्द गिरफ्तारी होगी। एसीपी अमरनाथ यादव ने बताया टीमें लगा दी गई है और जल्द गिरफ्तारी होगी।

# दीनू उपाध्याय गैंग का फरार साथी गिरफ्तार, एक लाख का था इनाम, रंगदारी–डकैती समेत 15 मामले थे दर्ज

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर





बसपा नेता पिंटू सेंगर की हत्या में सोनभद्र जेल में बंद धीरज उर्फ दीनू उपाध्याय के फरार साथी अधिवक्ता नारायण सिंह भदौरिया को कोतवाली पुलिस ने गुरुवार की दोपहर श्यामनगर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। उस पर एक लाख रुपये का इनाम था। कोर्ट में पेश करने के बाद वहां से जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ जूता व्यापारी ने रंगदारी मांगने, अपहरण और लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जबकि नौबस्ता और कोहना में दर्ज रिपोर्ट में गिरफ्तारी न होने पर कोर्ट से गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) जारी हुआ था।

किदवईनगर निवासी नारायण सिंह भदौरिया पर दीनू उपाध्याय के साथ इस साल कोतवाली, कोहना, बिधनू, नौबस्ता थाने में रंगदारी मांगने, मारपीट करने, कूटरचित दस्तावेज बनाकर प्लॉट कब्जा करने, अपहरण, लूट समेत कई गंभीर आरोप थे। नौबस्ता और कोहना थाने से 50-50 हजार का इनाम घोषित किया गया था। पुलिस उसकी काफी समय से तलाश कर रही थी, उसने हाईकोर्ट से गिरफ्तारी का स्टे आर्डर ले लिया था। पिछले दिनों स्टे आर्डर समाप्त हो गया था। डीसीपी पूर्वी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि नारायण सिंह भदौरिया को श्यामनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ कई थानाक्षेत्रों में एफआईआर दर्ज थी।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# रेयर अर्थ मैग्नेट्स पर चीन की ढील अस्थायी राहत है

**हम आपको बता दें कि चीन के पास दुनिया की लगभग 70 प्रतिशत रेयर अर्थ मेटल्स खनन और करीब 90 प्रतिशत मैग्नेट उत्पादन का नियंत्रण है। चीन की ताकत सिर्फ खनन तक सीमित नहीं है, बल्कि वह पूरी सप्लाई चेन–खनन, प्रसंस्करण, मिश्र धातु उत्पादन और मैग्नेट निर्माण–पर काबिज है। पिछले 6–8 वर्षों में इन मैग्नेट्स की मांग तेजी से बढ़ी है क्योंकि ये सामान्य फेराइट/पारंपरिक चुम्बकों की तुलना में ज्यादा टिकाऊ, हल्के और प्रभावी हैं। भारत की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री को 2025–26 में लगभग 870 टन रेयर अर्थ मैग्नेट्स की जरूरत होगी।**

*चीन द्वारा हाल ही में लगाए गए और फिर हटाए गए रेयर अर्थ मैग्नेट्स के निर्यात प्रतिबंध ने भारत की औद्योगिक ढाँचे की सबसे बड़ी कमजोरी को उजागर कर दिया है। इलेक्ट्रिक वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रक्षा और उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों की प्रगति जिन महत्वपूर्ण खनिजों पर निर्भर है, उनमें भारत आज भी भारी मात्रा में आयात पर आश्रित है। चीन का वर्चस्व और उसकी नीतिगत अनिश्चितता भारत जैसे देश के लिए केवल आर्थिक चुनौती ही नहीं, बल्कि रणनीतिक खतरा भी है। चीन द्वारा निर्यात पर लगाए गए प्रतिबंधों ने भारतीय उद्योगों को झटका दिया था। विशेष रूप से ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में उत्पादन और नई परियोजनाओं पर संकट खड़ा हो गया था। हालाँकि, चीन ने अब इन प्रतिबंधों में ढील दी है, जिससे तत्काल राहत मिली है, लेकिन इसने यह भी साफ कर दिया कि यदि भारत समय रहते आत्मनिर्भर नहीं बना तो भविष्य में ऐसी स्थितियाँ बार-बार सामने आ सकती हैं। भारत इस बात को समझ रहा है इसलिए प्रधानमंत्री मोदी ने पहले से तैयारी शुरू कर दी थी और लिथियम बैटरियों के स्वदेशी उत्पादन की दिशा में कदम बढ़ाये थे। हम आपको याद दिला दें कि भारत सरकार ने 2021 में राष्ट्रीय उन्नत रसायन सेल बैटरी भंडारण कार्यक्रम के अंतर्गत PLI ACC योजना शुरू की थी। 18,100 करोड़ रुपये की इस योजना का लक्ष्य 50 गीगावाट घंटा उत्पादन क्षमता विकसित करना है। इसमें से 40 गीगावाट घंटा क्षमता पहले ही विभिन्न कंपनियों को आवंटित की जा चुकी है। यह क्षमता न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों बल्कि उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, रेल और रक्षा क्षेत्र को भी मजबूत करेगी। इससे यह उम्मीद की जा रही है कि भारत लिथियम बैटरियों के क्षेत्र में धीरे-धीरे आयात पर निर्भरता घटाकर घरेलू वैल्यू चेन तैयार करेगा। इसके अलावा, खनन मंत्रालय ने रणनीतिक खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कई अंतरराष्ट्रीय समझौते किए हैं। ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना, जाम्बिया, पेरू, जिम्बाब्वे, मोजाम्बिक, मलावी, कोट डी आइवरी जैसे खनिज-संपन्न देशों के साथ सहयोग बढ़ाया जा रहा है। साथ ही भारत ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी जैसे संगठनों के साथ भी साझेदारी की है। यह सहयोग न केवल कच्चे खनिजों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा बल्कि टेक्नोलॉजी, अनुसंधान और निवेश के क्षेत्र में भी मददगार होगा। इन सभी प्रयासों से तीन महत्वपूर्ण संदेश निकलते हैं। पहला यह है कि चाहे बैटरी निर्माण हो या रेयर अर्थ मैग्नेट्स का उत्पादन, भारत को अपनी घरेलू वैल्यू चेन विकसित करनी ही होगी। दूसरा है कि चीन पर अत्यधिक निर्भरता की बजाय भारत को खनिजों की आपूर्ति के लिए बहुस्तरीय और बहु-देशीय नेटवर्क खड़ा करना होगा। तीसरा है कि यदि भारत वास्तव में ई-मोबिलिटी और नवीकरणीय ऊर्जा में वैश्विक नेतृत्व चाहता है तो उसे केवल आयात पर आधारित रणनीति से आगे बढ़कर संपूर्ण स्वदेशी पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना होगा। जहां तक यह सवाल है कि रेयर अर्थ मैग्नेट्स क्यों खास हैं तो आपको बता दें कि रेयर अर्थ मैग्नेट्स अब तक के सबसे शक्तिशाली स्थायी चुम्बक माने जाते हैं। इनकी सबसे बड़ी विशेषता है उच्च चुंबकीय क्षमता और डिमैग्नेटाइजेशन (चुंबकत्व खत्म होने) के प्रति प्रतिरोध। इन्हें बनाने में मुख्यतः नियोडिमियम, प्रसीओडिमियम, और डिस्प्रोसियम जैसे रेयर अर्थ तत्वों का प्रयोग किया जाता है।*

### एक्सप्रेस आलेख

**यही कारण है कि वे उपराष्ट्रपति पद की गरिमा और जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम होंगे। भाजपा ने राधाकृष्णन को मैदान में उतारकर विपक्ष के लिए कठिनाई खड़ी कर दी है। उनकी सादगीपूर्ण और निर्दोष छवि के कारण विपक्ष उनके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने में हिचकेगा। साथ ही, वे किसी विवाद या कट्टरपंथी राजनीति से दूर रहे हैं, जिससे उनकी स्वीकार्यता सर्वदलीय स्तर पर अधिक है। वे न केवल चुनावी राजनीति में सक्रिय रहे, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों से भी जुड़े रहे हैं। इससे भाजपा की यह छवि और प्रखर होगी कि वह स्वच्छ और ईमानदार नेतृत्व को प्राथमिकता देती है। राधाकृष्णन क्यों सफल उपराष्ट्रपति साबित होंगे।**

# सीपी राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से कई हित सधेंगे



ललित गर्ग

**इस प्रश्न का उत्तर निम्न पंक्तियों में समाया है कि वे पक्षपात से दूर और सर्वदलीय संवाद को बढ़ावा देने वाले विरल व्यक्तित्व माने जाते हैं। भाजपा संगठन में लंबे अनुभव के कारण वे राजनीतिक नब्ज को भली-भांति समझते हैं। इससे जनता और सभी दलों में उनकी विश्वसनीयता बनी रहेगी। दक्षिण भारत का केन्द्र में समुचित प्रतिनिधित्व होने से वे राष्ट्रीय राजनीति में समावेशिता का चेहरा बनेंगे।**

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करके एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। भाजपा ने बहुत सोच-समझकर उन्हें इस प्रतिष्ठित पद का उम्मीदवार बनाया है। वे तमिल हैं, पिछड़े भी हैं, संघ से जुड़े हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने करीबी एवं साफ-सुथरी छवि वाले राजनायक हैं। भाजपा ने जब उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, तो यह केवल राजनीतिक गणित का परिणाम नहीं था, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का निर्णय था, जो सादगी, ईमानदारी और सेवा की पहचान रखते हैं। उनका चयन भारतीय लोकतंत्र की व्यापकता और समावेशिता का जीवंत प्रतीक है। अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और वहां भाजपा के शीर्ष चेहरों में गिने जाते हैं। उनका उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनना भाजपा की यह घोषणा है कि वह दक्षिण भारत को अब हाशिए पर नहीं, बल्कि सत्ता की मुख्यधारा में लाना चाहती है। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। सीपी राधाकृष्णन उत्तर भारत के भाजपा के राजनीतिक गलियारे में राधाजी के नाम से जाने जाते हैं। तमिलनाडु की कोयंबटूर लोकसभा सीट से 1998 और 1999 के आम चुनावों में भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए सीपी राधाकृष्णन ने स्कूली जीवन से ही आरएसएस का दामन थाम लिया था। हालांकि एक दौर में वे तमिल राजनीति में अन्नाद्रमुक के करीब माने जाते थे। उनके तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं से मधुर संबंध हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में डीएमके भी उनकी उम्मीदवारी का विरोध करना कठिन हो सकता है। उपराष्ट्रपति पद पर उनका चयन ओबीसी समाज को सम्मान और सशक्तिकरण का नया संदेश देगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार इस वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया है। राधाकृष्णन ओबीसी समाज से आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की नीति को बल दिया है। राधाकृष्णन का चयन इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे भाजपा को देशभर में ओबीसी समाज का और अधिक समर्थन मिल सकता है। इससे भाजपा की सामाजिक आधारशिला और मजबूत होगी। भाजपा अपने निर्णयों से हमेशा करिश्मा घटित करती रही है, अपने चतुराई का परिचय देती रही है, सी.पी. राधाकृष्णन का चयन भाजपा की इसी रणनीतिक चतुराई का ही बड़ा उदाहरण है। इससे पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं, दक्षिण भारत में पैठ



**अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं।**

बनाना, ओबीसी समाज को साधना, विपक्ष को असहज करना और साफ-सुथरी राजनीति का संदेश देना। यह तय है कि उपराष्ट्रपति के रूप में वे न केवल भाजपा बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए सफल नायक सिद्ध होंगे। यह एक संयोग की कहा जायेगा कि देश के शीर्ष दो पदों पर विराजमान हस्तियों का नाता झारखंड से रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर चुने जाने से पहले झारखंड की राज्यपाल रहीं और देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे सीपी राधाकृष्णन भी इस राज्य के राज्यपाल रहे हैं। इन दिनों वे महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वे झारखंड के साथ ही तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल चुके हैं। मोदी-शाह का उन पर बड़ा भरोसा रहा है, क्योंकि उन्हें एक समय एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपालों की जिम्मेदारी थमाई गई थी। अभी उपराष्ट्रपति पद पर ऐसे ही भरोसेमंद, निष्ठाशील एवं जिम्मेदार व्यक्ति की ही तलाश थी। उपराष्ट्रपति भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी करते हैं। राधाकृष्णन का अध्ययनशील स्वभाव, शालीन व्यवहार और संतुलित दृष्टिकोण भारत की सॉफ्ट पावर को और मजबूत करेगा। उनका व्यक्तित्व भारत की परंपरा, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रभावी प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय राजनीति में उपराष्ट्रपति केवल राज्यसभा के सभापति ही नहीं होते, बल्कि सर्वदलीय संवाद और लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षक भी होते हैं। राधाकृष्णन का सौम्य व्यक्तित्व, धैर्य और संवाद क्षमता उन्हें इस भूमिका में और अधिक सफल बनाएगी। विपक्षी दलों के लिए भी उनकी छवि स्वीकार्य है, जो संसद की कार्यवाही को संतुलित बनाए रखने में सहायक होगी। सी.पी. राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति पद पर चयन भारतीय लोकतंत्र की उस विशेषता को रेखांकित करता है, जिसमें सादगी और सेवा जैसे गुण सर्वोपरि माने जाते हैं। वे न केवल दक्षिण भारत और ओबीसी समाज का सम्मान हैं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए आशा और संतुलन का चेहरा हैं। निश्चित रूप से वे उपराष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हुए आने वाले वर्षों में एक आदर्श और प्रेरक नायक सिद्ध होंगे। जैसाकि पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन हमारे आदर्श नायक हैं। वैसे भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और वर्तमान उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन के बीच कुछ उल्लेखनीय समानताएं दिखाई देती हैं। भले ही दोनों की पृष्ठभूमि अलग हो, एक महान दार्शनिक, शिक्षक और राजनयिक रहे, तो दूसरे राजनीति और सामाजिक जीवन से जुड़े हैं, फिर भी उनके व्यक्तित्व में कई साझा बिंदु हैं जैसे दोनों का नाम 'राधाकृष्णन' है, जो भारतीय संस्कृति में श्रीकृष्ण से जुड़ी भक्ति, ज्ञान और नीति का प्रतीक है। दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में भारतीय परंपरा और मूल्यों को प्रतिष्ठित किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई और शिक्षा जगत को नई दिशा दी। सी.पी. राधाकृष्णन ने राजनीति और सार्वजनिक जीवन में सेवा, ईमानदारी और पारदर्शिता के लिए ख्याति अर्जित की। डॉ. राधाकृष्णन जीवन भर शिक्षक रहे और शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार माना। सी.पी. राधाकृष्णन का राजनीतिक जीवन भी शिक्षा, नैतिकता और संस्कारों की धरती पर खड़ा है। वे स्वच्छ छवि और सादगी के लिए जाने जाते हैं। दोनों का जीवन साधारण परंतु ऊँचे आदर्शों से जुड़ा रहा। किसी प्रकार का दुराचार या विवाद इन दोनों के जीवन में नहीं जुड़ा, जो आज के राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में बहुत दुर्लभ है। डॉ. राधाकृष्णन को दार्शनिक-राजनेता के रूप में विश्वभर में सम्मान मिला। सी.पी. राधाकृष्णन को जनता का भरोसा, सरल व्यवहार और समाज में उनकी स्वीकार्यता ने एक सम्मानित नेता बनाया। डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय संस्कृति के सार्वभौमिक दृष्टिकोण को स्थापित किया। सी.पी. राधाकृष्णन भी राजनीति में समन्वयकारी, सर्वसमावेशी और राष्ट्रहित की सोच को आगे बढ़ाते हैं। दोनों ही भारतीय मूल्यों, ईमानदारी और राष्ट्र-सेवा के प्रतीक माने जा सकते हैं। राजनीति में सी.पी. राधाकृष्णन की पहचान एक स्वच्छ और सादगीपूर्ण नेता की है। वे कभी भी विवादास्पद राजनीति का हिस्सा नहीं बने, बल्कि अपने संगठन कौशल, जनता से जुड़ाव और सेवाभाव से अपनी अलग जगह बनाई। सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े रहने के कारण उनका व्यक्तित्व सिर्फ राजनीतिक दायरे तक सीमित नहीं रहा।

### आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | चतुर्दशी 11:56 तक |
| नक्षत्रः | आश्लेषा 24:16 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | वारीयन, 14:34 तक |
| सूर्योदयः | 05:55 |
| सूर्यास्तः | 18:52 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 10:46-12:23 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:47 |

## जन एक्सप्रेस

### चमक रहा बाजार !

*आ गई है तेजी ।*
*चमक रहा बाजार ।।*
*लगता अस्थायी ।*
*थमा कुछ बाजार ।।*
*झूम उठे निवेशक ।*
*भाषण चमत्कार ।।*
*देखते हैं कब तक ?*
*है यह असरदार ।।*
*चल रहा माहौल जो ।*
*युग यह टैरिफ वार ।।*
*कब कहां कुछ फट जाए ।*
*सब बैठे तैयार ।।*
*लौट आई रौनक ।*
*पता नहीं चल पाया ।।*
*कह सकते फिलहाल ।*
*इसको वैश्विक माया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# मानसून में फंगल इंफेक्शन से बचाएगी खास जड़ी-बूटी

**बरसात** का मौसम जहां हरियाली और ठंडक लेकर आता है, वहीं यह सेहत के लिए कई तरह की चुनौतियां भी खड़ा कर देता है। इस मौसम में नमी और उमस बढ़ जाती है, जिससे फंगस और बैक्टीरिया तेजी से पनपने लगते हैं। इसी कारण दाद-खाज, खुजली, एक्जिमा और फंगल इंफेक्शन जैसी स्किन संबंधी बीमारियां आम हो जाती हैं। कई बार यह इंफेक्शन इतना जिद्दी होता है कि बार-बार दवा लगाने के बाद भी पूरी तरह ठीक नहीं होता और दोबारा उभर आता है। मॉडर्न मेडिसिन में इसके लिए एंटीफंगल क्रीम और दवाइयां उपलब्ध हैं, लेकिन ये केवल अस्थायी राहत देती हैं। आयुर्वेद में बरसात से जुड़ी इन समस्याओं का गहराई से समाधान बताया गया है। आयुर्वेदाचार्य के अनुसार अगर शरीर को अंदर से शुद्ध किया जाए और स्किन को प्राकृतिक औषधियों से सुरक्षा दी जाए तो इन परेशानियों से लंबे समय तक बचा जा सकता है।

आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा बताते हैं कि ष्टडड्डह्यद्बड्ड ञ्जशह्डड्ड जिसे हिंदी में चक्रमर्द और महाराष्ट्र में टकला या तकला की भाजी कहा जाता है, एक बेहद प्रभावशाली जड़ी-बूटी है जो बरसात में होने वाले फंगल इंफेक्शन से बचाने के लिए जानी जाती है। चक्रमर्द एक मौसमी पौधा है जो बरसात के मौसम में खेतों, झाड़ियों



और सड़कों के किनारे आसानी से उग जाता है। आयुर्वेद में इसे चक्री आकार वाले पत्तों की वजह से चक्रमर्द कहा गया है। महाराष्ट्र और गुजरात में इसकी पत्तियां सब्जी के रूप में खाई जाती हैं और इसे टकला की भाजी के नाम से जाना जाता है। आयुर्वेदिक ग्रंथों में इस जड़ी-बूटी को त्वच्य औषधि (त्वचा रोगों की औषधि) माना गया है। बरसात के मौसम में वातावरण में नमी बढ़ जाती है और ऐसे में पसीना, गीले कपड़े, गंदगी और उमस की वजह से फंगस तेजी से पनपता है। इसके कारण दाद, खुजली, नाखूनों का फंगल इंफेक्शन और एक्जिमा जैसी समस्याएं आम हो जाती हैं। डॉ. शर्मा बताते हैं कि ऐसे समय में अगर शरीर को अंदर से डिटॉक्स किया जाए और त्वचा को एंटीफंगल सुरक्षा मिले तो इन समस्याओं से बचा जा सकता है।

**चक्रमर्द के फायदे:** बरसात के मौसम में उगने वाले चक्रमर्द के पौधे की पत्तियों को महाराष्ट्र में मौसमी सब्जी के रूप में खाया जाता है, जो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी बढ़ाती है। डॉ. श्रेय शर्मा बताते हैं कि चक्रमर्द की पत्तियों और बीजों में पाए जाने वाले प्राकृतिक तत्व फंगस की वृद्धि को रोकते हैं और खुजली-लाल चकत्तों जैसी समस्याओं को ठीक करने में सहायक होते हैं।

**चक्रमर्द का स्किन पर उपयोग:** दाद-खाज की समस्या में इसकी पत्तियों का लेप प्रभावित जगह पर लगाने से आराम मिलता है। चक्रमर्द की पत्तियों का रस खुजली रोकने में उपयोगी है। चक्रमर्द की सूखी पत्तियों का पाउडर बनाकर रोजाना 1 चम्मच गुनगुने पानी के साथ लेना लाभकारी है। इसके बीज या पत्तियों का काढ़ा बनाकर भी त्वचा रोगों में सेवन किया जा सकता है।

**सावधानियां:** गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाएं बिना डॉक्टर की सलाह के इसका सेवन न करें। जिन लोगों को किसी तरह की गंभीर बीमारी या समस्याएं हैं वे डॉक्टर से सलाह लें।

**निष्कर्ष:** बरसात का मौसम जितना सुखद लगता है, उतनी ही आसानी से यह स्किन संबंधी रोगों को जन्म देता है। बाजार में मिलने वाली एंटीफंगल क्रीम अस्थायी राहत देती हैं, लेकिन आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियां लंबे समय तक प्राकृतिक सुरक्षा प्रदान करती हैं।

### एक्सप्रेस विशेष

# राधाकृष्णन से संसदीय परंपराओं की उम्मीद



उमेश चतुर्वेदी

**उत्तर भारत की तरह तमिल राजनीति भी जातीय खांचे में बंटी हुई है। सीपीआर अन्य पिछड़ा वर्ग की कौंडर जाति से आते हैं। जनसंख्या के लिहाज से इस जाति का दबदबा भले ही न हो, लेकिन वह राज्य में बीजेपी का मजबूत आधार वोट बैंक है।**

1999 के आम चुनावों के बाद तमिलनाडु से चुनकर आए युवा सांसद को उसकी पार्टी की ओर से राजधानी दिल्ली में बने रहने की ताकीद की गई थी.. ऐसी ताकीद का मतलब होता है, या तो संसद की महत्वपूर्ण बैठक होने जा रही है और उसमें सांसद का रहना जरूरी है या फिर मंत्रिमंडल का गठन और फेरबदल होने वाला है..हो सकता है कि उसका नाम मंत्री बनने की सूची में शामिल हो और उसे अचानक राष्ट्रपति भवन से बुलावा आ जाए। चूंकि लोकसभा के चुनाव जल्द ही हुए थे, लिहाजा उम्मीद थी कि वह सांसद भी मंत्री बनने वाली लिस्ट में शामिल है। लेकिन उसे बुलावा नहीं आया। बाद में पता चला कि नाम को लेकर भ्रम होने की वजह से उसकी तरह मिलते-जुलते नाम वाले सांसद को बुलावा मिल गया और वह युवा सांसद मंत्री बनने से रह गया था। इस घटना के बाद ढाई दशक की देर भले हुई, लेकिन उसे मंत्रिमंडल में भले ही जगह नहीं मिली, लेकिन अब वह देश का उपराष्ट्रपति बनने जा रहा है। जी हां,ठीक समझा आपने सीपी राधाकृष्णन की जिंदगी से जुड़ी यह घटना है। तब वाजपेयी सरकार में उनकी जगह पी राधाकृष्णन को बुलावा मिल गया और वे मंत्री बन गए थे। पी राधाकृष्णन भी उस बार तमिलनाडु से चुने गए बीजेपी के चार सांसदों में से एक थे। सीपी राधाकृष्णन के साथ अब तक दो तरह के संयोग ज्ञात थे। वे प्रधानमंत्री मोदी की तरह दाढ़ी रखते हैं और उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहा जाता है। दूसरा संयोग यह है कि देश के सर्वोच्च पद पर आसीन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड की राज्यपाल रही हैं, अब उपराष्ट्रपति बनने जा रहे राधाकृष्णन भी झारखंड के राज्यपाल रहे हैं। यानी अब देश के दो सर्वोच्च पदों पर झारखंड के दो पूर्व राज्यपाल होंगे। इन संदर्भों में देखें तो झारखंड दोनों के लिए शुभ रहा। जब भारतीय जनता पार्टी ने सीपी राधाकृष्णन का नाम उपराष्ट्रपति पद के लिए घोषित किया, उसके कुछ वक्त बात उनकी मां जानकी अम्माल ने बताया कि उन्होंने सीपी राधाकृष्णन का नाम देश के पहले उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के नाम पर रखा था। इसे संयोग ही कहेंगे कि सर्वपल्ली के बाद सीपी राधाकृष्णन भी देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे हैं। वैसे तमिलनाडु राज्य से उपराष्ट्रपति बनने वाली तीसरी शख्सियत होंगे। कोयंबटूर के धमाके की चर्चा अरसे तक भारतीय राजनीति में सुनाई देती रही है। कट्टरपंथी संगठन अल्ल उम्माह ने 14 फरवरी 1998 को कोयंबटूर में ग्यारह जगहों पर बारह धमाके किए थे, जिसमें 58 लोग मारे गए और दो सौ से ज्यादा लोग घायल हुए थे। इन धमाकों के निशाने पर बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी, जो सीपी राधाकृष्णन के चुनाव प्रचार के लिए वहां गये थे। सीपी तभी से राष्ट्रीय राजनीति में चर्चा में आ गए। तब अन्नाद्रमुक पार्टी से बीजेपी का राज्य में गठबंधन था, जिसकी वजह से कोयंबटूर लोकसभा सीट से उन्हें भारी मतों में जीत मिली। अगले साल एक वोट से वाजपेयी सरकार के गिरने के बाद जब आम चुनाव हुए तो बीजेपी ने फिर से सीपी राधाकृष्णन को अपना उम्मीदवार बनाया। इस बार बीजेपी का उसी द्रमुक से समझौता था, जो इन दिनों भाषा, नई शिक्षा नीति और मतदाता सूची में गहन पुनरीक्षण को लेकर बीजेपी पर हमलावर है। उस चुनाव में भी सीपी राधाकृष्णन को जीत मिली। लेकिन उसके बाद सीपी से जीत लगातार दूर रही। 2004 और 2014 एवं 2019 की प्रचंड मोदी लहर में भी उन्हें हार मिली। जबकि 2009 में उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था। राधाकृष्णन को तमिलनाडु का मोदी क्यों कहा जाता है, इसकी भी एक कहानी है। साल 2013 में जब नरेंद्र मोदी को बीजेपी ने अगले आम चुनाव के लिए प्रधानमंत्री पद का दावेदार घोषित किया तो उन्हें तमिल टीवी चैनलों पर बहस के लिए बुलाया जाने लगा। इसी एक बहस के दौरान उन्होंने बीजेपी का पक्ष जोरदार तरीके से रखा। उनकी बहस को देख-सुन रहे दर्शकों ने उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहना शुरू कर दिया। देखते ही देखते, तमिल चैनल भी उन्हें तमिलनाडु का मोदी कहकर बुलाने लगे। वैसे उन्हें तमिलनाडु में सीपीआर के नाम से ज्यादा जाना जाता है, जबकि उत्तर भारत के उनके नजदीकी सर्किल में वे राधाजी के नाम से प्रसिद्ध हैं। नरेंद्र मोदी एक दौर में अटल-आडवाणी की जोड़ी के चहेते रहे हैं। वैसे तमिलनाडु में उनकी छवि कुछ-कुछ अटल बिहारी वाजपेयी की तरह है। उनके बेटे और बेटी की शादी में कई दलों में फैली तमिल राजनीति के नेताओं की भीड़ देखते ही बनती थी। उनके हर दल के नेता से बेहतर संबंध रहे हैं। हालांकि एक दौर में अन्नाद्रमुक से उनकी ज्यादा नजदीकी रही।

**लोकसभा में द्रमुक के 22 और राज्यसभा में दस सांसद हैं। अगर ऐसा होता है तो सीपीआर की जीत बड़ी हो सकती है। हालांकि द्रमुक के कई नेता उनके खिलाफ तो नहीं, अलबत्ता बीजेपी के खिलाफ बयान जरूर दे रहे हैं। माना जा रहा है कि बीजेपी ने सीपीआर को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार अगले साल तमिलनाडु में होने जा रहे विधानसभा चुनाव को देखते हुए बनाया है।**

# नगर पालिका परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल, कब मिलेगी पारदर्शिता?



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

नगर पालिका परिषद पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। शुक्रवार को 14 सभासदों का प्रतिनिधिमंडल जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह से मिला और परिषद की कार्यशैली पर जमकर नाराज़गी जताई। भ्रष्टाचार, बजट अनियमितताओं, नेहरू पार्क प्रकरण और शहर की बदहाल स्थिति जैसे मुद्दों पर सभासदों ने स्पष्ट कहा कि नगर पालिका जनता की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर रही। सभासदों का आरोप है कि अप्रैल से अगस्त तक का बजट बिना पारदर्शिता के, विरोध को नज़रअंदाज़ करते हुए जबरन पास दिखाया गया। यह लोकतंत्र की भावना के विपरीत है। आखिर नगर पालिका परिषद इतनी जल्दबाज़ी में बजट क्यों पारित करना चाहती है? क्या इसमें छिपाने के लिए कुछ है? पारदर्शिता का अभाव सीधे-सीधे भ्रष्टाचार की ओर इशारा करता है।

### सभासदों की एकजुटता, जनता की उम्मीद

इस बार 14 सभासदों में पुष्पा उपाध्याय, शिवम श्रीवास्तव, महनाज बेगम, एहतिशाम वली खां, शिखा वर्मा, रतन शुक्ला, राजेंद्र कुमार भारती, सुरेश कुमार लोधी, माया देवी, श्यामलता, उषा देवी, चैतन्य गंगवार समेत अन्य एकजुट होकर जिलाधिकारी के सामने पहुंचे। यह साफ संदेश है कि नगर पालिका परिषद की कार्यशैली से केवल आम जनता ही नहीं, बल्कि निर्वाचित प्रतिनिधि भी असंतुष्ट हैं।

इतना ही नहीं सभासदों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी शिकायतों पर जल्द विचार नहीं हुआ तो वे नगर विधायक व प्रदेश सरकार के मंत्री संजय सिंह गंगवार से सीधे गुहार लगाएंगे और जरूरत पड़ने पर घेराव भी करेंगे। प्रशासन के लिए यह संकेत है कि अब मामले को टालने का समय नहीं है।

नगर पालिका परिषद पर लग रहे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप केवल सभासदों की नाराज़गी भर नहीं हैं, बल्कि यह जनता की पीड़ा का प्रतिबिंब हैं। यदि समय रहते पारदर्शिता और जवाबदेही नहीं लाई गई, तो परिषद पर जनता का भरोसा पूरी तरह उठ जाएगा। अब ज़रूरत है कि जिला प्रशासन इस मामले में निष्पक्ष जांच कराए और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। यही लोकतंत्र की सच्ची भावना होगी।

### नेहरू पार्क प्रकरण- आस्था या घोटाला?

नेहरू पार्क में शिलापट तोड़े जाने और पशु-पक्षियों की प्रतिमाएँ हटाए जाने की घटना किसी साधारण लापरवाही का परिणाम नहीं हो सकती। यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि बिना परिषद की जानकारी के ठेकेदार इतनी बड़ी कार्रवाई कैसे कर सकता है? सभासदों का आरोप है कि इस पूरे प्रकरण में परिषद की मिलीभगत रही। यदि यह सच है, तो इसे किसी भी हाल में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

### शहर की दुर्दशा का जिम्मेदार कौन?

पूरा शहर गड्ढों से पट चुका है, नालों की सफाई अधूरी है, सड़कें जर्जर हैं और लाइटें महीनों से खराब हैं। जनता आए दिन परेशान है, लेकिन परिषद कागज़ों पर विकास की कहानी लिख रही है। सवाल उठता है कि आखिर जनता की गाढ़ी कमाई के कर से आने वाला पैसा कहां जा रहा है?

## मनोज मिश्रा को मिली विश्व हिंदू रक्षा परिषद में प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार के रहने वाले मनोज मिश्रा को विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय ने संगठन में प्रदेश महामंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी है। गुरुवार को मनोनयन के बाद पहली बार पूरनपुर पहुंचे प्रदेश महामंत्री मनोज मिश्रा का कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। असम हाइवे पर कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। उसके मनोज मिश्रा लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए अपने घर पहुंचे। उनके घर पर भी बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। मनोज मिश्रा ने कार्यकर्ताओं का आभार जताते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए गर्व की बात है और वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का विस्तार गांवों से लेकर और शहर तक किया जाएगा। हिंदू समाज की सुरक्षा और एकता के लिए हर स्तर पर कार्य किया जाएगा।

# बरखेड़ा में ई-रिक्शा हादसा: 6 स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल, स्कूल प्रशासन पर कार्रवाई का दावा



जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

कस्बा बरखेड़ा स्थित किंडर गार्डन स्कूल के बच्चों को घर छोड़ने के लिए जा रहे ई-रिक्शा का नियंत्रण चालक खो बैठा और भोपतपुर के पास सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से टकरा गया। हादसे में ई-रिक्शा पलट गया और उसमें सवार छह बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी बच्चों को तत्काल बरखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया गया।बृहस्पतिवार दोपहर को बरखेड़ा के किंडर गार्डन स्कूल से छुट्टी के बाद नौ बच्चे अपने गांव अमखेड़ा (लखनऊ निवासी) लौट रहे थे। ई-रिक्शा में सवार बच्चे कक्षा एक, दो और प्ले ग्रुप के थे। भोपतपुर के पास चालक अनुज का नियंत्रण बिगड़ गया और ई-रिक्शा सड़क किनारे खड़े बिजली के खंभे से टकरा गया।

हादसे में गंभीर रूप से घायल बच्चों में माही, अल्तमस, अरहान, अनस, हुमेरा और नुरे हिरा शामिल हैं। ग्रामीणों ने तुरंत बच्चों को बरखेड़ा सीएचसी पहुंचाया, जहां सूचना पाकर उनके परिजन भी पहुंचे और कई बच्चों को निजी अस्पताल ले जाया गया। ई-रिक्शा चालक अनुज भी घायल हुआ है और उसका इलाज चल रहा है।

### स्कूल प्रशासन और परिवहन विभाग की कार्रवाई

पीलीभीत परिवहन निगम की पीटीओ बर्दिश चतुर्वेदी ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलते ही वे घटनास्थल पर पहुंचीं। उन्होंने कहा कि स्कूल में चल रहे सभी डग्गामार वाहनों की जांच की जाएगी और नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्कूल प्रशासन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उपजिलाधिकारी नागेंद्र पांडेय ने कहा कि जिले के सभी स्कूलों की जांच करवाई जाएगी और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई होगी। खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) अजय कुमार ने बताया कि संबंधित स्कूल उनकी सूची में नहीं है, लेकिन कल जाकर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी परमेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस घटना की गंभीरता से जांच कर रही है और किसी भी शिकायत मिलने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस पर ग्रामीणों का कहना है कि कस्बा बरखेड़ा का यह किंडर गार्डन स्कूल बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं है। बच्चों की जान खतरे में डालने वाले इस तरह के डग्गामार वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। हादसे ने बच्चों के अभिभावकों और क्षेत्रवासियों में भय और आक्रोश पैदा कर दिया है। लोग स्कूल प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

# एफएलएन और एनसीईआरटी का प्रशिक्षण शुरू



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हो गया है। गुरुवार को छठे और सातवें बैच का पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण साईं गर्ल्स डिग्री कालेज में शुरू हुआ। इसमें प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षक और शिक्षामित्रों ने दो बैंचों में 100 प्रतिभागियों ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया। सन्दर्भदाता वीरसिंह कुशवाहा, पटेल अरुण, अनीता विश्वकर्मा, अजय तोमर के द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत एफएलएन तथा एनसीईआरटी पाठ्य पुस्तकों पर भाषा और गणित की बुनियादी आधारित गुणवत्ता शिक्षा संवर्द्धन के अंतर्गत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों का प्रशिक्षण कराया जा रहा है। प्राथमिक स्कूलों में अध्ययनरत कक्षा तीन तक के छात्रों की हिंदी वीणा, संतूर अंग्रेजी, गणित मेला बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान हासिल कराने के लिए स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों को प्रशिक्षित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सन्दर्भदाता ने प्रशिक्षण में भाषा और गणित में भाषा पर समझ बनाना, शिक्षण सहायक सामग्रियों का कक्षा शिक्षण में प्रयोग, निपुण आकलन, प्रभाव पूर्ण पठन, कक्षा-कक्ष में कार्य करना, शिक्षक संदर्शिकाओं, पाठ्य पुस्तक, कार्य पुस्तिकाओं आदि पर विस्तार से जानकारी साझा की गई। जिससे बच्चों को विद्यालय में आकर्षक एवं शैक्षिक वातावरण मिल सके। प्रशिक्षण का प्रभावशाली ढंग से स्कूल में जाकर क्रियान्वयन का भौतिक सत्यापन प्रशिक्षण के उपरांत किया जाएगा। प्रशिक्षण में पहले दिन ज्ञान समीक्षा ऐप के माध्यम से प्री टेस्ट, फीडबैक और ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई गई। प्रशिक्षण में शिक्षक ओमप्रकाश कुशवाहा, प्रभुदयाल, कुंदनसिंह, राधाकृष्ण कुशवाहा, कंचन देवी कुशवाहा, अंजू जैसवार, शहवाज खां, विमलेश राठौर, प्रदीप राठौर, विमला देवी, गीता देवी, माधौराम, विनोद सिंह, अजय कुशवाहा, मनोरमा, मीरा, अनिल सागर आदि मौजूद रहे।

## शारदा नदी ने आबादी की ओर किया रुख कई एकड़ गन्ने की फसल नदी में समाई



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

जलस्तर बढ़ने पर शारदा नदी ने आबादी की ओर रुख कर लिया है। आधा दर्जन किसानों की गन्ने की फसल नदी निगल चुकी है। इसको लेकर खलबली मची हुई है। ग्राम प्रधान ने एसडीएम को पत्र देकर बचाव कार्य शुरू करने की मांग की है। लगातार हो रही बरसात से शारदा नदी का जलस्तर भी बढ़ता जा रहा है। इससे ग्रामीणों की चिंता भी बढ़ने लगी है। गुरुवार को चंदिया हजारा के ग्राम प्रधान वासुदेव कुंडू ने एसडीएम को भेजे पत्र में बताया कि उनकी ग्राम पंचायत के गांव धनारा में पिछले तीन-चार दिन से शारदा नदी तेजी से कटान कर रही है। नदी में धनीराम, रमेश, विनय, बद्री, काशीराम, रामचंद्र, परमात्मा आदि की गन्ने की फसल नदी में समा गई है। नदी ने थाना हजारा का पुराना भवन पहले ही निगल लिया था।अब नदी ने दोबारा उस और रुख कर लिया है। नई आबादी की ओर शारदा नदी के बढ़ने से ग्रामीणों में अफरा तफरी मच गई है। ग्राम प्रधान ने एसडीएम से बचाव और राहत कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# दुधिया खुर्द पहुंचे एसडीओ ने ग्रामीण को पढ़ाया नियमों का पाठ

> आईजीआरएस की शिकायत का निस्तारण करने गया था। ग्रामीण को कनेक्शन कराने के बाद ही वैध तरीके से बिजली का उपभोग करने के लिए बताया गया। कटिया डालने पर बिजली चोरी की कार्रवाई की जाएगी।
>
> मोहित गुप्ता, एसडीओ



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

ग्रामीण ने आईजीआरएस पर भैंस को मक्खी और मच्छरों से बचाने के लिए कटिया डालकर विभाग से बिजली चोरी करने की अनुमति मांगी थी। इसके लिए ग्रामीण ने दो सौ रुपए प्रतिमाह चुकता करने की बात कही। शिकायत का निस्तारण करने पहुंचे एसडीओ ने ग्रामीण को विभागीय नियमों का पाठ पढ़ाते हुए कनेक्शन कराने को कहा। बिना कनेक्शन बिजली का उपभोग करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। तहसील क्षेत्र के गांव दुधिया खुर्द के रहने वाले एक ग्रामीण ने उसकी भेंस को मच्छर लगने पर बिजली विभाग से बिजली चोरी करने की अनुमति मांगी। उसने कहा जब सरकार किसानों को मुफ्त मोटरें चलवा सकती है तो उसकी भैंस के लिए बिजली भी दे सकती है। कटिया डालकर उसने बिजली का उपभोग करने की बात कही। ग्रामीण ने बताया कि दिन में मक्खी और रात को मच्छरों के प्रकोप के चलते उसकी भैंस सो नहीं पाती है। बिजली चोरी करने के एवज में दो उसने दो सौ रुपए प्रतिमाह भुगतान करने का भी वायदा किया। इस अजीबो गरीब शिकायत का मामला एसडीओ मोहित गुप्ता के पास पहुंचा तो वह भी हैरत में पड़ गए। गुरुवार को एसडीओ मोहित गुप्ता दुधिया खुर्द गांव में उस ग्रामीण के घर पहुंचे। उसकी पशुशाला देखी जहां भेंस बंधी हुई थी। ग्रामीण ने एसडीओ के सामने भैंस को मच्छर लगने की समस्या रखी। एसडीओ ने उसे बिजली चोरी न करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने प्रक्रिया के तहत बिजली कनेक्शन कराने के बाद ही भैंस के पास पंखा चलाने को कहा। एसडीओ ने कहा तुम्हारी डिमांड से समाज में गलत संदेश जा रहा है। एसडीओ ने कटिया डालकर बिजली चोरी करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# कढ़ैरचौरा में हुई गोकशी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

- उपकरणों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार पुलिस द्वारा तलाश जारी



जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

पांच दिन पहले कढ़ैरचौरा के पास प्रतिबंधित पशु के अवशेष खेतों में पड़े मिले थे। पुलिस मामले की छानबीन कर रही थी। गौकशी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से मांस काटने के उपकरण और बाइक बरामद हुई। तीन आरोपी अभी फरार हैं। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव कढ़ैरचौरा के मौजा जसवंतपुर में बीते 16 अगस्त को साधू वर्मा पुत्र फूलचंद वर्मा के खेत में गौवंशीय पशु के अवशेष पड़े मिले थे। सूचना पर भारतीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पहुंचकर पुलिस को अवगत कराया था। मौके पर पड़ताल करने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। इस मामले में अज्ञात पर पशु वध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। गुरुवार को गौकशी करने वाले आरोपी मोहसिन रजा उर्फ कल्लू पुत्र बाबू खां, मेहताब वेग पुत्र रियाज निवासी जादौपुर गहलुइया को खुटार हाईवे पर हरिपुर कलां नहर के मोड़ पर पकड़ लिया।आरोपियों के पास से बिना नंबर प्लेट की एचएफ डीलक्स बाइक भी बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस ने पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि 16 अगस्त की रात दोनों आरोपियों ने नईम खान पुत्र आमिन खां, गौस मोहम्मद पुत्र सफीउल्लह, बाबू वेग पुत्र अफसर निवासी जादौपुर गहलुइया के साथ मिलकर खेत में गोवंशीय पशु की हत्या की थी। मांस काटने के उपकरण वह अपने साथ रखते हैं। पकड़े गए दोनों आरोपी गौकशी के लिए पशुओं को ढूंढ रहे थे। पुलिस ने उन्हें धर दबोचा। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया। फरार तीनों आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है। कोतवाल सतेंद्र कुमार ने बताया कि दो आरोपियों को गौकशी के मामले में जेल भेज दिया गया है। फरार चल रहे तीनों आरोपियों को भी शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बेकाबू कार पलटी कोई हताहत नहीं

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी। नीलगाय को बचाने के चक्कर में बेकाबू हुई कार बेलरायां-पनवारी स्टेट हाईवे के किनारे खाई में जा गिरी। कार के चारों पहिए ऊपर को हो गए। हालांकि इसमें सवार सभी लोग बाल-बाल बच गए। उत्तराखंड राज्य से चलकर उत्तर प्रदेश के जिला लखीमपुर खीरी के तिकुनिया क्षेत्र में अपनी रिश्तेदारी खैरटिया कार से आ रहे थे।बुधवार रात जब वह सिंगाही थाना क्षेत्र में बेलरायां-पनवारी स्टेट हाईवे पर धालीवाल गन्ना क्रेशर के पास पहुंचे। तभी सामने आई एक जंगली जानवर नीलगाय को बचाने के चक्कर में बेकाबू हुई कार सड़क किनारे खाई में पलट गई। उसके चारों पहिए आसमान की तरफ हो गए। किसी तरह से कर में सवार सभी लोग कर से बाहर आए और अपने रिश्तेदार हरभजन सिंह निवासी कड़िया को फोन द्वारा सूचित किया। सूचना पर पहुंचे रिश्तेदारों ने सभी को सुरक्षित अपने साथ घर ले गए। हालांकि हादसे में सभी कार सवारों को मामूली चोटें ही आई है।

### महिला किसानों के साथ बैठक

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। बेहजम क्षेत्र के पैला ग्राम पंचायत में केन्द्र सरकार द्वारा आजीविका मिशन परियोजना के अन्तर्गत महिलाओं को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने बनाए हेतु सृजनी दुग्ध उत्पादन संस्था लिमिटेड बरेली द्वारा संचालित दुग्ध संकलन केन्द्र पर कंपनी के एरिया प्रबंधक अतिल चौधरी सुपरवाइजर रिंकू सिंह ने महिला किसानों के साथ बैठक की । बैठक में महिलाओं को किस प्रकार अपने दुधारू पशु की समुचित देखभाल और उनके रखरखाव और उनके बीमार होने पर उनका उपचार करने के लिए जागरूक किया वहीं उन स्वस्थ पशुओं से दुग्ध का अच्छा उत्पादन हो और संस्था अच्छी कीमत पर उनका दुग्ध क्रय कर उनके बैंक खातों में इन लाइन सीधा भुगतान करती और उन्हें नये अच्छे किस्म का दुधारू पशु भैंस और गाय खरीदने हेतु बैंक द्वारा न्यूनतम ब्याज दर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। जिससे महिलाएं आत्मनिर्भर रहें दुग्ध का अच्छा उत्पादन हो।सृजनी संस्था द्वारा जिस किसान का वर्ष भर कम से कम दो दिन और अथवा पांच सौ लीटर दुग्ध सृजनी कंपनी को दिया है उन्हें बोनस दिया गया और पांच लीटर का स्टील का कंटर वितरण किया गया। इस मौके पर दुग्ध संकलन केन्द्र सहायिका शशी शर्मा सुशील शर्मा, विट्टो देवी पत्नी श्रीपाल मिश्रा ग्राम प्रधान, रीता देवी, ममता देवी, जगदेई गुड्डी देवी सुमित्रा देवी, माया देवी, राम श्री, आशा देवी, सुनीता, गीता, बिटाना,सुधा,ऊषा देवी सहित दर्जनों महिला किसानों ने बैठक में भाग लिया।

### दो ने खाया जहर सीएचसी में प्राथमिक उपचार

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। खैरपुर और कस्बे की रहने वाली युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक दवा पी ली। दोनों को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कस्बे के एक मोहल्ले की रहने वाली युवती सुष्मिता ने बुधवार रात घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन घबरा गए। उन्होंने युवती को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। सीएचसी में उपचार के बाद भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। इस पर डॉक्टर ने युवती को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरा मामल कोतवाली क्षेत्र के गांव खैरपुर का है। यहां के रहने वाले नफीस अहमद ने गुरुवार का घर में रखी चूहे मार दवा का सेवन कर लिया। इससे नफीस की हालत खराब हो गई। परिजन सीएचसी लाए। उसके बाद डाक्टर ने नफीस को गभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# गौरव पांडे बने अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नगर अध्यक्ष, विवेक और रवि को महामंत्री की जिम्मेदारी







जन एक्सप्रेस। पूरनपुर

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा ने नगर में संगठन को विस्तारित किया है। संगठन के जिला अध्यक्ष पंडित आनंद मिश्रा ने गौरव पांडे पुत्र सत्य प्रकाश पांडे को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा में नगर अध्यक्ष बनाया है।

उनके अलावा विवेक तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी और रवि मिश्रा पुत्र सतीश चंद्र मिश्रा को नगर महामंत्री मनोनीत किया गया है। पदाधिकारियों के मनोनीत किए जाने पर तहसील महामंत्री नवनीत मिश्रा ने कहा इससे संगठन को और मजबूती मिलेगी। तहसील अध्यक्ष हरगोविंद बाजपेई, अश्वनी शुक्ला, सुनील मिश्रा, हरिओम पांडे, गोपाल मिश्रा, रजनीश पांडे, अवनीश शुक्ला, मानस शुक्ला, सुशील मिश्रा, सर्वेश पांडे, अंबर मिश्रा, अवलोक मिश्रा और राहुल अवस्थी ने नए पदाधिकारी को बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

# गजरौला में सड़क हादसा: अज्ञात वाहन की टक्कर से दंपत्ति की मौत, 8 साल का बच्चा गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

जनपद के गजरौला थाना क्षेत्र के असम हाईवे पर विनौर गुरुद्वारे के पास देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ।

अज्ञात वाहन ने पल्सर मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दंपत्ति की मौके पर मौत हो गई और उनका आठ वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।बताया जा रहा है कि लखीमपुर खीरी जिले के बेहड़ा मुल्तान निवासी रजनीश वर्मा (40) पुत्र रामऔतार और उनकी पत्नी संगीता वर्मा (38) अपने आठ वर्षीय बेटे के साथ रुद्रपुर की प्राइवेट फैक्ट्री से घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर मार दी।

टक्कर लगते ही दंपत्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि बच्चा छिटक कर दूर जा गिरा। गस्त कर रही गजरौला पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। उन्होंने पहले घायल बच्चे को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल भेजा, जबकि पति-पत्नी को बाद में एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने रजनीश वर्मा और संगीता वर्मा को मृत घोषित कर दिया। घायल आठ वर्षीय बच्चे का उपचार जिला अस्पताल में जारी है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और अज्ञात वाहन चालक की खोज में सभी संभावित रास्तों की निगरानी तेज कर दी हैं।स्थानीय लोग हादसे को लेकर आक्रोशित हैं। उनका कहना है कि हाईवे पर अक्सर तेज रफ्तार वाहन चलते हैं, जिससे सड़क सुरक्षा जोखिमपूर्ण हो गई है। ग्रामीण पुलिस और प्रशासन से मांग कर रहे हैं कि ऐसे हादसों को रोकने के लिए सुरक्षा उपाय जल्द लागू किए जाएं।

# नाबालिग से दुष्कर्म का मामला

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



नीमगांव थाना क्षेत्र में एक नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान राजेश कुमार के रूप में हुई है, जो बढरिया गांव का रहने वाला है और पेशे से कारपेंटर है। घटना उस समय हुई जब पीड़िता के घर पर विंडो और तख्त बनाने के लिए आरोपी आया था। उस वक्त पीड़िता के पिता गन्ना बांधने के लिए खेत में गए थे और मां अपने बेटे के लिए सीतापुर से दवा लेने गई थी। आरोपी ने पीड़िता को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और मौके से फरार हो गया।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे वारंटी/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह परिहार के पर्यवेक्षण में नीमगांव पुलिस ने कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार धीमान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 35 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया।आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।गिरफ्तारी में उप निरीक्षक सिद्धांत पवार और कांस्टेबल विकास कुमार, अक्षय कुमार व प्रशांत कुमार की टीम शामिल थी।

# छठवें दिन कथा वाचक पंडित ईश्वरदीन मिश्र ने गणेश वंदना के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी



नौरंगाबाद में शक्ति नाथ मंदिर पर युवक मंगल दल कमेटी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचक पंडित ईश्वरदीन मिश्र ने गणेश वंदना के साथ भागवत कथा का शुभारंभ किया उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया श्री कृष्णा और रुक्मणी के विवाह के अमृत वर्षा का श्रद्धालुओ के समक्ष कथा सुनाई गई जब जब धर्म की हानि होती है तब तब प्रभु को मानव रूप धारण कर अधर्म का नाश करने के लिए अवतार लेते है।मनुष्य को मोह माया से दूर रहकर प्रभु के चरणों मे जाने पर आत्म संतुष्टि मिलती है भागवत कथा में पंडित ईश्वरदीन मिश्र कथा में कृष्ण जन्म का प्रसंग सुनाते हुए कहा कंस के आतंक से पीड़ित लोगों को निजात दिलाने के लिए अवतार भगवान ने कृष्ण रूप धारण कर कंस का वध करने के लिए अवतार लिया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि यादुवेंद्र अवस्थी, ओम प्रकाश पाल, डॉ पौरुष कुमार, नरोत्तम पाल, अभयराज, शिवकिशोर, राम चन्द्र, बैजनाथ, श्री प्रकाश, नत्थू लाल, लालजी यादव, सहित भक्तगण मौजूद रहे।

### जिला गन्ना अधिकारी ने गन्ने में देखा कीट व रोग का प्रकोप

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। खंभारखेड़ा बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल खम्भारखेड़ा क्षेत्र के गांवों क्रमशः कोडरी, मुरादनगर, पतरासी, खोस्टवा, चमेली, राजापुर एवं कोठिया में गन्ने पर कीट व रोगों के प्रभाव के सत्यापन के लिये मिल प्रबन्धन एवं गन्ना विभाग द्वारा 12 टीमों का संयुक्त रूप गठन किया गया। जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह द्वारा 07 ग्रामों का भ्रमण किया गया।

### तेंदुए ने खेत में बछिया को बनाया निवाला

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। उत्तर निघासन बेलराया वन क्षेत्र में तेंदुए की मौजूदगी से ग्रामीणों में भय का माहौल है। फरदहिया गांव के गन्ने के खेत में तेंदुए ने एक बछिया का शिकार कर लिया। इस घटना के बाद से क्षेत्र के लोग खेतों में जाने से कतरा रहे हैं।ग्रामीणों ने इस घटना की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर परिस्थिति का जायजा लिया। ग्रामीणों ने वन विभाग से तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने और लोगों को जागरूक करने की मांग की है।उत्तर निघासन बेलराया वन रेंज के रेंजर भूपेंद्र सिंह ने बताया कि वन विभाग की टीम क्षेत्र में लगातार गश्त कर रही है। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वासन दिया है कि विभाग तेंदुए को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास करेगा और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।

# सरयू में बढ़ रहा पानी, लाल निशान से 55 सेमी ऊपर चढ़ी नदी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर



नदियों के जलस्तर के नीचे-ऊपर होने का क्रम जारी है। अब सरयू नदी बरहज में खतरे के निशान से 55 सेमी ऊपर पहुंच गई है। नदी के बढ़ने का क्रम जारी है। दूसरी तरफ अयोध्या में यह नदी खतरे के निशान से 15 सेमी ऊपर बह रही है। दूसरी तरफ जिले में बहने वाली राप्ती सहित अन्य प्रमुख नदियों का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है।

केंद्रीय जल आयोग की रिपोर्ट के मुताबिक, सरयू नदी अयोध्या से लेकर बरहज तक लगातार बढ़ रही है। तीन दिन पूर्व सरयू नदी अयोध्या में खतरे के निशान से 5 सेमी नीचे आ गई थी। जबकि उसका जलस्तर बरहज में लाल निशान से 20 सेमी ऊपर था। अचानक एक बार फिर सरयू का जलस्तर बढ़ने लगा है। वह खतरे के निशान से 55 सेमी ऊपर पहुंच गई।

दूसरी तरफ राप्ती नदी का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। बर्डघाट में नदी बुधवार को खतरे के निशान से 2.38 मीटर नीचे थी। इसी प्रकार रोहिन नदी त्रिमुहानी घाट पर 2.90 मीटर और गोर्रा नदी पिड़रा घाट पर लाल निशान से से 2.30 मीटर नीचे बह रही है। सरयू नदी बलिया में जाकर गंगा नदी में मिलती है। गंगा का जलस्तर लगातार ऊपर-नीचे हो रहा है। हालांकि गंगा खतरे के निशान से नीचे है।

> सरयू में अन्य नदियों का पानी आ रहा है। इसके चलते जलस्तर में वृद्धि हो रही है।
> **-विकास कुमार सिंह, मुख्य** अभियंता-सिंचाई विभाग

## अपराध नियंत्रण के लिए करें प्रभावी कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने मंगलवार की रात में गूगल मीट के माध्यम से जनपद के समस्त थाना प्रभारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं अपर पुलिस अधीक्षक संग अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं और विशेष अभियानों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अपराध पर प्रभावी अंकुश, कानून-व्यवस्था की सुदृढ़ता और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर जोर दिया। एसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण की स्थिति को और मजबूत करने के लिए पुलिस को प्रभावी व त्वरित कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने ऑपरेशन क्लीन की प्रगति का भी जायजा लिया और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए दिशा-निर्देश दिए।

## ई-रिक्शा पलटा, घायल

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के बैरिया चौराहे के पास बुधवार की शाम एक ई-रिक्शा पलट गया। इस हादो में एक महिला घायल हो गई। मौजूद लोगों ने उसे सीएचसी कसया भेजवाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। रविंद्रनगर धूस थाना क्षेत्र के साड़ी खुर्द के टोला बंजारापट्टी दक्षिणी निवासी समसुद्दीन अंसारी पत्नी किताबुन और बेटी के साथ कसया गए थे। वहां से समसुद्दीन घर लौट आए, जबकि पत्नी और बेटी ई-रिक्शा से घर आ रही थीं।

# एमएमएमयूटी में पहली बार 1100 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

## बीटेक के 918, एमबीए के 95 छात्रों को मिली नौकरी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर




मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने अपने छात्रों को प्लेसमेंट दिलाने की दिशा में सत्र 2024-25 में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। पहली बार विश्वविद्यालय के 1100 छात्र-छात्राओं को प्लेसमेंट मिला है। प्लेसमेंट पाने वालों में बीटेक के साथ ही अन्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थी भी शामिल हैं।

एमएमएमयूटी के प्लेसमेंट सेल के चेयरमैन प्रो. वीके द्विवेदी ने बताया कि इससे पहले सत्र 2021-22 में सर्वाधिक 1022 विद्यार्थियों को प्लेसमेंट मिला था। इस बार बीटेक कंप्यूटर साइंस के छात्र-छात्राओं को 172, आईटी के 96, इलेक्ट्रॉनिक्स के 208, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के 174 और मैकेनिकल के विद्यार्थियों को 171 प्लेसमेंट ऑफर मिले।

नए सत्र में भी 18 विद्यार्थियों को प्लेसमेंट

सत्र 2025-26 में भी छात्रों के प्लेसमेंट के लिए कंपनियां आने लगी हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनी जोश टेक्नोलॉजी ने आईटी के छात्र आयुष पटेल को 14.47 लाख रुपये का पैकेज ऑफर किया है। कंप्यूटर साइंस के छात्र दिनकर गुप्ता को 12.35 लाख व आईटी के अदम्य सिंह को 11 लाख के पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है। सोहो रिसर्च में सीएस की छात्रा अंजली को 7 लाख के पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है। इसके अलावा इंटर्न इलाइट कंपनी में 14 छात्र-छात्राओं को 6 लाख के पैकेज पर प्लेसमेंट मिला है।

# घर में बेटी की शादी की चल रही थी तैयारियां...ग्रिल तोड़कर 10 लाख नकदी समेत 70 लाख की चोरी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

ग्राम प्रधान के बेटे व भट्ठा संचालक कृष्णपाल ने बताया कि उनकी छोटी बहन की शादी तय हो चुकी है। डेट फाइनल होना बाकी है। जेवर के साथ कपड़ों की भी खरीदारी हो चुकी थी। पूरा सामान मां शारदा चंद्र के कमरे में रखा हुआ था। मंगलवार देर रात पूरा परिवार कमरे में सो रहा था। मंगलवार को उमस के चलते मां, बहन के कमरे में सोने चली गईं।

दुबौली के सहदोडॉड़ गांव में बेटी की शादी से पहले महिला ग्राम प्रधान शारदा चंद्र के घर चोरी हो गई। मंगलवार देर रात खिड़की का ग्रील तोड़कर भीतर घुसे तीन नकाबपोशों ने 10 लाख रुपये समेत 70 लाख के जेवर व कपड़े उड़ा दिए। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में तीन आरोपियों की तस्वीर कैद हुई है।

सूचना पर फॉरेंसिक टीम संग पहुंचे एसपी साउथ जितेंद्र कुमार तोमर ने छानबीन की। एसपी ने मामले के पर्दाफाश के लिए क्राइम ब्रांच के साथ सर्विलांस की टीम को भी लगाया है।

वहीं देर रात एसएसपी राजकरन नय्यर ने गोला थाना प्रभारी अंजुल चतुर्वेदी को लाइन हाजिर कर दिया। उनके स्थान पर पुलिस लाइन से संबंद्ध निरीक्षक राहुल शुक्ल को तैनाती दी गई है।

ग्राम प्रधान के बेटे व भट्ठा संचालक कृष्णपाल ने बताया कि उनकी छोटी बहन की शादी तय हो चुकी है। डेट फाइनल होना बाकी है। जेवर के साथ कपड़ों की भी खरीदारी हो चुकी थी। पूरा सामान मां शारदा चंद्र के कमरे में रखा हुआ था। मंगलवार देर रात पूरा परिवार कमरे में सो रहा था। मंगलवार को उमस के चलते मां, बहन के कमरे में सोने चली गईं।

देर रात खिड़की का ग्रिल काटकर मां के कमरे में घुसे नकाबपोशों ने नकदी समेत अलमारी, बेड बॉक्स व बक्से में रखे 10 लाख रुपये समेत 70 लाख रुपये के जेवर व कपड़े आदि चुरा लिए। चोरों ने भीतर से मां का कमरा भी बंद कर दिया था।

बुधवार सुबह जब ग्राम प्रधान कमरे में जाने लगीं तो दरवाजा भीतर से बंद मिला। अनहोनी की आशंका के चलते उन्होंने जानकारी बेटे को दी। जब उन्होंने बाहर से जाकर देखा तो खिड़की का ग्रिल निकला हुआ था। कमरे का सामान बिखरा था। इधर, ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले के पर्दाफाश के लिए क्राइम ब्रांच के साथ सर्विलांस की टीम को लगाया गया है। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होंगे- जितेंद्र कुमार, एसपी साउथ

पुलिस टीम ने जब ग्राम प्रधान के घर के भीतर व बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले तो तीन नकाबपोश चोर रात करीब 12:20 बजे घर के बाउंड्री के बाहर दिखाई दिए। चोर मकान के पीछे लगे सीसीटीवी कैमरे भी उखाड़कर अपने साथ ले गए। पुलिस ने डीवीआर को अपने कब्जे में लिया है।

## वाहन की टक्कर से युवक घायल

जन एक्सप्रेस | देवरिया

क्षेत्र के भरसड़ा मोड़ पर मंगलवार की देर शाम अज्ञात वाहन की टक्कर से ससुराल जा रहे खुखुंदू थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली निवासी, बाइक सवार रमेश चौहान 35 पुत्र हीरामन चौहान गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने हालत नाजुक देख महर्षि देवराहा बाबा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। खुखुंदू थाना क्षेत्र के शेरवां बभनौली निवासी रमेश चौहान बाइक से अपने ससुराल पैना गांव जा रहा था। इसी बीच भरसड़ा मोड़ स्थित रामजानकी मार्ग पर तेज और अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे वह घायल हो गया। चिकित्साधीक्षक डॉ. अजय पाल ने बताया कि प्राथमिक इलाज कर हालत नाजुक देख मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया है।

# व्यापारी को फंसाया तो पत्नी पड़ी पीछे... सबूत दिए तो खुल गया गैंगस्टर का काला चिट्ठा

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर

जेल के भीतर से ठगी का इतना बड़ा खेल चलने पर जेल प्रशासन की भूमिका भी कटघरे में है। सूत्रों का मानना है कि बिना मिलीभगत के इतना बड़ा खेल संभव नहीं। जेल के भीतर से सादिया के भाई को कॉल कर बुलाना, फिर अलग-अलग नामों से मुलाकात करना बिना मिलीभगत से संभव नहीं है।

क्सा हुसैन निवासी व्यापारी पर गैंगस्टर विकास सिन्हा ने पांच गंभीर धाराओं में केस दर्ज कराकर जेल भिजवा दिया था। इसके बाद पति को बचाने के लिए व्यापारी की पत्नी ने मोर्चा संभाला। तीन साल तक पैरवी कर पति को जेल से बाहर निकालवाया। इसके बाद वह गैंगस्टर के पीछे पड़ गईं। पुलिस को खुद साक्ष्य उपलब्ध कराने के साथ ही उसके गैंग का काला चिट्ठा खोल दिया।



जेल में बेल व दोषमुक्त कराने के नाम ठगी का पर्दाफाश भी व्यापारी की पत्नी ने ही कराया है। महिला का दावा है कि वह जल्द ही गैंगस्टर के एक और कारनामे का पर्दाफाश करेंगी। चक्सा हुसैन निवासी सैबा अनवार ने बताया कि मोतिहारी जिले के टाउन हाल बलुआताल निवासी विकास सिन्हा जेल बाईपास, पादरी बाजार के पास पहले अस्पताल चलाता था।

उसने व्यापार और हॉस्पिटल में शेयर देने के नाम पर उनके पति इम्तियाज से 10 लाख रुपये लिए थे। रुपये मांगने पर विकास ने पति पर छेड़खानी, पॉक्सो और दुष्कर्म समेत पांच केस दर्ज करा दिए। इसके बाद समझौता कराने के लिए 50 लाख रुपये मांगने लगा। इन्कार पर उन्हें जेल भिजवा दिया। पति इम्तियाज को बचाने के लिए उन्होंने तीन साल तक केस की पैरवी की।

उस दौरान उन्होंने पुलिस को खुद साक्ष्य उपलब्ध कराए। इसके बाद विकास सिन्हा गैंग का पर्दाफाश हुआ। अक्तूबर 2023 में विकास पर फर्जी केस और रंगदारी वसूलने के मामले में पहला केस दर्ज हुआ और वह जेल गया। ठगी प्रकरण में भी उन्होंने जेल में बंद सादिया के भाई के सहयोग से जेल मुलाकात रजिस्टर, कॉल डिटेल्स और लेन-देन से जुड़े दस्तावेज जुटाए और सादिया के भाई को लेकर सीधे पुलिस अधिकारियों के समक्ष पेश हुईं। व्यापारी की पत्नी की ओर से दिए गए दस्तावेजों की जांच में मामला सही पाया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर गैंगस्टर और उसके साथियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।

अधिकारियों का कहना है कि इस गिरोह ने और कितने लोगों से वसूली की है, इसकी जांच की जा रही है। महिला ने अब पड़ताल कर एक नई शिकायत एसएसपी से की है। जांच में मामला सही पाए जाने पर जल्द ही विकास व उसके गैंग पर एक और केस दर्ज हो सकता है।

सादिया अंसारी से जेल में मुलाकात के बाद रचा गया खेल

पति की हत्या के मामले में जेल में बंद सादिया की मुलाकात गैंगस्टर विकास कुमार सिन्हा, उसकी पत्नी रेखा सिंह व मां गीता सिंह से हुई थी। रेखा सिंह ने सादिया का आश्वासन दिया कि उसके पति पेशे से वकील हैं, जिनकी पहुंच बड़े-बड़े अधिकारियों से है। हम लोग जल्द ही जेल से जमानत पर छूट जाएंगे और तुम्हारी भी जमानत कराते हुए केस से बरी करा देंगे।

# एनसीसी में चयन के लिए शारीरिक व लिखित परीक्षा में 195 कैडेटों ने भाग लिया

जन एक्सप्रेस | देवरिया



मदन मोहन मालवीय पीजी कॉलेज भाटपार रानी में बुधवार को स्नातक स्तर पर कला तथा विज्ञान संकाय में अध्यनरत प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने एसीसी चयन के लिए शारीरिक तथा लिखित परीक्षा के टेस्ट में भाग लिया । एनसीसी में चयन हेतु कुल 39 जगहों के सापेक्ष 195 कैडेटों ने चयन प्रक्रिया में भाग लिया।

इस चयन प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए 52 बटालियन एनसीसी देवरिया के सूबेदार मेजर विनय कुमार, सूबेदार मुन्ना शाह, जीसीआई श्रेया शुक्ला तथा वरिष्ठ लिपिक पुनीत शाही एवं अन्य परेड इंस्पेक्टर स्टाफ उपस्थित रहा । अंतिम चयन प्रक्रिया महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी कैप्टन राम अवतार वर्मा के देखरेख में संपन्न होगा। उन्होंने बताया कि चयन प्रक्रिया के नियम 52 बटालियन एनसीसी देवरिया के कमान अधिकारी कर्नल दिग्वेंद्र सिंह द्वारा निर्धारित किया गया था। चयन प्रक्रिया में स्नातक स्तर पर अध्यनरत छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रदर्शन किया। प्रतिभाग करने वाले कैडेटों में छात्राओं की सहभागिता छात्रों के अपेक्षा ज्यादा थी। इस प्रक्रिया का परिणाम कमान अधिकारी के निर्देशन में निर्धारित बोर्ड द्वारा लिखित और शारीरिक परीक्षा की मूल्यांकन के बाद प्राप्त अंकों की संयुक्त मेरिट के आधार पर घोषित किया जाएगा।

## कुंडौली में होम्योपैथिक अस्पताल के लिए मिली भूमि


जन एक्सप्रेस | देवरिया

लार रोड। किराए के भवन में संचालित हो रहे होम्योपैथिक अस्पताल के लिए जमीन मिल गई है। करीब 25 डिस्मिल भूमि मिल जाने से होम्योपैथिक अस्पताल का अब अपना भवन होगा। इससे क्षेत्र के लोगों को इलाज में सहूलियत मिलेगी।

क्षेत्र के कुंडौली गांव में राजकीय होम्योपैथिक अस्पताल संचालित होता है । अस्पताल के लिए भूमि न होने से विभाग को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। समस्या को देखते हुए कुंडौली गांव के ग्राम प्रधान वृषकेत सिंह उर्फ अतुल ने पंचायत के सदस्यों के साथ एक बैठक का आयोजन किया । बैठक के दौरान गांव के एक नवीन परती की भूमि को होम्योपैथिक अस्पताल को देने का प्रस्ताव दिया गया।

# मुंबई से आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट कैंसिल, यात्रियों को हुई परेशानी, खाली उड़ान भरी

जन एक्सप्रेस | गोरखपुर




गोरखपुर एयरपोर्ट पर सुबह 10:30 बजे मुंबई से आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट कैंसिल रही। वहीं, गोरखपुर से मुंबई जाने वाले स्पाइसजेट के विमान एसजी 9197 ने दो बजे की जगह पांच बजे उड़ान भरी। शाम 5:20 बजे मुंबई से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट शाम 7:41 बजे पहुंची। इससे यात्रियों को परेशानी हुई।

एयरपोर्ट पर मंगलवार को मुंबई जाने वाले जिस विमान में तकनीकी खराबी आई थी उसे बुधवार को अनुमति मिलने के बाद खाली भेज दिया गया। उधर, मुंबई से आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट कैंसिल रही। इसके अलावा गोरखपुर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट तीन घंटे और मुंबई से आने वाली फ्लाइट करीब पौने दो घंटे लेट रही। जानकारी के मुताबिक,

गोरखपुर एयरपोर्ट पर सुबह 10:30 बजे मुंबई से आने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट कैंसिल रही। वहीं, गोरखपुर से मुंबई जाने वाले स्पाइसजेट के विमान एसजी 9197 ने दो बजे की जगह पांच बजे उड़ान भरी। शाम 5:20 बजे मुंबई से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट शाम 7:41 बजे पहुंची। इससे यात्रियों को परेशानी हुई।

खराब मौसम की वजह से मंगलवार को मुंबई और दिल्ली की उड़ानें प्रभावित रहीं थीं। शाम 6:30 बजे मुंबई जाने वाली स्पाइसजेट की फ्लाइट को उड़ान भरना था। जैसे ही रनवे पर विमान ने स्पीड बढ़ाई तब उसमें तकनीकी खराबी आ गई। इस वजह से इमरजेंसी ब्रेक लगाकर उसे रोकना पड़ा था। इमरजेंसी ब्रेक लगते ही यात्रियों में हड़कंप मच गया। तुरंत उन्हें उतारा गया। इसके बाद कुछ यात्रियों ने हंगामा शुरू कर दिया। रात तक क्लीयरेंस न मिलने की वजह से फ्लाइट को कैंसिल कर दिया गया था। बुधवार की सुबह दिल्ली से आए इंजीनियरों ने विमान की तकनीकी खामियों को दूर किया। इसके बाद खाली विमान को भेजा गया।

# एमबीबीएस के नए सत्र में 60 छात्रों ने लिया दाखिला

जन एक्सप्रेस | कुशीनगर

महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में एमबीबीएस प्रथम वर्ष 2025-26 बैच में छात्रों के दाखिला शुरू हो गया है। अब तक 60 छात्रों ने प्रवेश ले लिया है। इसमें छह ऑल इंडिया और 54 छात्र स्टेट कोटा के हैं। बुधवार को 23 छात्र पहुंचे। प्रवेश समिति के सामने उपस्थित होने और कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद उनका नामांकन किया गया।

महर्षि देवरहा बाबा स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में नीट यूजी परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित होने के बाद प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गई। मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस प्रथम वर्ष में सौ सीटें हैं। इसमें आल इंडिया कोटा की 15 सीटें हैं, जबकि प्रदेश के कोटा की 85 सीटें हैं। प्रवेश के लिए प्रधानाचार्य डॉ. राजेश कुमार बरनवाल के निर्देशन में गठित पांच सदस्यीय कमेटी में अध्यक्ष प्रो. जमाल हैदर तथा सह नोडल अधिकारी डॉ. प्रांशु पांडेय व सदस्य डॉ. प्रियंका राय, डॉ. जयंत राय, डॉ. प्रेम प्रकाश भारती हैं। बुधवार को प्रवेश के लिए 23 छात्र आए। इसमें तीन ऑल इंडिया और 30 छात्र प्रदेश के कोटा के थे। वह अपने अभिभावकों के साथ पहुंचे। कार्यालय के सहयोगी अजीत पाल, मुकेश वर्मा, अनुराधा गुप्ता, धर्मेश दुबे, विद्यासागर मिश्रा ने कमेटी का सहयोग किया। उन्होंने छात्रों के फार्म भरवाएं और अन्य अभिलेखों को पूरा कराया। इसके बाद छात्रों का मेडिकल परीक्षण कराया गया। वह बारी-बारी से छात्र प्रवेश समिति के सामने उपस्थित हुए। इसके बाद उनका नामांकन किया गया।

जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शालिनी गुप्ता ने बताया कि एमबीबीएस प्रथम वर्ष 2025-26 बैच में प्रवेश कार्य चल रहा है। इसके लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। अब तक 60 छात्रों का नामांकन हुआ है। इसमें छह ऑल इंडिया और 54 स्टेट कोटा के छात्र हैं।इसके लिए पांच सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। अब तक 60 छात्रों का नामांकन हुआ है। इसमें छह ऑल इंडिया और 54 स्टेट कोटा के छात्र हैं।

## वाहन की ठोकर से बुजुर्ग घायल

जन एक्सप्रेस | देवरिया

गोरखपुर देवरिया मुख्य मार्ग पर गौरी खुर्द शिव मंदिर के समीप बुधवार की शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर 65 वर्षीय बाइक सवार एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गौरी बाजार से रेफर किए जाने के बाद घायल बुजुर्ग को मेडिकल कॉलेज देवरिया में भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गौरी बुजुर्ग निवासी रमाशंकर यादव पुत्र मानकी यादव बाइक पर सवार होकर खरोह, भटौली बुजुर्ग चौराहे से अपने घर जा रहे थे। इसी बीच शिव मंदिर के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मेडिकल कालेज में बुजुर्ग की हालत नाजुक बताई गई है।

# खतरे के निशान से सात सेमी ऊपर पहुंची सरयू

जन एक्सप्रेस | देवरिया



सरयू नदी में एक बार फिर से आधा सेमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ोत्तरी शुरू हो गई है। नदी में बुधवार सुबह से जलस्तर बढ़ना शुरू हो गया। एक हफ्ते से जलस्तर में कमी होने से तटवर्ती लोगों ने राहत की सांस ली थी, लेकिन नदी के जलस्तर में एक बार फिर बढ़ाव शुरू हो गया। नदी अब खतरे के निशान से 7 सेमी ऊपर पहुंच गई है। तटवर्ती इलाके के लोगों में दहशत है। केन्द्रीय जल आयोग तुर्तीपार के अनुसार नदी का जलस्तर हेड मीटर पर शाम 4 बजे 64-17 मीटर रिकार्ड किया गया। यहां खतरा का निशान 64-10 मीटर अंकित है। नदी खतरा बिन्दु से 7 सेमी ऊपर बह रही है। बरहज एसडीएम विपिन कुमार द्विवेदी ने बताया कि नदी के जलस्तर में वृद्धि शुरू हो गई है। बाढ़ राहत चौकियों पर तहसील कर्मचारियों को मौजूद रहने को कहा गया है। निगरानी की जा रही है। बरहज संवाद के अनुसार सरयू नदी के जलस्तर में पांच सेमी की कमी आई है। बुधवार को नदी सुबह से स्थिर है। जिससे जलस्तर में एक बार फिर उछाल आने की संभावना जताई जा रही है। जिसको लेकर लोगों की सांसें अटकी हुई हैं। बरहज में नदी खतरे के निशान से 55 सेमी ऊपर बह रही है। जिससे बाढ़ का पानी खेतों के रास्ते रिहायशी इलाकों की ओर रुख कर रहा है। तटवर्ती गांवों के लोग बाढ़ जैसी संभावना को लेकर सशंकित हैं। वहीं विशुनपुर देवार के अधिकांश मजरों, जबकि परसियां देवार के दसरसरिया, भरटोला, बरमहवां, धोबीपुरा सहित करीब आधा दर्जन मोहल्लों के करीब तक नदी का पानी पहुंच गया है।

# गुम हुई 159 मोबाइल फोन बरामद कर सर्विलांस टीम ने स्वामियों तक पहुंचाया

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर में गुरुवार को बलरामपुर पुलिस की सर्विलांस टीम द्वारा 159 गुम हुई स्मार्टफोन (अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 लाख रुपये) बरामद किया है ।बरामदशुदा स्मार्टफोन को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा उनके स्वामियों को सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को जनपद बलरामपुर के समस्त थानों से प्राप्त हो रहे मोबाइल फोन गायब व गुम हो जाने से सम्बन्धित प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के द्वारा गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु चलाये गये अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व क्षेत्राधिकारी अपराध डॉ जितेन्द्र कुमार के पर्यवेक्षण में सर्विलान्स टीम द्वारा कुल 159 अदद स्मार्ट फोन बरामद किये गये। बरामद किए गए स्मार्ट फोन की अनुमानित कीमत करीब 30 से 35 लाख रुपये है। सभी मोबाइल 21 अगस्त 2025 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बलरामपुर में मोबाइल फोन स्वामियों को सुपुर्द किये गए। मोबाइल लौटाए जाने के दौरान, उपस्थित नागरिकों ने बलरामपुर पुलिस, विशेषकर सर्विलांस टीम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्य पुलिस की सतर्कता, प्रतिबद्धता और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है। इस पहल से न केवल जनता का पुलिस पर विश्वास और मजबूत हुआ है, बल्कि यह भी सिद्ध हुआ है कि जनपद बलरामपुर पुलिस हर पीड़ित की सहायता के लिए सदैव तत्पर है। बलरामपुर पुलिस का यह प्रयास न केवल गुम हुई सम्पत्ति की बरामदगी का उदाहरण है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि आधुनिक तकनीक और टीम वर्क से किसी भी चुनौती को सफलता में बदला जा सकता है। उन्होंने कहा कि बलरामपुर पुलिस आम जनमानस को विश्वास दिलाती है कि गुमशुदा मोबाइल बरामदगी की यह पक्रिया निरंतर जारी रहेगी । पुलिस अधीक्षक ने बताया कि मोबाइल फोन बरामदगी करने वाली सर्विलान्स टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। बरामदगी करने वाली सर्विलान्स टीम में उप निरीक्षक पवन कुमार कनौजिया (प्रभारी सर्विलान्स सेल), हे0का0 देवेन्द्र सिंह, हे0का0 श्याम नरायन, हे0का0 पवन कुमार, का0 अखिलेश कुमार, का0 अंकित वर्मा, का0 शिवसागर तथा का0 श्याम जी शुक्ला शामिल थे।

## किशोरी से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने सुनाई बीस साल की सजा

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

थाना अतरौली क्षेत्र में चार वर्ष पूर्व किशोरी से हुए दुष्कर्म के मामले में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अभिषेक कुमार की अदालत ने दोषी को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 35 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है।अतरौली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने थाने में दी तहरीर में बताया था कि वह पूर्व में उत्तराखंड के नैनीताल के रामनगर में परिवार को साथ लेकर मजदूरी करता था। वहां हाथरस जंक्शन क्षेत्र के गांव मेंडू निवासी कृष्णा भी अपने पिता के साथ मजदूरी करता था। वह उनकी नाबालिग बेटी पर गंदी नीयत रखता था। तीन वर्ष बाद वह परिवार के साथ अपने गांव आ गया।16 मार्च 2021 को उसकी पत्नी खेत पर कार्य करने गई थी। बेटी घर पर अकेली थी। तभी कृष्णा आया और उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया। कुछ माह बाद पुलिस ने किशोरी को तलाश कर आरोपी कृष्णा को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

## वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य के तहत डीएम की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय बैठक आयोजित



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जिला स्तरीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जनपद की आर्थिक प्रगति को गति देने के लिए कृषि, उद्योग, निवेश संवर्धन, बुनियादी ढांचा विकास, पर्यटन, सेवा क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं एवं परियोजनाओं को समयबद्ध ढंग से क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि जनपद की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में स्थानीय उत्पादों (ह्ण्ठ्ठक्क), स्टार्टअप्स और एमएसएमई इकाइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। एमएसएमई के तहत उद्यमियों को प्रोत्साहित करते हुए अधिक से अधिक उद्यम स्थापित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कृषि जो कि प्राथमिक क्षेत्र है , बेहतर सीड एवं तकनीकी के माध्यम से फसल उत्पादकता बढ़ाए जाने , परती भूमि को कृषि योग्य बनाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना प्रस्तुत किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, डीएफओ , परियोजना निदेशक ग्राम्य विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## पीओपी की प्रतिमाओं से प्रदूषित होती है गंगा- डीएम

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि मां गंगा की निर्मलता और जीवनदायिनी धारा को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक है कि गणेश उत्सव पर पीओपी की प्रतिमाओं का न तो घरों में स्थापना की जाए और न ही उनका विसर्जन किसी नदी, तालाब अथवा जलाशय में किया जाए। उन्होंने कहा कि पीओपी की प्रतिमाओं और रासायनिक रंगों के कारण न केवल जल प्रदूषित होता है, बल्कि जलचर जीवों का जीवन भी संकट में पड़ जाता है।जिलाधिकारी संजीव रंजन अखिलेश्वर महादेव मंदिर द्वारा गंगा को प्रदूषण मुक्त करने की मुहिम के तहत तैयार जागरूकता पोस्टर का लोकार्पण कर रहे थे।उन्होंने इसे एक सराहनीय पहल बताते हुए आमजन से आह्वान किया कि धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर चलना ही वास्तविक पूजा है। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सतीश गौड़ ने बताया कि 25 अगस्त को सायं 5 बजे से मंदिर प्रांगण में इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम के संयोजक सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि अलीगढ़ में तैयार की जा रही इको-फ्रेंडली प्रतिमाओं में पंचगव्य एवं सभी ग्रहों से संबंधित अनाज सम्मिलित हैं,जिससे विसर्जन के बाद ये प्रतिमाएँ जलचरों का भोजन बन जाती हैं।इस अवसर पर एडीएम सिटी अमित कुमार भट्ट, मंदिर ट्रस्ट के मनोज अग्रवाल, ज्ञानेंद्र गुप्ता, सत्येंद्र प्रकाश गुप्ता, कामेश गौतम एवं सोमेश शिवांकर उपस्थित रहे।

## बौद्ध परिपथ को फोरलेन करने के लिए सड़क परिवहन मंत्री से मिले पूर्व सांसद

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर से बहराइच तथा सिद्धार्थनगर डुमरियागंज जोड़ने वाले बौद्ध परिपथ को फोरलेन बनाने के लिए पूर्व सांसद दद्दन मिश्रा ने डुमरियागंज से सांसद जगदंबिका पाल के साथ केंद्रीय सड़क एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की । केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को बुलाकर बौद्ध परिपथ को फोरलेन कराने का निर्देश दिया है ।

पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने 21 अगस्त को बताया कि बहराइच से डुमरियागंज सिद्धार्थनगर तक बौद्ध राष्ट्रीय राजमार्ग 730 बौद्ध परिपथ को फोरलेन बनाया जाएगा। इसके लिए केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया है। बौद्ध परिपथ को फोरलेन बनाने के लिए बुधवार को पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल के साथ केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने बौद्ध परिपथ को फोरलेन कराने को लेकर केन्द्रीय मंत्री को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय मंत्री ने दोनों मांगों पर सकारात्मक आश्वासन दिया है।

पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने बताया कि बहराइच-बलरामपुर बौद्ध परिपथ पर यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बौद्ध परिपथ पर वाहनों का दबाव बढ़ने के कारण आए दिन भीषण दुर्घटनाएं भी होती हैं। इसलिए इस बौद्ध परिपथ को फोरलेन बनाए जाने की मांग केन्द्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री से मांग की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि नगर के झारखंडी रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज न होने से हर दिन नगर में भीषण जाम लगता है, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण की मांग वर्षों से चल रही है। इन दोनों मांगों को लेकर केन्द्रीय मंत्री को डुमरियागंज सांसद के साथ मांग पत्र सौंपा गया है। पूर्व सांसद ने बताया कि दोनों मांगों को शीघ्र पूरा किये जाने का आश्वासन केन्द्रीय मंत्री द्वारा दिया गया है।

## शिक्षा से ज्ञान व विद्या से मिलती है नैतिकता की सीख

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विद्यालयों में जन जागरुकता अभियान के क्रम में नगर के भगवती आदर्श विद्यालय इण्टर कालेज में गायत्री परिवार जिला सह संयोजक सीताराम वर्मा वा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जानकारी देते हुए शिक्षा के साथ साथ विद्या ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया। जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को भगवती आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज तथा रामकृष्ण परमहंस मिशन स्कूल भगवतीगंज में गायत्री परिवार प्रतिनिधियों ने शिक्षकों और छात्र छात्राओं के साथ मिलकर विद्यालय परिसर की साफ सफाई करके स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही साथ विद्यार्थियों को 7 नवंबर को होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जानकारी देते हुए परीक्षा में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश साहू द्वारा किया गया। गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विद्यालय के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य व शिक्षकों का साहित्य वा कैलेण्डर प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# गायत्री परिवार के प्रतिनिधियों ने स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर में गुरुवार को अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल आयोजन हेतु विद्यालयों में जन जागरुकता अभियान के क्रम में नगर के भगवती आदर्श विद्यालय इण्टर कालेज में गायत्री परिवार जिला सह संयोजक सीताराम वर्मा वा भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप कुमार श्रीवास्तव द्वारा छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जानकारी देते हुए शिक्षा के साथ साथ विद्या ग्रहण करने के लिए प्रेरित किया गया।

जानकारी के अनुसार 21 अगस्त को भगवती आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज तथा रामकृष्ण परमहंस मिशन स्कूल भगवतीगंज में गायत्री परिवार प्रतिनिधियों ने शिक्षकों और छात्र छात्राओं के साथ मिलकर विद्यालय परिसर की साफ सफाई करके स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। साथ ही साथ विद्यार्थियों को 7 नवंबर को होने वाली भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा की जानकारी देते हुए परीक्षा में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राकेश साहू द्वारा किया गया। गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा विद्यालय के प्रबन्धक, प्रधानाचार्य व शिक्षकों का साहित्य वा कैलेण्डर प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला सह संयोजक सीताराम वर्मा, वरिष्ठ प्रतिनिधि दिलीप कुमार श्रीवास्तव, राकेश साहू व सुनील वर्मा का विशेष योगदान रहा।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** बुधवार को आगरा रोड स्थित मनका फार्म गेस्ट हाउस में आयोजित श्रीमद भागवत कथा सप्ताह यज्ञ में नंदोत्सव का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। तत्पचात गिर्राज लीला, अन्नकूट प्रसादी का भव्य आयोजन किया गया। कथा व्यास पूज्य धर्मगुरु हरिबाबा हाथरसी वृन्दावन वालों ने आधुनिक समय में भागवत कथा की महत्ता पर विस्तार से प्रकाश डाला।आज के आयोजन में प्रमुख रूप से बीजेपी महानगर अध्यक्ष इं राजीव शर्मा, गांधी नगर मंडल अध्यक्ष अनुराग शर्मा,भारतीय प्रज्ञान परिषद,प्रज्ञा प्रवाह, मेरठ प्रांत के प्रांतीय कार्यकारणी सदस्य डॉ एस. सी. वार्ष्णेय, नगर कार्यवाह रतन जी, नगर सहसंचालक देवेंद्र,हनुमान,वार्ष्णेय डायग्नोस्टिक एंड इमेजिंग सेंटर से डॉ अभिषेक वार्ष्णेय,निरंजन लाल पंडितजी दूध वाले,अतुल ख्यालिराम,सुरेश चंद्र वार्ष्णेय सरकोड़ा,मुकेश अग्रवाल,कृष्णा कुमार सीतू ,प्रदीप वसुंधरा, पंकज गर्ग, निश्चल जौहरी, आदित्य मिश्रा, अमित फैंसी, दिवेश शर्मा, दीपक झा, मयंक फैंसी आदि मौजूद रहे।

# निर्माणाधीन विश्वविद्यालय का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण, कार्य मे तेजी लाने सहित दिए अन्य निर्देश

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद में निर्माणधीन महत्वाकांक्षी परियोजनाएं समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण हो , इस हेतु डीएम पवन अग्रवाल द्वारा तहसील सदर के कोइलरा में निर्माणाधीन मा पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने एकेडमिक ब्लॉक एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बॉयज हॉस्टल आदि ब्लॉक का जायजा लिया एवं निर्माण सामग्री सरिया , सीमेंट आदि की गुणवत्ता परखी तथा भंडारण कक्ष का निरीक्षण कर निर्माण सामग्री स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने ड्राइंग के अनुसार ब्लॉक की कास्टिंग कार्य का भी जायजा लिया । उन्होंने निर्देश दिया कि कार्य में तेजी लाए एवं सभी ब्लॉक में अलग अलग टीम लगाकर कार्य तीव्र गति से पूर्ण किया जाए। उन्होंने साइट पर कार्य कर रहे श्रमिकों को सभी सेफ्टी उपकरण प्रदान किए जाने एवं श्रमिक द्वारा सुरक्षा उपकरण पहनकर ही कार्य किए जाना एवं साइट पर कार्य श्रमिक के बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने लैब में कास्टिंग क्यूब का क्षमता का परीक्षण कराया। उन्होंने कहा कि मां पाटेश्वरी राज्य विश्वविद्यालय सरकार की विशेष प्राथमिकता में शामिल है , समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण किया जाए। इस दौरान अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड , अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी भवन खंड, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी व अन्य संबंधित /अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## ओबेन इलेक्ट्रिक ने भारत में बड़े विस्तार के साथ 50वां शोरूम खोला

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

भारत की घरेलू और रिसर्च-बेस्ड इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। कंपनी ने आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम में अपना 50वां शोरूम और सर्विस सेंटर शुरू किया है। इस नए विस्तार के साथ कंपनी का लक्ष्य है कि मौजूदा वित्तीय वर्ष के अंत तक पूरे देश में 150 से ज्यादा शोरूम और सर्विस सेंटर खोले जाएं।

कंपनी ने हाल ही में (आंध्र प्रदेश) के विशाखापट्टनम और गुंटूर, (झारखंड) के रांची, (मध्य प्रदेश) के जबलपुर, (उत्तर प्रदेश) के अलीगढ़ और उन्नाव, और (केरल) के पालक्काड में अपना विस्तार किया है। इसके साथ ही ओबेन इलेक्ट्रिक अब 15 राज्यों और 37 शहरों में अपनी मौजूदगी मजबूत कर चुकी है। यह तेज विस्तार कस्टमर्स की बढ़ती मांग के कारण हो रहा है। इसमें सबसे ज्यादा योगदान कंपनी की सबसे लोकप्रिय बाइक रोर ईजेड और हाल ही में लॉन्च की गई रोर ईजेड सिगमा का है। यह नई पीढ़ी की कम्यूटर बाइक है, जिसे खास तौर पर आज के भारतीय राइडर्स के लिए बनाया गया है। रोर ईजेड सिगमा को रोर ईजेड की सफलता के आधार पर बनाया गया है जिसमें बेहतर परफॉर्मेंस, एडवांस टेक्नोलॉजी और डेली इस्तेमाल के लिए ज्यादा सुविधा दी गई है। यही वजह है कि यह मॉडल ओबेन इलेक्ट्रिक के पूरे देश में तेजी से बढ़ते नेटवर्क का एक बड़ा कारण बन रहा है।

## श्री सीमेंट के 3 एमटीपीए क्षमता वाले एटा प्लांट का उद्घाटन किया

जन एक्सप्रेस । आगरा

भारत के अग्रणी सीमेंट उत्पादकों में से एक श्री सीमेंट ने निगोह हसनपुर, एटा, उत्तर प्रदेश में अपनी नई युनिट का उद्घाटन किया। इस युनिट का औपचारिक उद्घाटन उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया गया, इस अवसर पर अन्य गणमान्य दिग्गज एवं प्रतिनिधी भी मौजूद रहे।

सम्मानित उपस्थिति

उद्घाटन समारोह में राजनेताओं, सरकारी अधिकारियों एवं कॉर्पोरेट जगत के दिग्गजों ने शिरकत की।

राजनीति से जुड़े दिग्गजः

* श्री नन्द गोपाल गुप्ता नंदी, मंत्री, औधोगिक विकास निर्यात प्रोत्साहन, तथा निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश
* श्री सत्य पाल सिंह राठौड़, माननीय एमएलए, अलीगंज
* श्री वीरेन्द्र सिंह लोधी, माननीय एमएलए, मरहारा
* श्री विपिन कुमार डेविड, माननीय एमएलए, एटा
* श्री आशीष यादव, माननीय एमएलसी
* श्री संदीप जैन, जिलाध्यक्ष, बीजेपी, एटा
*

कॉर्पोरेट जगत के दिग्गज~

* श्री एच.एम. बांगुर, चेयरमैन, श्री सीमेंट लिमिटेड
* श्री नीरज अखौरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट लिमिटेड
* अन्य वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, गणमान्य दिग्गज तथा कंपनी की लीडरशिप टीम के सदस्य

एटा प्लांट यूपी क्षेत्र की सबसे बड़ी सीमेंट ग्राइंडिंग युनिट्स में से एक है, जिसकी क्षमता 3 एमटीपीए है। युनिट को आधुनिक टेक्नोलॉजी एवं हरित प्रथाओं के साथ डिज़ाइन किया गया है जो ज़िम्मेदाराना एवं स्थायी विकास के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह युनिट नज़दीकी जवाहरपुर थर्मल पावर प्लांट से प्राप्त फ्लाय ऐश को प्रसंस्कृत कर दक्षता एवं स्थायित्व में नए मानक स्थापित करेगी। 40 मेगावॉट की सोलर पावर क्षमता भी स्थापित की गई है। इस ग्राइंडिंग युनिट एवं सोलर युनिट की स्थापना के लिए कुल रु 1000 करोड़ का निवेश किया गया है।

एटा प्लांट शून्य-व्यर्थ संचालन एवं एयर-कूल्ड स्क्रू कम्प्रेसर्स के साथ पानी की खपत को न्यूनतम करेगा। यह प्लांट आधुनिक जर्मन टेक्नोलॉजी एवं सशक्त प्रदूषण नियन्त्रण प्रणाली के साथ सुनिश्चित करता है कि उत्सर्जन निर्धारित मानकों से निम्न स्तर पर रहे। पूरी तरह से कवर्ड कच्चे माल के स्टोरेज और आधुनिक फिल्टर्स के साथ यह गुणवत्ता, सुरक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए श्री सीमेंट की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

यह युनिट रोज़गार के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष अवसर उत्पन्न करेगी। क्षेत्र के सामाजिक आर्थिक विकास में योगदान देगी तथा सहायक उद्योगों के विकास को भी समर्थन प्रदान करेगी। उत्तर प्रदेश के लिए अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत बनाते हुए श्री सीमेंट ने राज्य में रु 5 करोड़ के निवेश के साथ एक मेडिकल स्कूल और अस्पताल स्थापित करने की योजनाओं का भी ऐलान किया है। इस पहल से क्षेत्र में अच्छी गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी। श्री सीमेंट निगोह, हसनपुर के नज़दीकी गांव में बुनियादी सुविधाओं के विकास एवं शिक्षा की उपलब्धता पर भी ध्यान केन्द्रित करेगी, जिससे 2500 लोगों को लाभ होगा। ये सभी प्रयास ओद्योगिक विकास के साथ-साथ सामुदायिक विकास पर कंपनी के फोकस को दर्शाते हैं।

## बिना किसी-फिल्टर वाली सीरीज़ की शूटिंग के अनुभव को साझा किया

जन एक्सप्रेस । आगरा

नेटफ्लिक्स ने आज शाम शहर में द बै***ड्स ऑफ़ बॉलीवुड का प्रीव्यू पेश कर माहौल को रोशन कर दिया। यह आर्यन खान का डायरेक्टोरियल डेब्यू है, जो 18 सितंबर को लॉन्च होने जा रहा है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा निर्मित, इस सीरीज को आर्यन खान ने क्रिएट किया है और को-क्रिएटर्स बिलाल सिद्दीकी और मानव चौहान ने भी मिलकर इसे लिखा है।

नेटफ्लिक्स की द बै***ड्स ऑफ़ बॉलीवुड का प्रीव्यू एक तेज़-रफ़्तार शो की झलक दिखाता है, जो स्टाइलिश लेकिन हलचल भरी दुनिया में बना है। इसमें सेल्फ-अवेयर ह्यूमर और मज़ेदार चुटीला अंदाज़ देखने को मिलेगा। यह एक अंडरडॉग कहानी है, जो सवाल पूछती है~ अपने सपनों को पाने के लिए आप कितनी दूर जाएंगे, क्या खोने को तैयार हैं, और क्या इस सफ़र में कुछ बॉलीवुड 'बैडीज़' (खलनायकों)का सामना कर पाएंगे?

शाहरुख़ खान ने अपने अनोखे अंदाज़ और मज़ाकिया शैली में इस शो की स्टारकास्ट का परिचय कराया। इनमें बॉबी देओल, लक्ष्य, सहर बंबा, मनोज पाहवा, मोना सिंह, मनीष चौधरी, राघव जुयाल, आन्या सिंह और विजयंत कोहली शामिल हैं। इनके साथ रजत बेदी और गौतमी कपूर भी इस सीरीज़ में नज़र आएंगे। सभी कलाकारों ने अपने किरदारों के बारे में जानकारी और इस बिंदास, बिना किसी-फिल्टर वाली सीरीज़ की शूटिंग के अनुभव को साझा किया। एक यादगार पल में, जब माहौल जोश से भर गया।

# हमें अपने जड़ों से जोड़ रही है एनईपी: प्रो.संगीता पवार

## तकनीकी के साथ विषयगत अध्ययन जरूरी- प्रो.ममता जैन





■ पीयू में राष्ट्रीय शिक्षानीति 2025- चुनौतियाँ एवं अवसर- विषय पर हुआ सेमिनार

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में व्यावसायिक अर्थशास्त्र विभाग द्वारा ÷राष्ट्रीय शिक्षानीति 2025 ‒ चुनौतियाँ एवं अवसर÷ विषय पर गुरुवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रो. संगीता पवार (विभागाध्यक्ष, वाणिज्य, मुंबई विश्वविद्यालय) ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति(एन ई पी) 2025 हमें अपनी जड़ों से जोड़ने का कार्य कर रही है। अंग्रेजी शिक्षा प्रणाली ने हमें हमारी जड़ों से दूर किया था, लेकिन ह्श्वक्क2025 के माध्यम से हम पुनः अपनी परंपराओं और मूल्यों की ओर लौट रहे हैं। यह नीति रोजगारोन्मुखी होने के साथ ही ज्ञान अर्जन का भी सशक्त रोडमैप प्रदान करती है।

प्रो.ममता जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि भारत को विकसित भारत 2047 के लक्ष्य तक पहुँचना है तो विद्यार्थियों को ह्श्वक्क2025 के विजन को आत्मसात करना ही होगा। उन्होंने तकनीकी समझ के साथ विषयगत अध्ययन को आवश्यक बताया।

डॉ. जितेंद्र नारायण (उपाध्यक्ष, नेल्सन इंडिया लिमिटेड) ने विद्यार्थियों को वित्तीय साक्षरता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में वित्तीय जानकारी के बिना शिक्षा अधूरी है। विद्यार्थियों को जीवन के आरंभ से ही वित्तीय जागरूकता विकसित करनी चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने शेयर मार्केट, निवेश प्रक्रिया एवं वित्तीय संकेतकों की समझ पर विस्तार से चर्चा की।सेमिनार की अध्यक्षता कर रहे प्रो. मानस पांडेय ने मुख्य अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए उनका संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का मंच संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आशुतोष सिंह ने किया।

इस अवसर पर प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, डॉ. ऋषिकेश, डॉ. अंजनी कुमार मिश्र, डॉ. निशा पांडेय, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. राकेश उपाध्याय, दीपांजलि सहित विश्वविद्यालय के अन्य शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# आप कार्यकर्ताओं ने जलशक्ति मंत्री के गांव में किया प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

**जमालपुर।** विद्यालय मर्ज किए जाने के विरोध में बुधवार को आम आदमी पार्टी के नेताओं ने उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के गांव ओडी में प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारे लगाए। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील कुमार पांडेय ने विद्यालय को मर्ज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण बताया। कहा कि यह अध्यापक और शिक्षकों के हित में नहीं है। जिला अध्यक्ष प्रो. बी सिंह ने कहा कि जलशक्ति मंत्री के जिले में नहरों की दशा खराब है। सफाई के नाम पर विभाग में बैठे अधिकारी केवल कागजी कोरम पूरा कर रहे हैं। सफाई के अभाव में कई नहरों में टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। सफाई सिर्फ कागजों पर चल रही है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा राज में गरीबों की कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। इस दौरान प्रतोष द्विवेदी, जितेंद्र भारती, मीरा देवी, मनोज सोनकर, संतोष पांडेय, सत्यम त्रिपाठी आदि रहे।

# जनपदीय, मंडलीय संस्कृत-प्रतिभान्वेषणे समारोह में विमर्श

जन एक्सप्रेस। बस्ती



भारतीय सभ्यता व संस्कृति से जुड़ा अधिकांश ज्ञान विज्ञान,साहित्य संस्कृत भाषा में ही लिखा गया है। संस्कृत के संवर्द्धन हेतु शिक्षकों को संकल्पित होकर प्रयास करने की आवश्यकता है। यह विचार जिला विद्यालय निरीक्षक जगदीश प्रसाद शुक्ल के हैं। श्री शुक्ल श्रीकृष्ण पाण्डेय इंटर कॉलेज बस्ती के सभाकक्ष में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान के निर्देश पर आयोजित जनपदीय व मंडलीय संस्कृत-प्रतिभान्वेषणे समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

जिला विद्यालय निरीक्षक श्री शुक्ल ने कहा कि संस्कृत छात्र छात्राओं के ज्ञानवर्धन के साथ साथ आजीविका का भी अच्छा साधन है। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर हुआ। विद्यालय के प्रबंधक अजय कुमार पाण्डेय वघ् प्रधानाचार्य योगेश कुमार शुक्ल,मंडल संयोजक ब्रजेश कुमार पाण्डेय ने मुख्य अतिथि को उत्तरीय और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। आयोजक प्रधानाचार्य व मंडल संयोजक ने प्रबंधक अजय कुमार पाण्डेय व उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के प्रशिक्षक देवेश कुमार को उत्तरीय भेंट कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने संस्कृत की महत्ता पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। संस्कृत के अधिकाधिक विस्तार के लिए प्रयास का संकल्प दोहराया। साथ ही ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन में हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

जनपदीय संस्कृत गीत प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण पाण्डेय इंटर कॉलेज की जया यादव प्रथम, रानी द्वितीय स्थान पर रहीं। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में रत्नेश गुप्ता ने प्रथम, दिव्या ने द्वितीय व अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। संतकबीरनगर की जनपदीय संस्कृत गीत प्रतियोगिता में आदर्श पाण्डेय प्रथम, सौरभ द्वितीय और आशुतोष पाण्डेय तृतीय स्थान प्राप्त करने में सफल रहे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में नीतीश त्रिपाठी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मंडल स्तरीय श्लोकान्त्याक्षरी प्रतियोगिता में उर्मिला एजुकेशनल एकेडमी की कृतिका ने प्रथम, सिद्धार्थनगर के अनूप मिश्रा ने द्वितीय तथा उमा पासवान ने तृतीय स्थान हासिल किया। शिवानी,आंचल, सुन्दरी, अंजली, अभिजीत, प्रज्ञा, बालकृष्ण, सुनयना और अनुष्का को विभिन्न प्रतियोगिताओं में सांत्वना पुरस्कार दिया गया।उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ से आए प्रशिक्षक देवेश कुमार, बृजेश कुमार पाण्डेय संतकबीरनगर के श्रवणमणि त्रिपाठी, कृष्ण कुमार, इन्द्रासन मिश्र, शिशिर मिश्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई। समारोह में सौरभ मिश्र,ओमप्रकाश तिवारी, अश्वनी कुमार मिश्र, राम किंकर त्रिपाठी, ओमप्रकाश पाठक, देवेन्द्र तिवारी, सुनीता पाण्डेय, अन्नपूर्णा पाण्डेय, अजय कुमार, बलबीर, अमित कुमार, प्रियंका श्रीवास्तव, अनुराधा, रितु गुप्ता, प्रियंका त्रिपाठी, उमेशचंद्र श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# इण्डियन बैंक की रिकवरी टीम ने की कुर्की की कार्यवाही



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

इण्डियन बैंक सिविल लाइन शाखा जौनपुर की रिकवरी टीम ने बुधवार को दरवेषपुर जलालपुर निवासी संतोष कुमार मोदनवाल की प्रॉपर्टी पर कुर्की की कार्यवाही की। यह कार्यवाही गारंटर कलावती देवी पत्नी सोहन लाल गुप्ता के विरुद्ध टोकन संख्या 2025 डीआईआरटी-1035 के तहत की गई। शाखा प्रबंधक मनोज कुमार के नेतृत्व में पहुँची टीम में अनूप पाण्डेय, अंकित यादव, सुनील शाही व अतुल पाण्डेय शामिल रहे। पुलिस प्रशासन की ओर से उपनिरीक्षक विजय कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर मौजूद रहे। कुर्की कार्यवाही शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

# स्कूल बस से कुचलकर शिक्षक की मौत



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जफराबाद‒ स्थानीय थाना क्षेत्र के अहमदपुर गांव के पास गुरुवार की सुबह स्कूली बस की चपेट में आने से 59 वर्षीय शिक्षक की मौके पर मौत हो गयी।

मौके पर पहुंची112 पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

वही स्कूली बस को कब्जे में लेकर पुलिस कार्यवाही में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक संतोष बरनवाल जफराबाद में स्थित के पी पांडे इंटर कॉलेज में अध्यापक के पद पर कार्यरत थे उनकी उम्र 59 वर्ष थी जिनका टीबी हॉस्पिटल के पास मकान है। वो रोज की तरह सुबह अपनी बाइक से शिक्षण कार्य संपादित करने के लिए कॉलेज जा रहे थे कि अहमदपुर गांव के पास सोलंकी बिल्डिंग मटेरियल के सामने एक स्कूल बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वो बस के चक्के के नीचे आ गये जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

मृतक संतोष बरनवाल कमलाकांत बरनवाल के पुत्र थे और जफराबाद के रहने वाले थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस घटना को लेकर उनके साथी शिक्षकों में व मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ पड़ी

# खाटू श्याम जी की रथयात्रा में उमड़ा सैलाब

## खाटूश्यामजी की नारों से गुंजायमान हुआ नगर सुरक्षा रही चाक चौबंद





जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शाहगंज। गुरुवार को नगर के पुराना चौक मोहल्ले से श्री श्याम सेवा समिति द्वारा भव्य खाटूश्यामजी निशान यात्रा निकाला गया। यात्रा नगर भ्रमण करते हुए उद्गम स्थल तक पहुंचा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं युवतियां पुरुष व जन सामान्य शामिल हुए। यात्रा की शुरुआत नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र सिंह बंटी व अयोध्या से पधारे प्रकांड विद्वान भाऊ जी महाराज एवं चन्दन अग्रहरि आशीष ने पूजा पाठ करा प्रारम्भ किया। आगे आगे घोड़े, इंग्लिश बैंड, धर्म ध्वज एवं दंड निशान लिए भक्त पीत वस्त्र में झुमते गाते चलते रहे। पुराना चौक से निकल शाहपंजा घासमंडी रोड़ डाकघर तिराहा जेसीज चौक सीएचसी श्रीरामपुर रोड कोतवाली चौक रामलीला भवन चौक हों पुनः पुराना चौक पहुंचा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल के जवान रथ के साथ साथ चल रहे थे। बताते चलें मान्यताओं के अनुसार खाटू श्याम जी की कहानी महाभारत काल से जुड़ी है। वे भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक हैं। भगवान कृष्ण ने उन्हें कलयुग में अपने नाम से पूजे जाने का वरदान दिया था। बर्बरीक ने महाभारत युद्ध में हारने वाले पक्ष का साथ देने का वचन दिया था, इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। उनका मुख्य मंदिर राजस्थान के सीकर जिले के खाटू श्यामजी में स्थित है।

रथ यात्रा के दौरान सुशील सेठ बागी, धर्मेन्द्र अग्रहरि, निखिल गुप्ता, पवन अग्रहरि, आशीष अग्रहरि, राजीव अग्रहरि, हिमांशु जायसवाल, योगेश मोदनवाल समेत सैकड़ों की संख्या में श्याम भक्त मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक दिवस पर हुआ बुजुर्गों का हुआ सम्मान

## नई पीढ़ी को अपने पूर्वजों से काफी कुछ सीखने और सिखाने की कवायद



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

गौराबादशाहपुर नगर पंचायत के नयनसंड स्थित सुप्रभात चिल्ड्रेंस एकेडमी में गुरुवार को विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन द्वारा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को यह संदेश देना था कि दादा-दादी, नाना-नानी तथा समाज के बड़े-बुजुर्ग हमारी धरोहर हैं। उनकी इज़्ज़त और महत्व को समझना हर बच्चे का कर्तव्य है। समारोह में उपस्थित वक्ताओं ने बच्चों को यह प्रेरणा दी कि वे अपने बड़ों के अनुभवों से सीखें और उनका आदर करें।

विद्यालय परिवार ने बताया कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में संस्कार और पारिवारिक मूल्यों की समझ विकसित होती है। वरिष्ठ नागरिकों ने भी विद्यालय परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दीं। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर सुभाष पाल, प्रबंधक रोहित प्रताप पाल, वाइस प्रिंसिपल अशोकन मीनगोथ, अर्जुन राय, अबु तालिब समेत सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## बाढ़ से प्रभावित किसानों को मिले उचित मुआवजा

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। मांग किया कि बाढ़ से प्रभावित फसलों का किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। जिलाध्यक्ष डा. शिवकुमार सिंह पटेल ने कहा कि आंकड़ों के मुताबिक 363 गांव बाढ़ प्रभावित रहे। इसमें सदर तहसील से 186 गांव और चुनार तहसील से 177 गांव शामिल हैं। पूर्व विधायक भगवती चौधरी ने कहा कि यदि इस बार किसानों को ठीक से मुआवजा नहीं मिला तो कांग्रेस पार्टी किसान की आवाज बनाकर संघर्ष करने करेगी।

# हॉकी से पीटकर युवक को बांध में फेंका, मौत से नाराज ग्रामीणों का बवाल, पुलिस के सामने तोड़फोड़

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

मिर्जापुर जिले के जरगो बांध स्थित आठवां गेट के आगे पहाड़ी के पास बृहस्पतिवार की दोपहर मछली पालन के ठेकेदार के लोगों ने दो युवकों को हॉकी से मारकर घायल कर दिया। आरोप है कि मारपीट कर एक युवक को नाव से ले जाकर बांध में फेंक दिया। खोजबीन के बाद उसका शव बरामद हुआ। वहीं घायल गुड्डू किसी तरह अपनी जान बचाकर भाग गया। घटना से आक्रोशित ग्रामीण हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। मौके पर आस-पास के थानों की फोर्स पहुंच गई। इस दौरान ग्रामीणों ने गाड़ी में तोड़फोड़ की और जमकर हंगामा काटा।

### मिन्नतें करता रहा प्रदीप, नहीं पसीजा हमलावरों का मन

प्रदीप छोड़ने के लिए मिन्नतें करता रहा लेकिन ठेकेदार के लोगों ने उसकी बात नहीं मानी। घटना का नजारा आसपास बत्तख चराने वाले चरवाहों ने भी देखकर शोर मचाया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों और ग्रामीणों ने गोताखोरों की मदद से एक घंटे बाद प्रदीप का शव जलाशय के गहरे पानी में से बरामद किया।

### सैकड़ों की संख्या में नाराज ग्रामीणों ने किया हंगामा

घटना की खबर सुनते ही इमलिया खुर्द, पटिहटा, अतरौली कला, खुटहां, कुम्हिया, सियरहां तथा इमलिया चट्टी सहित अन्य कई गांवों के आक्रोशित सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच कर मछली पालन ठेकेदार व उनके लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने लगे। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष अजय सेठ इमलियां, चट्टी चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

### भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस के छूटे पसीने

आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ को नियंत्रित करने में पुलिस टीम के पसीने छूट गए। ग्रामीणों ने जमकर गाड़ी में तोड़फोड़ किया। ग्रामीणों का आक्रोश देखकर आसपास के कई थानों चुनार व दलहाट की फोर्स भी बुला ली गई। अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन ओपी सिंह व क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन मुनीन्द्र पाल सिंह भी मौके पर पहुंचे तथा ग्रामीणों को समझाने का प्रयास करने लगे।

### क्या है मामला

इमिलियां खुर्द निवासी प्रदीप पटेल (25) पुत्र राम अक्षत उर्फ नक्कड़ अपने साथी गुड्डू व विकास पटेल के साथ जरगो बांध में बृहस्पतिवार की दोपहर लगभग दो बजे स्नान करने गया था। जरगो बांध में मछली पालन का ठेका है। कटियामारी कर मछली मारने की सूचना पर पहुंचे नाव सवार ठेकेदार के लोगों ने हॉकी से तीनों पर हमला कर दिया। इस दौरान विकास मौके से भाग गया। वहीं आरोप है कि प्रदीप और गुड्डू को पकड़कर हॉकी से जमकर पीटा गया। प्रदीप को नाव पर लादकर बांध के बीच ले जाने लगे। गुड्डू भाग कर जान बचाया। ठेकेदार के लोग प्रदीप को बांध में फेंक दिए।

## दो दिनों में समस्याओं का समाधान न होने पर शिक्षक करेंगे आंदोलन

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। विसुंदरपुर स्थित आदर्श इंटर कॉलेज में बुधवार को माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में शिक्षक व कर्मचारियों का जुलाई महीने का वेतन न जारी करने पर आक्रोश जताया। अन्य समस्याओं के समाधान के लिए चेतावनी दी कि यदि दो दिन में समाधान नहीं हुआ तो जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा।

# यूरिया खाद की मांगों को लेकर गरजे समाजवादी : राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

■ भाजपा की सरकार में किसान, नौजवान सभी परेशान- महेन्द्रनाथ यादव

जन एक्सप्रेस। बस्ती



गुरूवार को समाजवादी पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं ने यूरिया संकट, वाल्टरगंज चीनी मिल शुरू किये जाने, वोट चोरी रोकने, गिरती कानून व्यवस्था को नियंत्रित करने, बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं से लूट किये जाने सहित 7 सूत्रीय मांगों को लेकर जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। समाजवादी पार्टी नेता सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव के नेतृत्व में न्याय मार्ग पर एकत्र हुये और भाजपा सरकार विरोधी नारा लगाते हुये जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौपने के बाद सपा जिलाध्यक्ष एवं सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने कहा कि बस्ती समेत समूचे प्रदेश में यूरिया खाद का संकट है। जरूरत पर किसानों को यूरिया खाद दिल पाने में सरकार और प्रशासन असमर्थ है। इसका सीधा असर खाद्यान्न उत्पादन घटने और किसानों के आर्थिक सेहत पर पड़ेगा। कहा कि भाजपा सरकार किसान विरोधी है और उसी मानसिकता के कारण यूरिया खाद का संकट उत्पन्न किया जा रहा है। यह स्थिति दुर्भाग्यपूर्ण है। कहा कि वाल्टरगंज चीनी मिल शुरू कराकर मिल श्रमिकों और गन्ना किसानों का बकाया भुगतान कराने के साथ ही बिजली विभाग में स्मार्ट मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं से लूट को बंद कराया जाय। किसानों को सिंचाई के लिये नहरों में पानी छोड़ा जाय। सपा विधायक राजेन्द्र चौधरी, कविन्द्र चौधरी 'अतुल', पूर्व विधायक राजमणि पाण्डेय, सपा नेता दयाशंकर मिश्र, जावेद पिण्डारी, मो. स्वाले, एबादुलहक, मो. सलीम, कौशलेन्द्र प्रताप सिंह, धीरसेन निषाद, समीर चौधरी, आर.डी. निषाद, निजामुद्दीन, राजेन्द्र चौधरी, अजीत सिंह, प्रवीण पाठक, गीता भारती, गुलाब सोनकर आदि ने कहा कि भाजपा की सरकार में गलत नीतियो के कारण किसान, नौजवान, व्यापारी के साथ ही हर वर्ग परेशान है। भाजपा मतदाता सूची में हेराफेरी कराकर चुनाव जीत लेना चाहिये। लोगों को आगे आकर ऐसे षड़यंत्रों का पर्दाफास करना होगा।

राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से रामशव्द यादव, मंशाराम कन्नौजिया, राकेश चौधरी, मधुबन यादव, प्रशान्त यादव, दिनेश तिवारी, तूफानी यादव, भोला पाण्डेय, राम वृक्ष यादव, अजय यादव, विपिन त्रिपाठी, अरविन्द सोनकर, जमील अहमद, सुरेन्द्र सिंह 'छोटे', हरीश, रजनीश यादव, अखिलेश यादव, मो. हारिश, मो. सज्जू, शैलेन्द्र दूबे, युनूस आलम, राहुल सोनकर, पंकज निषाद, प्रिया श्रीवास्तव, रागिनी देवी, राधा देवी, सावित्री सिंह, मुरली पाण्डेय, अमर अग्रहरि, गिरीश चन्द्र, रामचन्दर के साथ ही बड़ी संख्या में सपा नेता, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# एनपीएस अपडेट करें नहीं तो करेंगे धरना-प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

महुवरिया स्थित जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर बुधवार को माध्यमिक शिक्षक संघ ने धरना प्रदर्शन किया। एनपीएस अपडेट, निशुल्क फार्म 16, ओपीएस आच्छादित की धनराशि स्थानांतरण सहित 23 मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। कहा कि 15 दिन में समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय और केंद्रीय मांगों का ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक मायाराम को सौंपा गया। मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष केदारनाथ दूबे ने कहा कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में नियमानुसार सिटीजन चार्टर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। विशेष अभियान चलाकर जीपीएफ लेजर को चेक कराकर जीपीएफ लेखा पर्ची निर्गत कराया जाए। मंडलीय मंत्री गणेश प्रसाद सिंह ने कहा कि 28 मार्च 2005 के पूर्व विज्ञापित पदों के सापेक्ष एक अप्रैल 2005 को अथवा उसके पश्चात सेवा में कार्यभार ग्रहण करने वाले शिक्षकों एवं कर्मचारियों को 28 जून 2024 के शासनादेश द्वारा पुरानी पेंशन से आच्छादित कर कार्यालय द्वारा जीपीएफ की कटौती की जा रही है, परंतु राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के अंतर्गत की गई कटौती की धनराशि ब्याज सहित सामान्य भविष्य निधि खाते में जमा नहीं किया गया है। जिलाध्यक्ष सत्यभूषण सिंह ने कहा कि एनपीएस कटौती की धनराशि का लगभग 12 करोड़ बजट उपलब्ध है, पर संबंधित शिक्षक एवं कर्मचारियों के प्रान खाते में जमा नहीं की जा रही है। जिलामंत्री डॉ. रमा शंकर शुक्ल ने कहा कि आयकर का निशुल्क फॉर्म 16 नहीं उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे में आईटीआर फाइल नहीं हो रहा है।

# टेली मानस एप से मिलेगी मानसिक रोग से बचाव की जानकारी

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

मानसिक रोगियों के इलाज के लिए टेली मानस नाम से एप लांच किया गया है। एप से मानसिक रोग के बारे में और उसके बचाव के तरीकों के बारे में जानकारी मिलेगा। एप में बताए गए तरीकों को अपनाकर मानसिक रोग से मरीज खुद को उबार सकते हैं। एप पर दिए टोल फ्री नंबर 14416 से डॉक्टर से बातचीत करके मरीज काउसिलिंग करा सकते हैं। बीमारी से संबंधित दवा के बारे में पूछ सकते हैं। टेली मानस एप में मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर करने के लिए कई नए तरीकों को बताया गया है। इसमें बच्चे, किशोर, महिला, बुजुर्ग के लिए अलग-अलग सुझाव है। मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए क्या करना है। इस बारे में भी जानकारी ले सकते हैं। मानसिक स्वास्थ्य के लिए कैसा आहार लें। कैसे बेहतर नींद आए। इसके बारे में भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आप लक्षणों के आधार पर खुद का आकलन कर सकते हैं कि आप मानसिक रूप से स्वस्थ्य हैं या नहीं। एप में सफलता की कहानियां भी हैं। जिसे सुनकर आप अपनी मानसिक समस्याओं के बारे में समझ सकते हैं। इसमें कई कहानियां है। इसमें लोगों ने टेली मानस पर फोन करके अपनी समस्या बताएंगे और निराकरण कराएंगे। इसमें नौकरी करते समय सीनियर व उच्चाधिकारी द्वारा परेशान करना।

इससे नौकरी छोड़ने की नौबत आना, युवाओं में परीक्षा को लेकर समस्या संबंधी कई कहानियां हैं। इसमें लोगों ने टेली मानस हेल्प लाइन पर फोन करके अपनी समस्या का निराकरण काउंसिलिंग के जरिए कराया है। टोल फ्री नंबर से आप देश के जिस भी राज्य में रहते हैं। उस राज्य के अस्पताल के काउंसलर से बात कर सकते हैं। मनोचिकित्सक डा. राहुल सिंह ने बताया कि टोल फ्री नंबर 14416 पर फोन कर अपनी मानसिक समस्या के बारे में बात कर काउंसिलिंग करा सकते है। इसमें डॉक्टर काउंसलिंग करने के साथ आपको बीमारी के लिए दवा व अन्य सलाह देंगे। उत्तर प्रदेश में आगरा, बरेली, वाराणसी व गोरखपुर के मानसिक अस्पताल में टेली मानस काउंसलिंग सेंटर से बात किया जा सकता है।

# पूर्व सदर विधायक रामकुमार एडवोकेट ने बाढ़ पीड़ितों को बाँटी राहत सामग्री

## दीर्घकालिक योजना की उठाई माँग



जन एक्सप्रेस। उन्नाव

जनपद उन्नाव के कटरी क्षेत्र में गंगा नदी के उफान से कई गाँवों में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। अतरी, पचेसरखेड़ा, उद्याखेड़ा, बंधवा, शिवहरा, विक्रमखेड़ा, प्यारेपुर सहित कई गाँवों में घरों के अन्दर पानी घुस गया है जिसकी वजह से लोग अपने घर की छतों पर रहने को मजबूर हैं। इस स्थिति में समाजवादी पार्टी से पूर्व सदर विधायक रामकुमार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने बाढ़ प्रभावित गाँवों का दौरा कर ग्रामीणों को राहत सामग्री वितरित की। इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रधान अतरी कछू लोधी, लवकुश लोधी, कौशल्या कश्यप, रूचि कश्यप, उमा, शारदा, सुनील कुमार, रामकुमार, विनीत, सर्वेश, संदीप, पूर्व प्रधान बंधवा रामकुमार, शिवकुमार, छोटा, विजय शंकर पाल, रामू, छत्रपाल, प्रांशु यादव आदि लोग मौजूद रहे।

समस्त बाढ़ प्रभावित जगहों में पशुओं के चारे की प्रशासन के द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई है। महिलाए लगभग दस किलोमीटर दूर जाकर पशुओं के लिए चारा ला रहीं जिससे उनको काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हर साल हम लोगों को बाढ़ से जूझना पड़ता है। वर्तमान सरकार और प्रशासन के द्वारा उक्त क्षेत्रों में अभी तक राहत सामग्री वितरित नहीं की गई है। प्रति वर्ष गंगा नदी के जल से आने वाली बाढ़ के कुप्रभाव को रोकने के लिए दीर्घकालिक योजना की आवश्यकता है जिसकी माँग क्षेत्रीय निवासियों द्वारा पूर्व सदर विधायक रामकुमार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के माध्यम से बराबर की जा रही है।

पूर्व सदर विधायक रामकुमार एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया ने जब क्षेत्र के सम्बंधित लेखपालो से जानकारी लेनी चाही कि कितनी कृषि भूमि पर फसल बाढ़ से प्रभावित है और कितनी कृषि भूमि पर फसल अप्रभावित है तों उक्त सम्बन्ध में लेखपालो द्वारा कोई उचित जवाब नहीं दिया गया। पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट ने बताया कि अभी तक उक्त क्षेत्र में कोई प्रशासनिक मदद नहीं हुई है। प्रशासन से बांधों को मजबूत करने, कटरी के गाँवों का पुनर्वास और निचले इलाकों में जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की माँग की है।

# ग्राम रोजगार सेवकों ने डिजिटल क्रॉप सर्वे से किया इंकार

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सिद्धौर। डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य लेखपालों की जगह प्राइवेट सर्वेयर और ग्राम रोजगार सेवकों से कराने के आदेश के विरोध में ग्राम रोजगार सेवक पंचायत मित्र वेलफेयर एसोसिएशन ने बीडीओ पूजा सिंह को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन का कहना है कि अधिकांश ग्राम रोजगार सेवकों के पास सर्वे के लिए जरूरी क्षमता वाले स्मार्टफोन नहीं हैं। वे पहले से ही मनरेगा, बीएलओ, आवारा पशु सत्यापन, एनएमएमएस और जियो टैगिंग जैसे कई कार्य कर रहे हैं। ऐसे में कृषि विभाग का कार्य ग्राम्य विकास विभाग पर डालना अनुचित है। रोजगार सेवकों ने यह भी बताया कि 2019-20 में कराए गए ईओएल सर्वे, अंत्योदय सर्वे और चुनाव ड्यूटी का भुगतान आज तक नहीं मिला है। सर्वे के दौरान खेतों में फसल नुकसान और आवारा पशुओं से खतरे की आशंका भी जताई गई।

# घाघरा के तराई क्षेत्रों के किसानों को यूरिया की दिक्कत, धान की फसल हो रही बरबाद

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



घाघरा की कछार में स्थित विकासखंड पूरेडलई के किसानों की धान फसल पर संकट के बादल मड़रा रहे हैं एक ओर घाघरा का पानी डरा रहा है तो वही दूसरी ओर यूरिया की किल्लत व कालाबाजारी कोढ़ में खाज का काम कर रही है। बताते चले की तराई क्षेत्र के किसान खाद के लिए रातों दिन न सिर्फ समितियां के चक्कर लगा रहे हैं बल्कि समिति के सचिवों की चौखट पर माथा रगड़ने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर सचिव व कर्मचारियों के साथ दलालों की पौ बारह हो रही है। स्लूखदार किसान व दलाल रातों-रात खाद गोदाम से पार कर रहे हैं जबकि गरीब किसान तीन से चार सौ रूपए बोरी खाद खरीदने को मजबूर है। जानकारी के मुताबिक तराई क्षेत्र के उदईमऊ में स्थित बी. पैक्स समिति पर सचिव ता अंजू सिंह है मगर यह कभी समिति पर आती ही नहीं है उनके स्थान पर उनके पति प्रशांत कुमार सिंह जो की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बांसगांव के सचिव भी हैं जिनके द्वारा दोनों समितियों का संचालन किया जाता है। श्री सिंह अपने रिश्तेदारों व दलाल साथियों के साथ खाद का मनमाना वितरण करते है। किसानों को कहना है कि बांसगांव समिति सिकरोहरा गांव में स्थित है यहां पर श्री सिंह के प्राइवेट कर्मचारी राजवीर सिंह, रामनरेश आदि लोग खतौनी, आधार जमा करके टोकन वितरण का कार्य करते हैं यही नहीं जो लोग इन लोगों के परिचित होते हैं उनका कागज नीचे और जो अपरिचित होते हैं उनका कागज ऊपर लगाते हैं। टोकन में नीचे के कागज ऊपर करके उन लोगों को तुरंत टोकन व खाद मिल जाती है। जबकि 50 टोकन के बाद कल आने का आदेश जारी कर देते हैं। किसानों को तो यहां तक कहना है कि श्री सिंह अपने पैतृक आवास पर भी टोकन जारी करते हैं और यह कहकर उन लोगों को वितरण में पहले रखते हैं कि यह वितरण उनको है जो टोकन कल जारी किए गए थे। क्षेत्र के हजारों कृषक सचिवों की हिटलर शाही से परेशान है और सरकार को कोष रहे हैं। किसानों का कहना है कि सरकार को बदनाम करने की नीयत से लोगों को परेशान किया जा रहा है। बांसगांव निवासी राजाराम, अनुज, रामकिशोर, शिवराम, नन्हे, जग प्रसाद आदि ने मुख्यमंत्री व जिलाधिकारी को शिकायत पत्र भेजकर धान की फसल बचाने की गुहार लगाई है। सूत्रों के अनुसार दोनों समितियां पर लगभग 20 ट्रक खाद आ चुकी है परंतु किसानों के भीड़ कम होती नजर नहीं आ रहा है। किसानों का कहना है कि सचिव दो हेक्टेयर यानी 20 बीघे खेत पर चारी खाद दिए जाने का आदेश बताते हैं। लेकिन विभाग के अधिकारी दूसरा नियम व आदेश बता रहे हैं। जिसे बाक्स में पढ़ा जा सकता है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति संबंधी बैठक सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने सड़क सुरक्षा, रोड सेफ्टी पॉलिसी, ब्लैक स्पॉट्स तथा विभिन्न अपराधों के विरुद्ध किए गए चालानों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिवहन एवं ट्रैफिक विभाग सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी बिंदुओं पर जनजागरूकता अभियान हेतु रोस्टर बनाकर कल से ही रैली, गोष्ठी आदि कार्यक्रम आयोजित करें, ताकि आमजन में जागरूकता फैलाई जा सके।

सम्भागीय परिवहन अधिकारी स्वयं जाकर एक्सप्रेसवे पर अरौल के पास साइनेज बोर्ड की स्थिति परखें और संबंधित संस्था द्वारा उन्हें दुरुस्त कराएँ, ताकि दूरी, दिशा आदि स्पष्ट रूप से दिखाई दे। साथ ही भारी व हल्के वाहनों के कुल लाइसेंसों की सूची भी उपलब्ध कराई जाए।

यूपीडा एक्सप्रेसवे पर जहाँ-जहाँ जाली टूटी है, उन्हें चिन्हित कर सूची उपलब्ध कराए तथा कॉन्ट्रैक्टर से मरम्मत कार्य कराया जाए। हो रहे कार्य की फोटोग्राफ भी उपलब्ध कराए जाएँ। ओवर स्पीडिंग चालानों में कमी पाए जाने पर सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। लोक निर्माण विभाग ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर उनकी सूची अगली बैठक से पूर्व उपलब्ध कराए।

राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग को निर्देशित किया कि हरदोई से आने वाले जी.टी. रोड तक का मार्ग शीघ्र दुरुस्त कराया जाए, ताकि लोगों को सड़क संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी कार्य को दूसरों पर न टालें, बल्कि स्वयं निरीक्षण कर जिम्मेदारी के साथ समयबद्ध ढंग से पूरा करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि/रा) आशीष कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## भुवनेष्वर मंदिर में मनाया गया छठी उत्सव

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। टिकैतनगर। नगर पंचायत स्थित श्री भुवनेष्वर मंदिर पर जन्माष्टमी पर्व के उपरांत छठी का भव्य उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव सेवा समिति के तत्वावधान में बुधवार की रात भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शिवांश जागरण ग्रुप टिकैतनगर द्वारा प्रस्तुति दी गई, जिसमें भजन गायक सचिन निगम ने 卐फूलों से सजा दो गोकुल को, मेरा लल्ला आने वाला है卐 जैसे भाव-विभोर कर देने वाले गीतों से समा बांध दिया। इसी क्रम में पिंकू सोनी और विष्णु शर्मा ने भी भक्तिमय भजनों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन क्रांति कश्यप ने किया तथा अध्यक्षता उतरेश मौर्या ने की।

# प्लाट मालिक बनकर धोखाधड़ी से बेच दिया लाखो कीमती प्लाट

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



कूटरचित अभिलेखों के सहारे लाखो कीमती एक प्लाट को भू माफिया गिरोह ने रजिस्ट्री करवा लिया पीड़ित ने पुलिस कप्तान को पत्र देकर देकर न्याय मांगा है। मामला थाना मसौली थाना के कस्बा त्रिलोकपुर का है। यंहा के निवासी नसीम पुत्र स्व. खलील ने बाराबंकी पहुचकर एसपी को बताया कि उसके 3 भाइयो में 35 साल पूर्व बटवारा हुआ। हिस्से में मिली जमीन की बाउंड्री करवा कर वह कानपुर जाकर मेहनत मजदूरी करने लगा। त्रिलोकपुर आना जाना लगा रहता। 35 साल बीत जाने के बाद उक्त प्लाट पर कस्बे के ही एक दबंग व्यक्ति की बुरी नियत हो गयी उसने एक साजिष रची और अपने साले और अन्य रिष्तेदारों को गवाह बनाकर अपने बहन सकीला पत्नी नबी अहमद शहावपुर को क्रेता बनाकर थाना व कस्बा जैदपुर निवासी अल्ताफ पुत्र निसार को 1 लाख रुपया देकर प्लाट की रजिस्ट्री करवा लिया। पीड़ित ने बताया कि बीती 15 जनवरी को तहसील रामनगर में भू माफिया गिरोह पहुच कर गुपचुप तरीके से प्लाट लिखवा लिया। पीड़ित ने बताया कि पुस्तैनी जमीन के कोई कागजात नही होते 35 साल से जिस प्लाट पर हमारा कब्जा हो उसे फर्जी रजिस्ट्री करवा कर पुलिस उसे वैध कैसे मान रही है यह समझ नही आ रहा। पीड़ित का कहना है कि गांव के लोगो से बयान ले लिये जाए सच सामने जाएगा। उधर प्लाट लिखवाने वाले आरोपी का कहना है कि अब रजिस्ट्री हो गयी कोई कुछ नही कर सकता। इस बाबत चौकी इंचार्ज संजय यादव ने बताया कि जांच की जा रही है। यह पूछने पर की दौरान जांच रात में अवैध निर्माण क्यों हो रहा तो बताया कि आरोपी के पास रजिस्ट्री कागजात है। पीड़ित नसीम का कहना है कि अगर हमारे सातः नाइंसाफी हुई तो पुलिस कप्तान की चौखट पर जाकर धरने पर बैठ जायेगे। पुरानी बाउंड्री पर आनन फानन में नया निर्माण रोकने पहुचे पीड़ित के परिजनों को डंडों से दबंगो पीट डाला इस दौरान कन्नी से एक बालिका पर हमला कर घायल कर दिया। ग्रामीणों का कहना है जिस तरीके से जोर जबरदस्ती हो रही उससे मिलभगत साफ हो रहा है।

# जिला पुलिस ने प्रधानों के साथ बैठक कर ड्रोन और चोरो की अफवाह से सावधान किया

जन एक्सप्रेस। कन्नौज



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री एवं पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा कोतवाली कन्नौज में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों एवं शहर के संभ्रांत नागरिकों के साथ चोर आने/ड्रोन उडने की भ्रामक सूचनाओं के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुयी।

बैठक के दौरान उन्होनें कहा कि पिछले कुछ दिनों सें जनपद के विभिन्न थानों में लोगों द्वारा चोर आने/संदिग्ध ड्रोन उडने की भ्रामक सूचना दी गयी जबकि पुलिस द्वारा जांच में दी गयी सूचनाएं सही नहीं पायी गयी। कहा कि भ्रामक सूचना देने वालों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी। समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र के 50 से अधिक ग्रामों/मोहल्लों में जाकर लोगों को एकत्रित कर चौपाल लगाकर संदिग्ध ड्रोन उड़ना एवं संदिग्ध चोरों के पकड़े जाने की भ्रामक सूचनाओं/अफवाहो के सम्बन्ध में जागरुक किया जा रहा है।

बैठक में उपस्थित संभ्रांत नागरिकों से कोई भी अफवाह न फैलाने के लिये कहा गया तथा यह भी हिदायत की गयी कि भ्रामक अफवाह फैलाने वालों को चिन्हित किया जा रहा है यदि किसी भी व्यक्ति के द्वारा इस तरह की भ्रामक सूचना/अफवाह फैलाई गयी तो उनके विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम/गैंगस्टर एक्ट आदि के अन्तर्गत वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

बैठक में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी सदर सुश्री वैशाली, क्षेत्राधिकारी सदर सहित संबंधित अधिकारी एवं शहर के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# क्षेत्राधिकारी ने गणमान्य लोगों से की सहयोग की अपील

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



पुरवा कोतवाली में सीओ तेज बहादुर सिंह ने क्षेत्र के प्रधानो व ग्राम प्रहरियों से संवाद करके पुलिस का सहयोग करने को कहा साथ ही प्रधानों से सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे ग्राम निधि से लगवाने के लिए कहा क्षेत्र के 58 प्रधान व 25 ग्राम पहरी के साथ सीओ तेज बहादुर सिंह ने वार्ता करके क्षेत्र के बारे में जानकारियां ली तथा समस्याएं भी पूछी सीओ ने साइबर अपराध, एससी एसटी, जुआ, शराब के बारे मे कहा कि कही कोई समस्या आती है तो सीधे बताए ग्राम प्रहरी से कहा गांवों में हो रही चोरियों पर अंकुश लगाने के लिए गांवों में सीटी बजाए ताकि ग्रामीण सर्तक रहे और चोरी पर अंकुश लगे प्रधानो से कहा कि जनता से चुने हुए प्रतिनिधि है और ग्राम प्रहरी से कहा कि प्रशासन के प्रतिनिधि है गांवों सम्पर्क से अच्छी पुलिसिंग हो गांवो में अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखे साथ ही हो रही दुर्घटनाओ के बारे में यातायात नियमों का पालन करने को कहा कोतवाली प्रभारी अमरनाथ यादव चेयरमैन रेनू गुप्ता समेत प्रधान व प्रहरी थे।

# रोजगार महाकुंभ में 50 हजार युवाओं को मिलेगी नौकरियां

जन एक्सप्रेस। कन्नौज




जिला सेवायोजन अधिकारी अपूर्वा दुवे बताया है कि इंदिरा गाँधी प्रतिष्ठान, गोमती नगर, लखनऊ में दिनांक 26, 27 एवं 28 अगस्त 2025 को रोजगार महाकुंभ/केम्पस प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। इस रोजगार महाकुंभ में 50 हजार से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जायंगे। इसमें देश विदेश कि निजी कम्पनियां प्रतिभागी अभ्यर्थियों को चयनित करने हेतु आएँगी। इन विभिन्न कम्पनियों द्वारा इंटरमीडिएट, आई0टी0आई0, डिप्लोमा, स्नातक, बी0टेक एवं पैरामेडिकल कोर्सेस आदि में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का चयन उनके बायोडाटा व साक्षात्कार के आधार पर किया जायगा 7 साथ ही इसमें श्रमिक वर्ग, कुशल कामगार, अकुशल कामगार भी प्रतिभाग कर सकते हैं। इस रोजगार महाकुंभ में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, जापान और जर्मनी जैसे देशों में रोजगार के पंद्रह हजार से अधिक अवसर मिलेंगे। वहीं आई0टी0, विनिर्माण, सेवा और उभरते उद्योगों में 35 हजार से अधिक घरेलु नौकरियां दी जायेंगीं। नियोक्ता, उद्योग जगत के नेता और नौकरी चाहने आले एक मंच पर आएंगे। ए0 आई0 प्रशिक्षण मंडप और रोजगार एवं कौशल प्रदर्शनी रोजगार महाकुंभ के मुख्य आकर्षण होंगे। यहाँ डिजिटल स्किल्स और ए0आई0 आधारित नौकरी की तैयारी पर फोकस रहेगा। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा स्टाल पर स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी मिलेगी और राज्य के स्टार्टअप अपने नवाचार प्रस्तुत करेंगे।

इच्छुक जाबसीकर उत्तर प्रदेश सेवायोजन विभाग के पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं व अपना जॉबसीकर के रूप में पंजीयन कर उक्त रोजगार महाकुंभ में प्रतिभाग करने हेतु आवेदन कर सकते हैं। इस कार्य हेतु कोई मार्गव्यय देय नहीं होगा।

# सबको साथ लेकर चलने की कला जानते थे मौलाना मेराज: गोप

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

सामान्य कार्यकर्ता से शीर्ष नेतृत्व तक सबको एक साथ लेकर चलने की अद्भुत कला के माहिर ईमानदार संघर्षशील पूर्व जिला अध्यक्ष स्वर्गीय मौलाना मेराज अहमद का अध्यक्षीय कार्यकाल सफल और स्वर्णिम कार्यकाल रहा हैं। उक्त विचार गुरुवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद कुमार सिंह गोप ने 20 वर्षों तक लगातार पार्टी के जिलाध्यक्ष रहे स्वर्गीय मौलाना मेराज अहमद की पुण्यतिथि पर व्यक्त किये। उन्होने आगे कहा कि स्वर्गीय मौलाना मेराज अहमद कार्यकर्ताओं के सम्मान के लिए हर संघर्ष को लिए तैयार रहते थे पार्टी सिद्धांतों पर चलते हुए निर्धारित लक्ष्य कैसे प्राप्त किया जाये इसके लिए वह बूथ पदाधिकारियों के साथ विचार विमर्श कर रणनीति तैयार कर कार्य विभाजन कर देते थे उनके कार्य व्यवहार से ही 2012 में जनपद की सभी विधानसभा सीटों पर पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली थी, आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव मे वैसे ही सफलता पाने के लिए हर बूथ पर वैसा ही प्रबंधन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए हम सबको मौलाना साहब के सिद्धांतों को अपनाकर विधानसभा चुनाव की तैयारी करनी होगी तभी हम मौलाना साहब द्वारा खींची गई लकीर से बड़ी लकीर खींच पाएंगे। श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रुप से सपा विधायक सुरेष यादव, पूर्व मंत्री राकेष वर्मा, जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज, पूर्व एमएलसी राजेष यादव, पूर्व विधायक राम गोपाल रावत, पूर्व विधायक राममगन रावत पूर्व एमएलसी अरविंद यादव पूर्व प्रमुख सुरेंद्र सिंह वर्मा, फतेहपुर चेयरमैन इरशाद अहमद कमर, वीरेन्द्र प्रधान सहित सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने पूर्व जिलाध्यक्ष को अपने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

# एक्सप्रेस खबरें...

## दुर्घटनाओं को रोकने को लेकर सड़क पर उतरे एसडीएम, एआरटीओ

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। सिरौलीगौसपुर। रोड सेफ्टी नियमो का पालन एंव सड़क दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर के नेतृत्व मे परिवहन विभाग ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान मे उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर प्रीति सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन प्रवर्तन अंकिता शुक्ला, क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत, यात्री मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की संयुक्त टीम ने नियमो का उल्लंघन करते मिलने पर 3 अपंजीकृत ट्रैक्टर-ट्राली को सीज एंव दर्जनो के चालान किये। इस दौरान चेकिंग से बचने के लिए कई वाहनों के चालक अन्य मार्ग का सहारा लेकर गंतव्य स्थान तक जाते दिखाई पड़े। तो वही अभियान के दौरान एसडीएम ने सुरक्षित यात्रा को लेकर बाइक चालकों को हेलमेट व कार चालकों को सीट बेल्ट लगाकर चलने के लिए प्रेरित भी किया।

## दो पक्षों में मारपीट, पुलिस ने दर्ज की शिकायत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। असंद्रा। स्थानीय क्षेत्र के ग्राम पकरिहा में बुधवार को दो पक्षों के बीच मामूली कहासुनी मारपीट में बदल गई। जानकारी के अनुसार पकरिहा मजरे जरगांवा निवासी शमा बानो पुत्री मोहम्मद अंसार का विवाद शहनाज पत्नी मोहम्मद अनीस, रोशनजहां पत्नी जान मोहम्मद और चांदनी पुत्री मोहम्मद अनीस से हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान बीटू नामक व्यक्ति ने दोनों पक्षों को उकसाया, जिससे मामला और भड़क गया। इसी दौरान विपक्षी पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे तो आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि जाते-जाते विपक्षी पक्ष ने जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, जिस पर तहरीर के आधार पर शिकायत दर्ज कर ली गई है।

## घायल को एम्बुलेंस चालक ने कराया भर्ती

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। गुरुवार सुबह एम्बुलेंस 108 के चालक अतुल कुमार को एक युवक द्वारा सूचना मिलने पर घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल व्यक्ति जनपद कुषीनगर के थाना सेवरही के ग्राम अजय नगर के निवासी प्रदीप राय पुत्र गिरीष राय था। चालक ने घायल व्यक्ति से सारी जानकारी करने के बाद अपने मोबाइल फोन द्वारा घायल के बड़े भाई रमेष राय को सूचना दी। सूचना मिलने के बाद घायल के घर के सदस्य देर शाम जिला अस्पताल पहुंचे अस्पताल पहुंचने पर एम्बुलेंस चालक ने उनको जानकारी दी कि घायल व्यक्ति के कंधे व अन्य कई स्थानो पर चोट लगी है। एम्बुलेंस चालक द्वारा घायल को जिला अस्पताल पहुंचाने के कारण ही प्रदीप राय की हालत अब खतरे से बाहर बतायी जा रही है।

## शासकीय अधिवक्ता करें मुकदमों में प्रभावी पैरवी: डीएम

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक अभियोजन नागेश कुमार दीक्षित, प्रभारी शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार एवं अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी की प्राथमिकता होनी चाहिए कि आपराधिक, भूमि, राजस्व और जनहित से संबंधित मामलों में न्यायालय द्वारा शासन के पक्ष में निर्णय प्राप्त हो। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी शासकीय अधिवक्ता प्रभावी पैरवी करें और विभागीय अधिकारी समयबद्ध ढंग से आवश्यक दस्तावेज व गवाह न्यायालय में प्रस्तुत करें। उन्होंने यह भी कहा कि मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। संयुक्त निदेशक अभियोजन द्वारा जानकारी दी गई कि अभियोजन विभाग द्वारा की गई प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरूप कई महत्वपूर्ण मामलों में न्यायालय द्वारा कठोर निर्णय दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को अपने-अपने वादों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए और कहा कि शासकीय अधिवक्ताओं से समन्वय बनाए रखते हुए साक्ष्य व गवाह समय पर प्रस्तुत किए जाएं।

# मेडिकल स्टोरों में अवैध दवाइयों के खिलाफ औषधि निरीक्षक चलाये अभियान: शशांक त्रिपाठी

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी एवं पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय की अध्यक्षता में जनपद में नशीले पदार्थों की रोकथाम एवं नियंत्रण को लेकर एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, कस्टम विभाग, आबकारी विभाग, एन्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद से जुड़े जो भी व्यक्ति अवैध रूप से ड्रग रैकेट में शामिल पाए जाएं, उनके विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की जाए और उनके द्वारा अर्जित सम्पत्तियों को कुर्क कराया जाए। उन्होंने औषधि निरीक्षक को निर्देशित किया कि मेडिकल स्टोरों में प्रतिबंधित और अवैध दवाइयों की बिक्री की सतत जांच की जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने आबकारी विभाग को भी निर्देश दिए कि अवैध शराब की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जाए और लगातार निरीक्षण कर ऐसे मामलों में प्रभावी रोक लगाई जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनपद को नशामुक्त बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ ठोस और प्रभावी कदम उठाएं। साथ ही जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिए गए कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में जनजागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों और युवाओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जाए। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कहा कि नशीले पदार्थों की तस्करी पर नियंत्रण के लिए अंतरविभागीय समन्वय और त्वरित कार्रवाई अत्यंत आवश्यक है।

# गांव के बाहर खेत में पड़ा मिला युवक का शव

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



नवाबगंज। सोहरामऊ थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह गांव के बाहर हांथ व पैर बंधा निर्वस्त्र अवस्था में गांव के ही युवक का शव खेत मे पड़ा मिला। ग्रामीण युवक की हत्या कर शव खेत में फेंके जाने की बात कह रहे हैं। पुलिस जांच में जुटी है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के चिलौली गांव निवासी ब्रजेश तिवारी (45) पुत्र स्व उमाशंकर का शव गुरुवार को पूर्व प्रधान देशपाल के खेत में घास काटने जा रही महिलाओं ने देखा। शव पड़े होने की सूचना पर ग्रामीणों की मौके पर भीड़ लग गई। शव निर्वस्त्र अवस्था व हांथ पैर कपडे की रस्सी से बंधा मिलने से ग्रामीण युवक की हत्या किए जाने की बात कह रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। मृतक अविवाहित था और तीन भाइयों राजेश व रमेश से छोटा था। और वह भाइयों के साथ ही रहता था। इस संबंध में एसओ संदीप शुक्ला ने बताया कि मृतक मानसिक बीमार था बड़े भाई रमेश की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# पीएम मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति से की बातचीत

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से फोन पर बातचीत की है। दोनों देशों के राष्ट्रध्यक्षों के बीच ये बातचीत कुछ देर पहले ही हुई है। वहीं इस बातचीत की जानकारी साझा करते हुए पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट साझा किया है। जिसमें उन्होंने लिखा- अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

## मैक्रों ने भी एक्स पर साझा किया एक पोस्ट

वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में लिखा- मैंने अभी-अभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से चर्चा की। हमने यूक्रेन में युद्ध पर अपनी स्थिति का समन्वय किया ताकि यूक्रेन और यूरोप की सुरक्षा के लिए मजबूत गारंटी के साथ न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की ओर बढ़ सकें। व्यापार संबंधी मुद्दों के संबंध में, हम सभी क्षेत्रों में अपने आर्थिक आदान-प्रदान और अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर सहमत हुए, जो हमारी संप्रभुता और स्वतंत्रता की कुंजी है।

## एआई समिट की सफलता के लिए कर रहे काम- मैक्रों

राष्ट्रपति मैक्रों ने पोस्ट में आगे लिखा- पिछले फरवरी में पेरिस में आयोजित कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर कार्रवाई शिखर सम्मेलन के बाद, हम 2026 में नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर शिखर सम्मेलन की सफलता के लिए काम कर रहे हैं। अधिक प्रभावी बहुपक्षवाद के लिए, हमने 2026 में जी-7 की फ्रांसीसी अध्यक्षता और ब्रिक्स की भारतीय अध्यक्षता को ध्यान में रखते हुए निकट समन्वय पर सहमति व्यक्त की।

### ट्रंप और जेलेंस्की के साथ मैक्रों की बैठक

बता दें कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों उन यूरोपीय नेताओं में शामिल हैं जो इस सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की बातचीत के दौरान उनके साथ मौजूद थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की जेलेंस्की के साथ यह मुलाकात यूक्रेन संघर्ष पर अलास्का में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता के कुछ दिनों बाद हुई।

# ओवैसी ने की मोदी सरकार की चीन नीति की आलोचना सीमा की स्थिति और व्यापार घाटे पर उठाए सवाल

- भारत-चीन सीमा पर हालात 2020 में गलवां घाटी में हुई झड़प से पहले जैसी स्थिति में लौट आए हैं?

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



चीन के विदेश मंत्री वांग यी के भारत दौरे के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को केंद्र सरकार की चीन नीति को लेकर सवाल उठाए। उन्होंने पूछा कि क्या भारत-चीन सीमा पर हालात 2020 में गलवां घाटी में हुई झड़प से पहले जैसी स्थिति में लौट आए हैं?

## नदियों से जुड़ा रियल-टाइम डाटा नहीं देता चीन

ओवैसी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की चीन नीति कई बार बदली है और इससे पिछले 11 वर्षों में भारत की स्थिति कमजोर हो गई है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अगर अप्रैल 2020 से पहले जैसी स्थिति बहाल नहीं हुई है, तो फिर चीन से इतनी गहरी दोस्ती कैसे निभाई जा रही है? उन्होंने सवाल किया कि चीन ने अब तक भारत के साथ उन नदियों से जुड़ा रियल-टाइम डाटा साझा करने से क्यों इनकार किया है, जिन पर वह पनबिजली परियोजनाएं चला रहा है। चीन केवल आपात स्थिति या मानवीय आधार पर ही ये जानकारी देता है।

### व्यापार घाटा कम करने के चीन क्या वादा किया?

हैदराबाद सांसद ने यह भी पूछा कि क्या चीन ने पाकिस्तान को सैन्य सहायता न देने का कोई वादा किया है? और क्या भारत सरकार ने चीन को यह स्पष्ट रूप से कहा है कि जब तक वह पाकिस्तान के जरिए भारत को नुकसान पहुंचाना बंद नहीं करता, तब तक दोनों देश अच्छे दोस्त नहीं बन सकते? उन्होंने यह भी पूछा कि चीन अब तक भारत को डीएपी खाद, दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ मेटल्स) और बोरिंग मशीनों की आपूर्ति पर आधिकारिक सहमति क्यों नहीं दे रहा? इसके अलावा, भारत के खिलाफ जो बड़ा व्यापार घाटा है, उसे कम करने के लिए चीन ने क्या वादे किए हैं?

### सरकार के पास सवालों के जवाब नहीं

उन्होंने तंज कसते हुए पूछा कि क्या हम अब और ज्यादा द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाकर इस व्यापार घाटे को और बड़ा करने वाले हैं? ओवैसी ने दावा किया कि भारत ने क्षेत्रीय सीमा से लेकर व्यापार तक, हर स्तर पर नुकसान उठाया है और सरकार के पास इन सवालों का कोई स्पष्ट जवाब नहीं है। इससे उसकी विफलता सामने आती है। इससे पहले इस हफ्ते भारत और चीन ने 19 अगस्त को अपने संबंधों में सुधार के संकेत देते हुए कुछ अहम कदमों की घोषणा की थी। इसमें सीमा पर शांति बनाए रखने, जमीनी सीमा से फिर से व्यापार शुरू करने, निवेश बढ़ाने और सीधी उड़ान सेवा बहाल करने जैसे फैसले शामिल थे।

# असम सरकार का बड़ा फैसला, 18 साल से ऊपर वालों को नहीं मिलेगा नया आधार कार्ड

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



असम सरकार ने मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक में कई अहम फैसले लिये हैं। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बताया कि अब राज्य में 18 साल से ऊपर के लोगों को पहली बार आधार कार्ड नहीं बनाया जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है ताकि अवैध प्रवासी लोग भारतीय नागरिकता न ले सकें। सीएम सरमा ने बताया कि 18 साल से ज्यादा उम्र वालों को केवल एक महीने का समय दिया जाएगा। अगर किसी के पास अब तक आधार कार्ड नहीं है, तो वह इस अवधि में आवेदन कर सकेगा। इसके बाद नए आधार कार्ड नहीं बनाए जाएंगे।

## आईआईएम के पीएम मोदी का जताया आभार

वहीं कैबिनेट बैठक के बाद सीएम हिमंत ने असम को आईआईएम देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद किया गया है। इसके अलावा, उरियामघाट में हुई बेदखली कार्रवाई के बाद सरकार ने फैसला किया है कि उस इलाके की 12000 बीघा जमीन पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके साथ असम सरकार ने यह भी तय किया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) के तहत 3 लाख 14 हजार 773 नए लाभार्थियों को मकान उपलब्ध कराए जाएंगे।

### राज्य में इन-इन समुदायों को मिलेगी छूट

हालांकि, मुख्यमंत्री ने ये भी साफ किया कि चाय बागान समुदाय, अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोग इस नियम से अलग रहेंगे। इन समुदायों के 18 साल से ऊपर के लोग अगले एक साल तक आधार कार्ड बनवा सकेंगे। सीएम सरमा ने कहा कि यह फैसला नागरिकों की पहचान की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने और बांग्लादेश से अवैध घुसपैठ को लेकर उठी चिंताओं को दूर करने के लिए लिया गया है।

# वाल्मीकि समाज द्वारा तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस। ग़ाज़ियाबाद



स्वतंत्रता दिवस सप्ताह पर पुराने गाज़ियाबाद स्थित महर्षि वाल्मीकि पार्क से वाल्मीकि समाज एवं भाजपा अनुसूचित मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में इस यात्रा का शुभारंभ महापौर सुनीता दयाल, विधायक संजीव शर्मा एवं मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य केवल ध्वज सम्मान नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति और सामाजिक एकता का संदेश देना है। आज गाज़ियाबाद की धरती से हम सबने यह संकल्प लिया है कि राष्ट्रहित सर्वोपरि है। महापौर सुनीता दयाल ने कहा कि तिरंगा केवल झंडा नहीं, बल्कि हमारे बलिदानों और स्वतंत्रता संग्राम की अमर गाथा का प्रतीक है। आज का यह आयोजन समाज को देशभक्ति से सराबोर करने वाला है। इस अवसर पर भाजपा महानगर अध्यक्ष श्री मयंक गोयल, गाज़ियाबाद शहर विधायक संजीव शर्मा, महापौर सुनीता दयाल एवं मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप चौहान एवं उनकी पूरी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी वक्ताओं ने कहा कि तिरंगा हमारी आन-बान-शान का प्रतीक है और इसका सम्मान हम सभी का परम कर्तव्य है।

# सनराइज ग्रीन में धूमधाम से मनाया जाएगा गणेश उत्सव

जन एक्सप्रेस। ग़ाज़ियाबाद

सनराइज ग्रीन सोसाइटी में इस वर्ष पाँचवाँ गणेश चतुर्थी उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 27 अगस्त को भगवान श्री गणेश जी की प्रतिमा स्थापना से होगा। उत्सव के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गणेश प्रतिमा निर्माण प्रतियोगिता बच्चों के लिए, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, संगीत संध्या भजन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, आठ पहर का भोग जिसमें भगवान गणेश को विविध प्रसाद अर्पण होगा। पूरी सोसाइटी में उल्लासपूर्ण वातावरण है और सभी निवासी भगवान गणेश के स्वागत की तैयारियों में जुटे हैं। श्री गणेश प्रतिमा का विधिवत पूजन-अर्चन कर स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम का समापन समिति के निर्णयानुसार 28 अगस्त को प्रतिमा विसर्जन के साथ किया जाएगा।

# शिखर एनक्लेव सोसायटी के सैकड़ों परिवार निगम की दुर्व्यवस्था का हो रहे शिकार



- सफाई के अभाव में नागरिक के स्वास्थ्य पर छाया संकट

जन एक्सप्रेस। ग़ाज़ियाबाद

गाजियाबाद के आवास विकास परिषद क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर 15 वार्ड 74 की शिखर एनक्लेव सोसाइटी में पिछले आठ दिनों से नगर निगम की गाड़ी कूड़ा नहीं उठा रही है । जिस कारण यहाँ रह रहे 200 से अधिक परिवार कूड़े के ढेर पर साँस लेने को मजबूर है। कूड़े के इस अंबार की जानकारी निगम के इस एरिया के सुपरवाइज़र को हैं ,उसके बाद भी सफाई व्यवस्था पर उदासीनता व्याप्त है। जिसके कारण नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी संकट छाने लगा है। बरसात और पानी जमा होने की घटनाओं में वृद्धि के बाद अब कूड़ा नहीं उठने और दुर्गंध से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ने लगा है। सोसायटी निवासी और आरटीआई एक्टिविस्ट संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि शिखर एनक्लेव सोसायटी को प्रशासनिक उदासीनता के कारण अनाथ कर दिया गया है। सोसायटी को राजनीति का अखाड़ा बनाने कुचक्र रचा जा रहा है। जबकि नागरिक सफ़ाई और व्यवस्थाओं के लिए संघर्ष करने को मजबूर हैं। नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों कमर्चारियों की लापरवाही नागरिकों के हितों ही नहीं स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ पर आमादा है।

# मंद बुद्धि युवती के सामूहिक दुष्कर्म युवती का शव फंदे से लटका मिला

जन एक्सप्रेस। ग़ाज़ियाबाद



गाजियाबाद के लोनी में क्षेत्र से एक हृदय विदारक घटना सामने आई है। मानसिक रूस कमजोर और आंशिक रूप से मूक बधिर 23 वर्षीय युवती के साथ गैंगरेप की घटना की सूचना ने हड़कंप मचा दिया है । अपने साथ हुई हैवानियत के बाद गुरुवार को युवती का शव कमरे फंदे से लटका मिला है। प्राप्त सूचना के अनुसार पीड़िता अपने घर से बाहर निकली थी और रास्ता भटक गई थी। घर का रास्ता न मिलने पर उसने राहगीरों से मदद माँगी। इस दौरान उसने बाइक सवार से लोनी जाने का रास्ता पूछा। लेकिन मदद के बहाने आरोपी उसे अपनी बाइक पर बैठाकर गांव के जंगल की ओर ले गए। पीड़िता के पिता ने पुलिस को लिखित शिकायत देते हुए बताया कि उसकी बेटी के साथ जंगल में ले जाकर तीन लोगों ने मिलकर बारी-बारी से रेप किया। घटना के बाद युवती किसी तरह घर पहुंची और आपबीती सुनाई। इसके बाद परिवार तुरंत थाना लोनी पहुंचा और पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दिया । उस दिन खाना खाकर सभी सोने चले गए । लेकिन गुरुवार की सुबह युवती का शव कमरे।लटका मिला। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा हैं। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि पीड़िता के पिता की तहरीर के अनुसार मुकदमा दर्ज कर लिया है। सर्विलांस और मुखबिर के जरिए आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्दी ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इस घटना ने फिर से सुरक्षा व्यवस्था और महिलाओं की सुरक्षा को लेकर कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# मायावती पर टिप्पणी को लेकर यूट्यूबर पानी पर एफआईआर, फिर मांगी माफी

जन एक्सप्रेस। ग़ाज़ियाबाद

गाजियाबाद नोएडा के चर्चित यूट्यूबर और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर पुनीत सुपरस्टार एक बार फिर विवादों के घेरे में हैं। इस बार उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती को लेकर एक वीडियो बनाया, जिसमें उन्हें मम्मी कहकर संबोधित किया। इस वीडियो में पुनीत कहते नजर आए, मायावती मम्मी, मुझे आप बहुत याद आती हो। यह टिप्पणी बसपा कार्यकर्ताओं को नागवार गुजरी और उन्होंने इसे मायावती व पार्टी की छवि को ठेस पहुंचाने वाला माना। नतीजतन, गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाने में पुनीत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। पुनीत सुपरस्टार, जिन्हें लॉर्ड पुनीत या मीम बॉय के नाम से भी जाना जाता है, अपने अजीबोगरीब और विवादास्पद वीडियो के लिए मशहूर हैं। उनके वीडियो में अक्सर गंदे पानी में नहाने या अजीब चीजें खाने जैसे कंटेंट शामिल होते हैं। हालांकि, इस बार उनकी यह हरकत कानूनी पचड़े में बदल गई। बसपा के गाजियाबाद जिला अध्यक्ष नरेंद्र मोहित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें वीडियो को अपमानजनक बताया गया। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### विवाद के बाद माफ़ी

विवाद बढ़ने के बाद पुनीत बैकफुट पर आ गए। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक माफी वीडियो जारी किया, जिसमें कहा, मेरा मकसद किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना नहीं था। अगर मेरे वीडियो से किसी को दुख हुआ, तो मैं हाथ जोड़कर माफी मांगता हूं। उन्होंने यह भी वादा किया कि भविष्य में ऐसी गलती नहीं होगी। सोशल मीडिया पर इस मामले को लेकर मिलीजुली प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं। कुछ लोग इसे महज मजाक मान रहे हैं, जबकि अन्य का कहना है कि कॉमेडी के नाम पर अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए। पुनीत का विवादों से पुराना नाता रहा है। वह बिग बॉस ओटीटी 2 से भी विवादित व्यवहार के कारण बाहर किए गए थे।

# चौकी इंचार्ज 50 हज़ार की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। ग़ाज़ियाबाद



थाना भोजपुर क्षेत्र की कलछीना चौकी के प्रभारी राजीव कुमार को एंटी करप्शन टीम ने 50 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। भ्रष्टाचार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों के बीच ग़ाज़ियाबाद थाना भोजपुर क्षेत्र की कलछीना चौकी के प्रभारी राजीव कुमार को एंटी करप्शन टीम ने 50 हज़ार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने एक व्यक्ति से उसके खिलाफ दर्ज मुकदमे में 'फर लगाने' और कार्रवाई न करने के नाम पर रिश्वत मांगी थी

सूत्रों के मुताबिक, पीड़ित पक्ष ने चौकी प्रभारी द्वारा रिश्वत मांगने की शिकायत सीधे एंटी करप्शन विभाग में दर्ज कराई थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए टीम ने पूरी योजना बनाई और जाल बिछाया। जैसे ही राजीव कुमार ने रिश्वत की रकम स्वीकार की, मौके पर ही एंटी करप्शन की टीम ने उन्हें पकड़ लिया। यह कार्रवाई होते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया।बताया जा रहा है कि आरोपी चौकी प्रभारी ने फर लगाने और मामले को कमजोर करने के लिए 50 हज़ार रुपये की मांग की थी। पीड़ित व्यक्ति ने मजबूरी में इसकी जानकारी अधिकारियों को दी। टीम ने पहले से ही नोटों की गड्डी को ट्रैप मनी के रूप में तैयार किया था। जैसे ही आरोपी ने पैसे लिए, वैसे ही पूरी टीम सक्रिय हो गई और उन्हें धर दबोचा।

गिरफ्तारी के बाद आरोपी चौकी प्रभारी को पूछताछ के लिए ले जाया गया है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई भी तत्काल प्रभाव से की जा सकती है। साथ ही, यह भी जांच की जाएगी कि क्या उन्होंने इससे पहले भी अन्य लोगों से इसी तरह वसूली की है।इस घटना के सामने आने के बाद आम लोगों में गुस्सा और निराशा दोनों दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि जिन पर कानून और व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी होती है, जब वही अधिकारी भ्रष्टाचार में लिप्त पाए जाते हैं तो आम जनता का विश्वास टूटता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि चौकी स्तर पर भ्रष्टाचार आम हो चुका है और जब तक ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई नहीं होगी, तब तक व्यवस्था में सुधार संभव नहीं है।अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनका कहना है कि पुलिस महकमे की साख बचाने के लिए ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए कहा है कि आरोपी चौकी प्रभारी को हर हाल में सजा दी जाएगी। साथ ही, अन्य थाना और चौकी प्रभारियों को भी सख्त चेतावनी दी गई है कि यदि कोई भी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी,
(प्रबन्ध निदेशक- इन्द्र बहादुर सिंह, प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)